

पिछले कुछ वर्षों में... 7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 29 अंक 148 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर रविवार 24 नवम्बर 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



जायसवाल-राहुल चमके... 10

# महाराष्ट्र : महायुति की महाविजय

## झारखंड में पहली बार रिपीट हुई सरकार





महायुति 230

महा अघाड़ी 46

नई दिल्ली।

महाराष्ट्र चुनाव में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत असाधारण है। यहां बीजेपी कुल 149 सीटों पर चुनाव लड़ी और 107 सीटें जीत चुकी है, 123 सीटों पर आगे चल रही है। इसी के साथ महाराष्ट्र में बीजेपी का अश्वमेध यज्ञ पूरा हुआ। 1990 में बाल ठाकरे की शिवसेना के साथ छोटे भाई की हैसियत से 42 सीटें जीतने वाली बीजेपी अकेले बहुमत के करीब है। वहीं, महा विकास अघाड़ी ने 22 सीटें जीत ली है तथा 24 पर आगे है। महाराष्ट्र के लोकसभा चुनावों को विधानसभावार कंवर्ट करें, तो कांग्रेस ने 63 सीटें जीती थीं, जो अब महज 15 सीटों पर सिमटती दिख रही है। वहीं, इस हिसाब से बीजेपी 79 से बढ़कर 133 सीटों पर पहुंच रही है।

### महाराष्ट्र में सुशासन की जीत: मोदी

महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार शाम भाजपा मुख्यालय में कहा कि आज महाविजय का उत्सव है। महाराष्ट्र में सुशासन की जीत हुई है और विभाजनकारी नीतियों की हार हुई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा, आज महाराष्ट्र में विकासवाद और सुशासन की जीत हुई है, महाराष्ट्र में सच्चे सामाजिक न्याय की विजय हुई है। वहीं, आज महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। विभाजनकारी ताकतें हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की पराजय हुई है, आज परिवारवाद की हार हुई है। मोदी ने कहा, महाराष्ट्र देश का छठा राज्य है, जिसने भाजपा को लगातार तीन बार जनादेश दे दिया है। इससे पहले गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और मध्य प्रदेश में हम लगातार तीन बार जीत चुके हैं। बिहार में एनडीए को तीन बार से ज्यादा जनादेश मिला है।



### मध्यप्रदेश में मंत्री रामनिवास रावत की हार

*मध्यप्रदेश में श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट की गिनती पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुई। इसमें प्रदेश सरकार में वन मंत्री और भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा ने 7 से ज्यादा वोट से जीत दर्ज की है। वहीं, सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने 13 हजार 109 वोटों से जीत हासिल कर ली है। कांटे भरे मुकाबले में भाजपा के रमाकांत भार्गव को 1 लाख 7 हजार 478 वोट जबकि कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 93577 वोट मिले।*

### उत्तर प्रदेश

यूपी उपचुनाव की 9 सीटों के नतीजे आ गए हैं। 7 सीटें भाजपा गठबंधन ने जीती हैं। दो सीटें सीसामऊ और करहल पर सपा ने जीत हासिल की। उपचुनाव में भाजपा ने सपा से 2 सीटें छीन लीं। 12 साल पहले पूर्ण बहुमत से सत्ता में रही बहुजन समाज पार्टी सिर्फ 2 सीटों (कटेहरी और मझवां) पर ही अपनी जमानत बचा सकी। दो सीटें तो ऐसी रहीं, जहां चंद्रशेखर और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी से भी पीछे रही। चौंकाने वाला उलट-फेर मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर हुआ। 60 प्रतिशत मुस्लिम वोटर्स वाली इस सीट पर सपा की जमानत जब्त हो गई।

### राजस्थान

राजस्थान में 7 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी भाजपा को एकतरफा जीत हासिल हुई है। बीजेपी ने 5 सीटों (झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़) पर जीत दर्ज की। जबकि कांग्रेस अपने कब्जे वाली 4 में से एक सीट(दौसा) पर ही सिमट गई है। भारतीय आदिवासी पार्टी ने चौरासी सीट पर कब्जा बरकरार रखा है।

### पंजाब

पंजाब की 4 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में 3 सीटें आम आदमी पार्टी ने जीत लीं। इनमें होशियारपुर जिले के चब्बेवाल से डॉ. इशांक कुमार, गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा और मुक्तसर के गिद्दड़बाहा सीट से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों जीते। वहीं एक सीट बरनाला में कांग्रेस के कुलदीप सिंह काला ढिल्लों जीते।

## झारखंड: फिर एक बार सोरेन सरकार



दूसरी ओर झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत हुई है। राज्य में पहली बार वहां की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल) गठबंधन को लगातार दूसरी बार सत्ता सौंपी है। झारखंड विधानसभा 81 सीटों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। भाजपा गठबंधन ने 24 सीटों पर जीत दर्ज की है यानी बहुमत के आंकड़े से 13 सीट कम। हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनाव में इंडिया ब्लॉक का परफॉर्मेंस अच्छा रहा है। सोरेन ने जनता का धन्यवाद जताया और कहा कि जमीन पर मौजूद उन नेताओं का भी शुक्रिया, जो जनता की ताकत को पार्टी तक लेकर आए। झारखंड विधानसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर हेमंत सोरेन की ताकत क्या है जिसके बल पर उन्होंने लगातार दूसरी बार राज्य की सत्ता हासिल की है। झारखंड का रिजल्ट आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद ही खुलासा कर दिया है कि उनकी असली ताकत क्या है। इस शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपने दोनों बेटों के साथ मस्ती करते हुए तस्वीर शेयर की और उन्हें अपनी शक्ति बताया।

### एक और भगवान के द्वार बीजेपी की हार

झारखंड विधानसभा चुनाव में अब तक आए रिजल्ट में भोले बाबा की नगरी देवघर का चुनाव रिजल्ट चौंकाने वाला है। देवघर में इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सुरेश पासवान ने जीत दर्ज की है। इससे पहले अयोध्या में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था। देवघर में सुरेश पासवान ने अपने प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी नारायण दास को 39 हजार से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। राजद के सुरेश पासवान को पूरे 22 राउंड की गितनी के बाद 1 लाख 56 हजार 079 वोट मिले हैं। वहीं बीजेपी उम्मीदवार नारायण दास को 1 लाख 16 हजार 358 मत हासिल हुए हैं।



## पति को लेकर रिश्वत लेने पहुंची पार्षद, दोनों गिरफ्तार

**नीमच।** नीमच में उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने शनिवार सुबह कांग्रेस पार्षद और उसके पति को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वार्ड नंबर 20 की पार्षद रानी मसूदी के पति साबिर मसूदी सवा लाख रुपए की रिश्वत ले रहे थे। इसी दौरान लोकायुक्त की टीम पहुंच गई। ये दोनों रिश्वत की रकम लेने शिकायतकर्ता के भारत माता चौराहा स्थित निर्माणाधीन शोरूम पहुंचे थे। आरोप है कि दोनों पति-पत्नी नियमों का हवाला देकर निर्माण रुकवाने की धमकी दे रहे थे। इसकी एवज में उन्होंने शिकायतकर्ता नकुल जैन निवासी 106 राजस्व कॉलोनी नीमच से रिश्वत मांगी थी।

## बेटा-बेटी को कुल्हाड़ी से काटा, पत्नी पर भी हमला

***सेंधवा।** बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र के चिचामली फलिया में शनिवार सुबह करीब 8 बजे संजय पिता नान सिंह नामक युवक ने आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नी समेत 5 साल के बेटे और 3 साल की बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसमें दोनों बच्चों की मौत हो गई। वहीं, पत्नी गंभीर रूप से घायल है। इस दौरान खुद को मारने की कोशिश में आरोपी युवक भी घायल हुआ है।*

# संसद में वायनाड की आवाज बनूंगी

### शानदार जीत के बाद प्रियंका गांधी का भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। यहां सीपीआई के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे। प्रियंका गांधी ने वायनाड की जनता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आभार व्यक्त किया है। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा, मेरे प्यारे वायनाड के भाइयों और बहनों, आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आप वास्तव में महसूस करें कि यह जीत आपकी जीत है और आपने जिस व्यक्ति को अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है, वह आपकी आशाओं और सपनों को समझता है और आपके अपने में से एक के रूप में आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं! मुझे यह सम्मान देने के लिए धन्यवाद और उससे भी अधिक प्यार के लिए जो आपने मुझे दिया है। साथ ही उन्होंने छ्स्र के अपने साथियों, केरल के नेताओं, कार्यकर्ताओं और अपने कार्यालय के सहयोगियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस अभियान में बहुत मेहनत की। उन्होंने लिखा, छ्स्र में मेरे सहयोगियों, केरल भर के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और मेरे कार्यालय के सहयोगियों ने इस अभियान में अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, मेरी 12 घंटे कार यात्राओं को सहन करने के लिए, और उन आदर्शों के लिए सच्चे सैनिकों की तरह लड़ने के लिए जिन पर हम सभी विश्वास करते हैं। अपने परिवार का धन्यवाद करते हुए प्रियंका गांधी ने लिखा, मेरी मां, रॉबर्ट और मेरे दो रत्न- रेहान और मिराया, आपके की ओर से दिए गए प्यार और साहस के लिए कोई भी कृतज्ञता कभी भी पर्याप्त नहीं होती है। और मेरे भाई, राहुल, तुम सबसे बहादुर हो... मुझे रास्ता दिखाने और मेरी पीठ थपथपाने के लिए धन्यवाद, हमेशा!



# सबको निकालो...नई भर्ती करेंगे!

### रीवा में आउटसोर्स कर्मचारियों पर भड़के डिप्टी सीएम

रीवा।

रीवा में डिप्टी सीएम आवास घेरकर बैठे आउटसोर्स कर्मचारियों पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि 'इन सबको निकलवाना है, नए आदमियों की भर्ती करेंगे। पहले तो हाथ जोड़कर नौकरी मांगते हैं, फिर दादागीरी करते हैं।' दरअसल, आउटसोर्स कर्मचारी शनिवार दोपहर से डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के आवास के बाहर उनसे मुलाकात और विरोध जताने के लिए बैठे थे। जिसके बाद डिप्टी सीएम उनसे मिलने के लिए बाहर आ गए। आते ही भड़क गए। उन्होंने मौके पर ही थाना प्रभारी को गिरफ्तारी के निर्देश दे दिए। साथ ही आउटसोर्स और सफाई कर्मचारियों को जमकर फटकार भी लगाई। डिप्टी सीएम ने कहा- ये लोग हाथ जोड़कर नौकरी मांगते हैं, फिर दादागिरी करते हैं। इन सब को निकलवाना है। नए आदमियों को भर्ती करना है, जिन्होंने टोटियां तोड़ी है, उन्हें बंद करो। सब को बंद कर दो। हम नगर निगम से सफाई कर्मचारी बुलाकर सफाई करवा लेंगे। जिन्होंने टोटी तोड़ी है और गंदगी फैलाई है, उसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। कोई यहां पर फालतू बात नहीं करेगा। अपनी मोबाइल रिकार्डिंग बंद करो। दरअसल, प्रदर्शन के दौरान आउटसोर्स कर्मचारियों पर तोड़-फोड़ और गंदगी करने के आरोप हैं। जिसे लेकर डिप्टी सीएम ने उन पर गुस्सा जताया।



### 5 दिन से प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी

रीवा में संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और गांधी मेमोरियल में आउटसोर्स कर्मचारी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन पर हैं। शनिवार दोपहर को सभी कर्मचारी इकट्ठे होकर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के आवास पहुंचे और यहीं बैठ गए। जिसके बाद डिप्टी सीएम उनसे मिलने बाहर आए थे।

# गोमाता से जुड़े कोर्स शुरू करेंगे: डॉ. यादव

### मप्र में 5 साल में 20 प्रतिशत बढ़ाएंगे दूध उत्पादन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को प्रदेश की पहली हाईटेक गोशाला का भूमि पूजन किया। भोपाल के बरखेड़ा डोब में 10 करोड़ रुपए की लागत से 25 एकड़ जमीन में यह गोशाला बनेगी। इसमें सीसीटीवी कैमरे और गोवंश का डेटा ऑनलाइन रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमपी में देश के उत्पादन का 9 प्रतिशत दूध होता है। अगले 5 साल में इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत करेंगे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में गो माता से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की बात भी कहीं। डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह सरकार गेहूं, धान में बोनस देती है, ठीक उसी तरह दूध खरीदने पर भी बोनस देगी। महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत को लेकर कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने गोमाता को राज माता का दर्जा दिया है। वहां सरकार फिर बन रही है। कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग, लखन पटेल, कृष्णा गौर, स्वामी अच्युतानंद महाराज, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, जिपं अध्यक्ष राम कुंवर गुर्जर, फंदा जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, भोपाल महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिपं उपाध्यक्ष मोहन जाट, फंदा जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत मौजूद रहे।



### सीएम ने की ये घोषणाएं

- सूखी सेवनिया शासकीय स्कूल को सीएम राइज बनाया जाएगा।
- सूखी सेवनिया रोड को फोरलेन बनाएंगे, ये पीडब्ल्यूडी बनाएगा।
- बरखेड़ी डोम क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र बनाएंगे।
- अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में गोमाता से संबंधित कोर्स शुरू करेंगे।

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा के दौरान छत का छज्जा गिरा

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर की सनातन हिंदू यात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया है। यात्रा के दौरान छत का छज्जा गिरने से 15 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। भक्त छज्जे पर खड़े होकर पदयात्रा को देख रहे थे तभी हादसा हो गया। घायलों में महिलाएं और बच्चों की संख्या शामिल है। कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल, 160 किमी लंबी पदयात्रा ने दूसरे दिन छतरपुर में प्रवेश किया था। शनिवार के दिन यह यात्रा यहां से आगे गुजर रही थी। इस दौरान यात्रा को देखने के लिए भक्त छज्जे पर खड़े हो गए थे।

### फिर रेड जोन में पहुंचा नोएडा का वायु प्रदूषण

**दिल्ली-एनसीआर।** दो दिन की राहत के बाद ग्रेटर नोएडा का वायु प्रदूषण फिर से रेड जोन में 300 के पार पहुंच गया हैं। शनिवार को ग्रेनो का वायु गुणवत्ता सूचकांक 307 रहा। पिछले दो दिन से एक्यूआई ऑरेंज जोन में बना हुआ था। वहीं नोएडा में भी वायु प्रदूषण बढ़ा हैं। वहां का एक्यूआई 322 रहा हैं। उधर प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर प्रशासन ने सोमवार को भी 12वीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। उस दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद प्रशासन स्कूलों को खोलने पर फैसला करेगा।

# 12.51 करोड़ की लागत से बना प्रदेश का पहला पुलिस अस्पताल

भोपाल।

भोपाल में प्रदेश का पहला राज्य स्तरीय पुलिस डेडिकेटेड अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार दोपहर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि, पुलिस प्रशासन और इससे जुड़े हर जवान में सजगता, अनुशासन कर्तव्य निष्ठा का समावेश होता है। इनकी मौजूदगी ही समाज को सुकून के बेहतर पल देती है। उन्होंने कहा कि, मप्र पुलिस की मेहनत ही कही जाएगी कि उसने प्रदेश से डाकुओं का कालखंड समाप्त करने की महारत हासिल की। साथ ही खुद की साख स्थापित करने में भी सफल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना के अलावा मेयर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, मंत्री कृष्णा गौर, विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि फिलहाल अस्पताल की शुरुआत ओपीडी के साथ की जाएगी। अभी तक पुलिस बटालियन में पुलिस डिस्पेंसरी हुआ करती थीं। यह प्रदेश का पहला पुलिस डेडिकेटेड अस्पताल है। यहां पीडियाट्रिक, गायनेकोलॉजी, डेंटल, आई जैसे विभाग होंगे। भदभदा चौराहे पर नव निर्मित 50 बेड का अस्पताल कुल 12.51 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। इसमें भवन निर्माण और फर्नीचर की लागत 10.41 करोड़ रही, वहीं 2.1 करोड़ के मेडिकल उपकरण खरीदे गए हैं।



### एमपी ई-रक्षक ऐप का शुभारंभ

पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि, आज का दिन मप्र पुलिस की उपलब्धि का बड़ा दिन है, जो इस तरह का एक अस्पताल का उद्घाटन हुआ है। इस अस्पताल को प्रारंभ करने में कई तरह की परेशानियां आ रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने तुरंत ही सारी समस्याओं का निराकरण करवाया। इस अस्पताल को बनाने के लिए कई विभागों ने इसमें पर्सनल इंटरेस्ट लेकर इसको बहुत जल्द शुरू करने में हमारा साथ दिया है। सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि, एमपी ई रक्षक ऐप का शुभारंभ भी किया गया है। मध्यप्रदेश पुलिस के कर्मचरियों के बच्चों की पढ़ाई एवं करियर मार्गदर्शन के लिए दिशा लर्निंग सेंटर बनाए हैं। इन सेंटर्स में कई तरह की सुविधाएं हैं। प्रदेश में करीब 86 लर्निंग शाखा चल रहे हैं।

# सरस्वती विद्यालय ओपीएम अमलाई में बाल मेला व विज्ञान मेला रहा आकर्षण का केन्द्र







शहडोल ।

स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलाई में दिनांक 22-11-2024 दिन शुक्रवार को विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा बाल मेला एवं विज्ञान मेले का भव्य एवं दिव्य आयोजन कौतुहल का विषय बना रहा। इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में विद्यालय के माननीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार द्विवेदी विद्यालय के व्यवस्थापक बृजकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष अतिराज सिंह, सह व्यवस्थापक धर्मेन्द्र कुमार दुबेएवं प्रबंध समिति के सदस्य जितेन्द्र कुमार यादव पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार पटेल, प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पूजन अर्चन कर फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा विज्ञान मेले का अवलोकन किया गया। विज्ञान मॉडल की संख्या 17 रही है, जिसमें विज्ञान के चमत्कार का आकर्षण सराहनीय रहा। पर्यावरण प्रदूषण, जल शुद्धीकरण, इलेक्ट्रिक डीसी का एसी में परिवर्तन, सूक्ष्मदर्शी, तितली का जीवन चक्र, पवन ऊर्जा, चंद्रयान, सौर मंडल, जंतु कोशिका, ज्वालामुखी, जल चक्र, मानव हृदय, मानव फेफड़ा एवं सौर ऊर्जा की उपयोगिता विज्ञान मेले में आकर्षण के विषय रहे हैं। माननीय अतिथियों द्वारा विज्ञान मॉडल के संबंध में जानकारी ली गई एवं उन्हें उचित सुझाव वह मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि विज्ञान मेले का आयोजन भैया बहनों की वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए, वैज्ञानिक अवधारणाओं को गहराई से समझने के लिए एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु किया गया।

बाल मेले में आलूबडा, इडली, पोहा, भजिया, ब्रेड पकौड़ा, दही बड़ा, जलेबी, लिट्टी चोखा, पानीपुरी एवं गुलाब जामुन इत्यादि की दुकानें आकर्षण के विषय बने रहे। शुद्ध स्वदेशी स्वनिर्मित खाद्यान्न के स्टॉल लगाए गए थे। माताओं बहनों अभिभावकों एवं पूर्व छात्र छात्राओं की उपस्थिति प्रशंसनीय रही है, स्थानीय विद्यालयों के भैया बहनों व स्थानीय जनों की भी उपस्थिति रही है। विद्या भारती की योजनानुसार शाला प्रबंधन के मार्गदर्शन एवं आचार्य परिवार के निर्देशन में आयोजित उक्त बाल मेला विज्ञान मेला उद्योग नगरी में चर्चा का विषय रहा है। आगंतुकों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की।

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में आचार्य परिवार, छात्र संसद के साथ अभिभावकों का योगदान भी सराहनीय रहा है। पूर्व छात्रों के साथ पत्रकार बंधु एवं आर पी मिश्रा, दिलीप श्रीवास्तव, पूर्व छात्रों में नरेंद्र महरा, आदर्श सोनी, राहुल गोस्वामी, आशीष साहू, अनामिका सिंह, आशीष चमकेल,शिवांगी तिवारी एवं विजय कुमार सिंह, की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही है। 4 घंटे के समयबद्ध व व्यवस्थित आयोजन का विधिवत समापन सायं 4:00 बजे हुआ। छात्र विक्रेताओं के चेहरे की प्रसन्नता में आयोजन की सफलता दृष्टिगोचर हो रही थी।

# खेल खेल में साड़ी में फंसकर 5 साल के बच्चे की अटकी सांस

## मां ने सीपीआर देकर बचाई बच्चे की जान



शहडोल।

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज शहडोल में एक ऐसा मामला आया जिसमें संभाग के अनूपपुर संजयनगर में रहने वाले एक 5 साल के बच्चेका गला साड़ी में उलझ गया, जिससे उसकी सांसे लगभग थम गईं थीं। यह देख उसकी मां ने बच्चे को सीपीआर देकर उसके मुंह पर जोर जोर से फूंक मरने लगी जिससे कुछ देर बाद बच्चा उठ खड़ा हुआ, जिसके बाद बच्चे को तुरंत मेडिकल कॉलेज शहडोल लाया गया जहाँ पर बच्चे का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अनूपपुर संजयनगर में रहने वाली पिंकी कुशवाहा की तीन संतान है। सबसे छोटा बेटा 5 साल का शिवांश घर में खेल रहा था। इसी दौरान घर के आंगन में सूख रही साड़ी में खेल खेल में उलझा गया और साड़ी उसके गले में कसा गया और बच्चे की सांसे थम गई।

जब उसकी मां ने यह देखा तो वह उठी और बच्चे हिलाया डुलाया जब नहीं उठा तो उसने बच्चे को सीपीआर दिया। जब बच्चे में कोई हरकत नहीं हुई तो वह बच्चे के मुंह में जोर जोर से फूंक मरने लगी जिसके कुछ देर बाद बच्चा उठ खड़ा हुआ। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्चा स्वास्थ्य है। एक मां ने सीपीआर देकर अपने जिगर के टुकड़े को मौत के मुंह छीन लाई। मां कहना है कि उसने ये सब मोबाइल पर देखा था, जिसे आपातकाल में अपने बच्चे पर प्रयोग किया और वह सफल रही।

# पॉलीटेक्निक कालेज में रक्तदान शिविर आयोजित

## 50 यूनिट रक्त किया गया दान

**शहडोल।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जिला ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान कार्यक्रम में संस्था के छात्र-छात्राओं, व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों के द्वारा कुल 50 यूनिट रक्त शासकीय ब्लड बैंक शहडोल को दान किया गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय, ब्लड बैंक एवं एचडीएफसी बैंक के द्वारा रक्तदान से पहले एवं बाद में फल, मिठाई, फरूटी तथा चॉकलेट आदि का वितरण किया गया। साथ ही एचडीएफसी बैंक के द्वारा रक्तदान करने वाले रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र तथा ब्लड बैंक के द्वारा भी प्रमाण पत्र, पानी की बोतल एवं एक की रिंग प्रदान की गई।जिसमें एचडीएफसी बैंक शहडोल का विशेष सहयोग रहा। इस रक्तदान शिविर में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयके प्रभारी प्राचार्य वी के सोनवानी, रक्तदान कार्यक्रम प्रभारी डॉ सादिक खान,सहायक प्रभारी विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग रजनीश कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष माइनिंग एवं माइन सर्वे इंजीनियरिंग पंकज तिलाटिया, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग चंचल पांडे, विभागाध्यक्ष मेकेनिकल इंजीनियरिंग प्रशांत कुमार शालवार संस्था के व्याख्याताओं शिवांगी गुप्ता, दीपेंद्र मरावी, नेहा गुप्ता, संदीप गुप्ता, अभिनव भारती सेन, संजय सोनी आरती प्रजापति, रामवती,एवम संस्था के सदस्यों विशेष रूप से विमल गुप्ता,लालजी नौरिया, एमएल ध्रुव एवं अन्य स्टॉफने विशेष योगदान दिया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सादिक खान द्वारा शासकीय ब्लड बैंक टीम, एचडीएफसी बैंक कर्मियों एवं संस्था स्टाफ तथा सभी रक्त दाताओं का विशेष आभार प्रदर्शित किया गया एवं भविष्य में समाज सेवा हेतु इस तरह के अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रयास करने का प्रण किया गया।



## खंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** धान उपार्जन की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय और खंड स्तरीय समितियां बनाई गई है। कलेक्टर मृणाल मीना के निदेर्शानुसार बालाघाट में स्थापित खंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक एसडीएम गोपाल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खण्ड में बने उपार्जन केंद्रों की वस्तुस्थिति और वहां नीति अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने पर चर्चा की गई। वेयर हाउसिंग से गोदामों और धान भंडारण के सम्बंध में जानकारी मांगी गई। अनुभाग की अन्य तहसीलों से आने वाली धान को ओपन केपो में व्यवस्थित तरीके से भंडारित करने की योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

# केशवाही क्षेत्र में पशु तस्करी जोरों पर

## अवैध गतिविधियों का गढ़ बनता जा रहा केशवाही क्षेत्र



**शहडोल ।** केशवाही से लगे हुए ग्राम पंचायत गिरवा गांव के जंगलों में इनदिनों पशुओं को काटने का काम बेख़ौफ़ जारी है। यहां तस्करों के गुर्गे गायों सहित अन्य मवेशियों को काट कर मांस, चमड़ा एवं हड्डियों की तस्करी करते हुए स्थानीय लोग लाने ले जाने का काम करते है। स्थानीय पत्रकार ने पड़ताल करते हुए देखा कि एक बाइक में गौ मांस तस्कर बोरे में ले जाया जा रहा था जिसे धर दबोचा लेकिन तस्कर बोरे में रखा गौ मांस कई क्विंटल की वजन होने से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा गिरते ही बोरे से मांस का टुकड़ा गिर गया मांस का टुकड़ा गिरा देख पत्रकार ने तुरंत बाइक वाले से पूछा ये क्या रखे हो बोरा खोलो नहीं तो पुलिस को बुलवाता हुं तो वह बोला कि जिसको बुलवाना हो बुला लो मैं इसको बकेली से केशवाही ले जा रहा अपने काम के लिए। जैसे ही पुलिस 100 डॉयल किया गया तभी वह अपना धारदार हथियार दिखाते हुए कहता हैं भाग जा नहीं तो इसके साथ तुम्हारा भी पीस मिलाकर बेच दूंगा इतने में वह पशु मांस तस्कर बाइक में मांस रख कर फरार हो गया। पशु तस्करों के खुलासा करने के लिए पत्रकार द्वारा खोजबीन किया गया तब जानकारी मिली कि उक्त व्यक्ति खाम्हीडोल का रहने वाला कोई चौधरी है और गौमांस ला कर केशवाही क्षेत्र के मांस व्यापारी को देता है। वह गौ मांस को पैकेट बनाकर शहडोल अनूपपुर जिलों के गांव शहर में गौ मांस खाने वाले लोगों के घर अपने लोगों से डिलीवरी करवाता हैं।

### हड्डियों के लिए मारे जाते हैं मवेशी

बताया जाता है कि जानवरो की हड्डियों से कंपनियों द्वारा कई प्रकार के प्रोडक्ट बनाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है पशुओं की हड्डियों से जेलाटिन निकाला जाता है, जो खाने की वस्तुओं, फार्मास्यूटिकल्स और कॉस्मेटिक्स में उपयोग होता है फार्मास्यूटिकल्स हड्डियों से निकाले गए तत्वों का उपयोग दवाओं में होता है जैसे कि कैल्शियम और फॉस्फोरस की गोलियाँ कॉस्मेटिक्स: हड्डियों से निकाले गए तत्वों का उपयोग सौंदर्य प्रसाधनों में होता है, जैसे कि त्वचा क्रीम और शैंपू में पशुओं की हड्डियों का उपयोग विभिन्न उद्योगों में भी होता हैं। हड्डियों को इकट्ठा करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा जानवरों को मार दिया जाता है और पहले उनका मांस और चमड़ा फिर उनकी हड्डियों को बेचा जाता है। जानवरों की तस्करी के इस कारोबार में कई लोगों का हाथ है, बताया जाता है कि स्थानीय स्तर से लेकर अन्य राज्यों तक के लोग इस कारोबार से जुड़े हैं और यहाँ रहने वाले गरीब आदिवासी एवं हरिजनों को चंद पैसों का लालच देकर उनसे पशु तस्करी एवं मांस और हड्डियों का कारोबार करा रहे हैं।

केशवाही क्षेत्र में विगत दिनों खनिज विभाग की टीम ने अवैध कोयले के कारोबार को बंद कराया था, बताया जाता है कि यहाँ रेत, लकड़ी, कोयला और जानवरों की तस्करी का काम बेखौफ चल रहा है, जिससे स्थानीय पुलिस अनजान बनी रहती है। जिले का अंतिम छोर होने के कारण उच्चाधिकारियों का दखल भी इस क्षेत्र में कम नजर आता है। यहाँ की आपराधिक गतिविधियों का ग्राफ जिले में काफी ऊपर है।

# हाथियों द्वारा किये गये नुकसान का एसडीएम एवं नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण





**ब्योहारी।** तहसील ब्योहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत आखेटपुर, सर्वाही, बोचरो एवं बनासी मे हाथियों का लगातार मुवेंट बना हुआ है। हाथियों द्वारा आये दिन किसानो के फसल और घर का नुकसान किया ज़ा रहा है। हाथियों का भय उक्त ग्राम पंचायतो मे बना हुआ है जिसे लेकर शासन प्रशासन भी अलर्ट है और लगातार क्षेत्रो मे रात को गस्ती की ज़ा रही है। पूर्व मे हाथियों के झुण्ड द्वारा किसानो कि फसले, घर एवं गन्ने के फसलों को हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया गया था। हाथियों द्वारा किये गये नुकसान को लेकर किसानो द्वारा मुआवजा दिलाये जाने की मांग की लगातार मांग की ज़ा रही थी एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल द्वारा भी निरिक्षण कर शासन प्रशासन से किसानो को मुआवजा दिये जाने की मांग की ज़ा रही थी जिसके संबंध मे समाचार प्रकाशित हुआ था जिसे संज्ञान मे लेकर दिनांक 22/11/2024 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारेन्द्र सिंह धुर्वे एवं नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी द्वारा हल्का पटवारी के साथ ग्राम आखेटपुर, देवराँव, साखी एवं खरपा मे हाथियों द्वारा किसानो का किये गये नुकसान का निरिक्षण कर जायजा लिया गया एवं प्रभावित किसानो को उनके नुकसानी का शीघ्र मुआवजा दिलाये जाने की बात कहीं गयी। ग्राम पंचायत आखेटपुर मे हुए नुकसानी का निरिक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, हल्का पटवारी रामपाल सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**इनका कहना -**

ग्राम पंचायत आखेटपुर, सरवाही, साखी, देवराँव एवं बोचरो मे हाथियों द्वारा जो नुकसान किया गया है उसमे से 24 लोगों का प्रकरण तैयार कर लिया गया है जिनके खातों मे राशि डाली जायेगी एवं हल्का पटवारियों को सघन जांच हेतु आदेशित किया गया है। जिन किसानो का नुकसान हाथियों द्वारा किया गया और जिनका प्रकरण छूट गया है उनका भी प्रकरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु हल्का पटवारी को आदेशित किया गया है जिससे उनको मुआवजा मिल सके।

**रोहित सिंह परिहार**
**तहसीलदार, ब्योहारी**

# लखनादौन पुलिस ने किया अवैध देशी अंग्रेजी शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




**सिवनी (स्वतंत्र मत)**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अवैध शराब पर नकेल कसने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है इसी कड़ी में अति. पुलिस अधीक्षक जी.सी शर्मा अनु0 अधि0 (पुलिस) लखनादौन अपूर्व मलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा अवैध देशी अंग्रेजी शराब परिवहन करते दो आरोपियों को पकडने में सफलता प्राप्त की है।विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना मिली टीयुव्ही वाहन में अवैध देशी अंग्रेजी शराब की पेटियों भरकर कहानी की ओर से लखनादौन की ओर आ रहे है सूचना पर तत्काल थाने से टीम गठित कर सिहोरा के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया चैक करने पर दो व्यक्ति तारेन्द्र पिता बनेसिंह उईके उम्र 25 साल निवासी नेवरगांव थाना उगली एवं दूसरा पंकज पिता राजकुमार शरणागत उम्र 27 साल निवासी नेवरगांव थाना उगली के मिले वाहन के अंदर देशी अंग्रेजी के 02 पेटी एमडी रम 02 पेटी गोवा, 05 पेटी देशी मसाला 03 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 12 पेटी शराब को अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। अभियुक्तगणो के कब्जे से शराब एवं वाहन जप्त कर गिरफतार किया गया एवं थाना लखनादौन में अपराध कर्माक573/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया ।गिरफतार आरोपी -01- तारेन्द्र पिता बनेसिंह उईके उम्र 25 साल निवासी नेवरगांव थाना उगली जिला सिवनी02- पंकज पिता राजकुमार शरणागत उम्र 27 साल निवासी नेवरगांव थाना उगली जिला सिवनीजप्त मसरूकाअवैध अंग्रेजी देशी शराब 12 पेटी कीमती 70,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन कार क. एमपी 22 बीए 1285 कीमत 7,00000 रूपयेकुल मशरूका 7 लाख 70 हजार रूपयेसराहनीय कार्य निरीक्षक के.पी. धुर्वे थाना प्रभारी लखनादौन, उपनिरी. संतोष शर्मा, सउनि महेन्द्र सिंह उईके, आरक्षक नवनीत पाण्डेय धनेश्वर यादव, आरक्षक ओम्?कार पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

## जिले में वन पट्टाधिरियों और पट्टाधारी बैगाओं को सरसों मीनिकीट वितरित किये गए

**बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा शनिवार को जिले के अलग अलग क्षेत्रो में वन पट्टाधारी बैगा कृषकों को सरसों के मिनीकिट वितरित किये गए। कृषि उपसंचालक राजेश खोबराग? ने बताया कि लांजी जनपद में देवरबेली के नल्लेझरी में बिरसा के महुआपानी, रंजना और बैहर के ग?ी में तथा परसवा?ा के वनग्राम जामझिरियॉ व सलघट में विशेष पिछ?ी जनजाति बैगा के कृषकों को सरसों के मिनीकिट वितरित किये गए। वितरण कार्यक्रम के दौरान ग?ी पंचायत में विधायक संजय उइके तथा अन्य क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभाग के एसएडीओं, एईओ ने किसानों को मिनीकिट प्रदाय किये।

# अवैध काम करने वाले लोगों के खिलाफ विहिप ने खोला मोर्चा




**सिवनी (स्वतंत्र मत)।** नगर के जबलपुर रोड स्थित रजवाड़ा लॉन में विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में परिषद के पदाधिकारियों ने जिले में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ बार-बार पुलिस प्रशासनको आवेदन देने के बाद कार्यवाही ना होने के कारण इस प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेरबन ग्राम पंचायत सिलघाट के पतिराम उईके की 16 वर्ष 11 माह की नाबालिग बालिका जो कि 5 सितम्बर 2024 जो कि जावेद खान नामक युवक द्वारा जबरन अपहरण कर ले जाया गया है, जिसकी रिपोर्ट बरघाट थाने अवैध काम करने वाले लोगों के खिलाफ परिषद ने खोला मोर्चा सकल हिंदु समाज के साथ करेंगे उग्र प्रदर्शन पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि लगातार हम हो रही गतिविधियों को पुलिस प्रशासन के सामने प्रस्तुत कर रहें है लेकिन प्रशासन उन्हें रोकने में नाकाम सा साबित हो रहा है, आगामी समय में इन सभी मुद्दों को लेकर सकल हिंदु समाज के साथ हम उग्र प्रदर्शन करेंगे, और वह जिस जबान में समझेंगे हम उसी जबान में जवाब देंगे।में की गई, आज 2 माह बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नही की गई।इसके अलावा क्षेत्र में धर्मान्तरण के मामले बढ़ते जा रहे है, जिसमें बरघाट क्षेत्र के जावरकांठी में चर्च बनाये जाने कीचर्चाएं भी पत्रकार वार्ता में रखी गई, तो वहीं विश्व हिंदु परिषद ने इसका विरोध किया है। इसके पीछे कारण क्षेत्र में जब इसाई ही नही है तो फिर चर्च बनाने का क्या मकशद हो सकता है। इससे क्षेत्र में अशांति का माहौल फैलने की आशंका है, जिसे रोका जाना चाहिए। इसके अलावा आगे पत्रकार वार्ता में बताया गया कि सिवनी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध गौवंश का परिवहन बे रोकटोक प्रदेश के बाहर हो रहा है, जिसमें भी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस प्रशासन को खबर देने के बाद भी उस पर कार्यवाही नही की जाती है, ऐसे गौवंश परिवहन गौमांस का फोरलेन किनारे बने मेवात नामके ढाबों में गौमांश के परोसे जाने का दावा किया गया, इन तमाम समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि इन सब अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्र में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की असामाजिक तत्वों द्वारा एक नाकाम कोशिश है, जिसे हम कामयाब नही होने देंगे जिसमें हम अवैध काम करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग करते है। साथ ही मध्यप्रदेश सरकार से गौवंश को बचाने और अवैध गौवंश के परिवहन को रोकने को रोकने कठोर कानून बनाने की मांग करते है।सिवनी* नगर के जबलपुर रोड स्थित रजवाड़ा लॉन में गुरूवार को विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में परिषद के पदाधिकारियों ने जिले में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ बार-बार पुलिस प्रशासनको आवेदन देने के बाद कार्यवाही ना होने के कारण इस प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेरबन ग्राम पंचायत सिलघाट के पतिराम उईके की 16 वर्ष 11 माह की नाबालिग बालिका जो कि 5 सितम्बर 2024 जो कि जावेद खान नामक युवक द्वारा जबरन अपहरण कर ले जाया गया है, जिसकी रिपोर्ट बरघाट थानेअवैध काम करने वाले लोगों के खिलाफ परिषद ने खोला मोर्चासकल हिंदु समाज के साथ करेंगे उग्र प्रदर्शनपत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि लगातार हम हो रही गतिविधियों को पुलिस प्रशासन के सामने प्रस्तुत कर रहें है लेकिन प्रशासन उन्हें रोकने में नाकाम सा साबित हो रहा है, आगामी समय में इन सभी मुद्दों को लेकर सकल हिंदु समाज के साथ हम उग्र प्रदर्शन करेंगे, और वह जिस जबान में समझेंगे हम उसी जबान में जवाब देंगे।में की गई, आज 2 माह बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नही की गई।इसके अलावा क्षेत्र में धर्मान्तरण के मामले बढ़ते जा रहे है, जिसमें बरघाट क्षेत्र के जावरकांठी में चर्च बनाये जाने कीचर्चाएं भी पत्रकार वार्ता में रखी गई, तो वहीं विश्व हिंदु परिषद ने इसका विरोध किया है।

# देश के प्रमुख तांत्रिक मंदिरों में ख्यात है बाजनामठ

## भैरव की अष्टमी विशेष आयोजन, जगह-जगह हुये धार्मिक अनुष्ठान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शनिवार को काल भैरव की उपासना का महापर्व भैरव अष्टमी मनाई गई। आपकों बतां दें कि सिद्ध तांत्रिक मठ देश में केवल तीन हैं, जिनमें एक शहर का बाजनामठ, दूसरा काशी और तीसरा महोबा में है। तांत्रिकों के मतानुसार शहर का बाजनामठ ऐसा तांत्रिक मंदिर है, जिसकी हर ईंट शुभ नक्षत्र में मंत्रों द्वारा सिद्ध करके जमाई गई है।





**शनि-राहू से मिलती है राहत:**-भक्तों के मुताबिक बाजनामठ में पूजा-अर्चना से लोगों को चमत्कारिक लाभ हुए हैं। यहां तेल व पुष्प चढ़ाने से शनि व राहु की पीड़ा से राहत मिलती है। इसी उम्मीद से हजारों की संख्या में भक्त आते हैं और उनकी मुराद पूरी भी होती है। प्राचीन मंदिर में आज भी शहर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग शनिवार को तेल चढ़ोने के लिए आते हैं। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

**ऐसे हुई थी भगवान भैरव की उत्पत्ति:**-पुराणों के अनुसार कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी को भगवान शंकर के अंश से भैरव की उत्पत्ति हुई थी, जिसका उल्लेख शिव महापुराण में है। इस तिथि को भैरव अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार अंधकासुर नामक दैत्य अपने कृत्यों से अनीति व अत्याचार की सीमाएं पार कर रहा था, यहां तक कि एक बार घमंड में चूर होकर वह भगवान शिव तक के ऊपर आक्रमण करने का दुस्साहस कर बैठा। तब उसके संहार के लिए शिव के रुधिर से भैरव की उत्पत्ति हुई। शिवपुराण के अनुसार कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी को मध्यान्ह में भगवान शंकर के अंश से भैरव की उत्पत्ति हुई थी। अत: इस तिथि को भैरवाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार अंधकासुर नामक दैत्य अपने कृत्यों से अनीति व अत्याचार की सीमाएं पार कर रहा था, यहां तक कि एक बार घमंड में चूर होकर वह भगवान शिव तक के ऊपर आक्रमण करने का दुस्साहस कर बैठा। तब उसके संहार के लिए शिव के रुधिर से भैरव की उत्पत्ति हुई।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लायें

## डीईओ, बीईओ, बीआरसी ने किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से जहाँ जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी स्वयं स्कूलों निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं उन्होंने जिले के सभी विकासखंड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को भी अपने क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण करने निर्देशित किया है। जिसके परिपालन में सभी बीईओ एवं बीआरसी ने अपने क्षेत्र के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।



**सुबह की पाली में बड़े बच्चों को बुलायें:**-डीईओ घनश्याम सोनी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारबाग जबलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सोनी ने पाया कि भवन निर्माण के कारण विद्यालय दो पाली में संचालित हो रहा है। उन्होंने इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोमवार से सुबह की पाली में छोटे बच्चों की जगह बड़े बच्चों की तथा शेष कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक के बच्चों की कक्षाएं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ प्राचार्य को सुबह की पाली के शिक्षक-शिक्षिकाओं की दोपहर 2 बजे तक तथा शेष सभी शिक्षक-शिक्षिका सुबह 10 बजे से 5 बजे तक विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कर अध्यापन कराने के निर्देश भी दिये गये। नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि नवंबर माह चल रहा और अभी भी बच्चों की उपस्थिति कम होगी तो परीक्षा परिणाम कैसे उत्कृष्ट होगा।

**शिक्षक स्कूल जायें, पूरा वक्त बिताएं:**-जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोनी के निर्देश पर सभी विकासखंडों में बीईओ द्वारा विद्यालयों में निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक सरिता तंतुवाय, पनागर में तृप्ति सेंगर, पाटन में गौतम बर्वे, शहपुरा में बाबूलाल कुर्वेती, मझौली में सहायक संचालक अतुल चौधरी, सिहोरा में सहायक संचालक अरविंद धुर्वे एवं कुंडम में सहायक संचालक पूनम वरकडे द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बीआरसी ने भी विद्यालयों का निरीक्षण किया। डीईओ श्री सोनी ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय जाए और पूरे समय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कराएं।

### लॉजिस्टिक्स पर होगी कॉफी विथ एक्सपर्ट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नए बिजनेस आइडिया के साथ नया उद्यम स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों की सहायता के लिये कलेक्टर कार्यालय में स्थापित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में मंगलवार 26 नवम्बर को कॉफी विद एक्सपर्ट्स का कार्यक्रम लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर होगा। कॉफी विथ एक्सपर्टस के इस कार्यक्रम में जबलपुर में फार्मा लॉजिस्टिक्स में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने की शासन की नीतियों की जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में एक्सपर्ट के रूप में सेंट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, एनएचएआई, जीएसटी विभाग के अधिकारी, वित्त सलाहकार एवं उद्यमी उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि निवेश को प्रोत्साहन देने और जबलपुर में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों को सहूलियत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय में स्थापित किये गये निवेश प्रोत्साहन केंद्र में कलेक्टर दीपक सक्सेना की नवाचारी पहल के तहत प्रत्येक मंगलवार को कॉफी विद एक्सपर्टस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### चंडी देखकर लौट रहे युवक को पीटा

**जबलपुर।** पाटन थाने में 21 वर्षीय भारत दहिया निवासी ग्राम लुहारी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह मजदूरी करता है। मिथिलेश गौंड़ ठाकुर, अंकित गौंड़ ठाकुर, अभय गौंड़ ठाकुर एवं कोमल पटेल जो उसके गांव में ही रहते हैं। गांव में चंडी लगी थी वह एवं उसका छोटा भाई शत्रुघन दहिया चंडी देखने गए थे। रात्रि को जब चंडी देखकर घर वापस जा रहे थे तभी शनि मंदिर के पास चाट की दुकान के सामने मिथिलेश गोंड, अंकित गोंड़ ठाकुर, अभय गोंड़ ठाकुर एवं कोमल पटेल खड़े थे उसका धक्का मिथलेश गोंड़ ठाकुर एवं कोमल पटेल को लग गया इसी बात को लेकर चारों गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना किया तो डंडे से सिर में मारकर चोट पहुंचा दी।

# विधायक ने किया संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्र. 37 एवं महाराजा अग्रसेन वार्ड क्र. 35 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन की मंशा है कि जनता को उनके निवास के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण कार्य किया गया। इससे क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई सौगात मिली। क्लीनिक में क्षेत्रीय जनता के लिए 12 प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। 80 प्रकार की खून जांचो की सुविधा के साथ 208 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहेगीं। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय पार्षद अदिति बाजपेयी, कमलेश अग्रवाल, मधुवाला राजपूत, मोनिका सिंह, प्रतिभा भापकर, अतुल वाजपेयी, शंकर श्रीवास्तव, नितिन पाण्डे अर्बन नोडल अधिकारी डॉ एसएस दाहिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी श्री अजय कुरील, डॉ राकेश पहाड़िया, डॉ केशव कुमार, डॉ स्वप्निल मौर्य, डॉ आयुषी, रविशंकर कोष्टा, विकास श्रीवास्तव, तापोषी मंडल, अलोक अग्निहोत्री, नरेंद्र पाठक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### 5 हजार मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में उर्वरक पर्याप्तन मात्रा में उपलब्ध हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को निजी विक्रेताओं के पास उपलब्धे डीएपी को कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में वितरित कराया गया है। आज रविवार 24 नवम्बिर को को निजी विक्रेताओं के पास उपलब्धी डीएपी को कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में वितरित किया जाएगा। उप संचालक डॉ एसके निगम ने बताया कि सहकारी संस्थाओं एवं निजी विक्रेताओं के पास कुल 11 हजार 661 मीट्रिक टन यूरिया, 5 हजार 080 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1 हजार 809 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। 1 हजार 040 किसानों को 368 मीट्रिक टन यूरिया, 248 मीट्रिक टन डीएपीए 59 मीट्रिक टन एनपीके एवं 10 मीट्रिक टन अन्य उर्वरकों का वितरित किया गया।

### मंत्री सिलावट का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट आज सुबह 8.25 बजे इंदौर से वायुयान द्वारा जबलपुर आएँगे। मंत्री श्री सिलावट यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 7.45 बजे वायुयान से इंदौर प्रस्थान करेंगे।

# ड्यूटी के दौरान वनरक्षक को सर्प ने काटा

## वन परिक्षेत्र सिहोरा की गौरहा बीट का मामला



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** वन परिक्षेत्र सिहोरा की गौरहा बीट में पदस्थ वनरक्षक को शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान जंगल में सर्प ने काट लिया। सर्प के काटते ही वनरक्षक वहीं पर गिर गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन अमले को दी। वन अमले की सूचना पर वनरक्षक के परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तब तक उसकी हालत बिगड़ने लगी थी। तत्काल उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत में अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र सिहोरा की गौराहा बीट में पदस्थ वनरक्षक परसादी कोल (58) दोपहर 12 के लगभग जंगल में गश्त पर था। उसी सर्प ने उसके पैर में काट लिया। जहरीले सर्प के काटते ही वनरक्षक जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंचे वनरक्षक के परिजन उसकी हालत बिगड़ने पर तत्काल उसे सिहोरा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के मुताबिक समय पर वनरक्षक को अस्पताल लाने पर उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है लेकिन उसे अभी भी चक्कर आ रहे हैं।

# अधिकारियों की मौजूदगी में वितरित की डीएपी



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जिले में डीएपी खाद की कमी एवं किसानो की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुये जिला प्रशासन के मुखिया दीपक सक्सेना द्वारा निजी खाद विक्रेताओं के यहां रखे डीएपी खाद के स्टॉक की जानकारी संकलित कर कृषि अधिकारियों की मौजूदगी में जिले में 13हज निजी विक्रेताओं के यहां से डीएपी खाद का वितरण शनिवार के दिन कृषि अधिकारियों की मौजदगी में वितरण कराने के आदेश के तारतम्य में सिहोरा तहसील के गोसलपुर स्थित मेसर्स साहू ब्रदर्स के यहां डीएपी खाद के स्टॉक को कृषि विस्तार अधिकारी अदिति राजपूत की उपस्थिति में क्षेत्र के लगभग 45 किसानों 7.45 मेट्रिक टन डीएपी खाद का वितरण शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 1350 के हिसाब से प्रति एकड़ एक बोरी अधिकतम एक किसान को 20 बोरी के अनुपात से डीएपी खाद का वितरण किया गया। सुबह से ही निजी प्रतिष्ठान में खाद लेने के लिए किसान अपने खसरा वही आधार कार्ड की फोटो कॉपी हाथों में लेकर सुबह से लाइन लगाकर खड़े थे। यह क्रम दिनभर चलता रहा कृषि विस्तार अधिकारी अदिति राजपूत ने बताया की उपसंचालक कृषि जबलपुर डॉ. एस के निगम से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराई गई किसानों ने कलेक्टर की इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# पानी, प्रसाधन और बैठक व्यवस्था दुरुस्त रखें

## धान उपार्जन : समिति प्रबंधकों को निर्देश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन द्वारा धान उपार्जन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में सभी समिति प्रबंधकों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें धान उपार्जन के सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक प्रदीप तिवारी ने बारदाना को लेकर प्रक्रिया को स्पष्ट किया। वेयर हाउस में समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रसाधन व्यवस्था, किसानों की पहुंच, तुलाई के विभिन्न मुद्दों सहित वेयर हाउस में सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। प्रभारी उपायुक्त सहकारिता प्रशांत कौरव द्वारा पारदर्शी तरीके से उपार्जन का कार्य के बारे में जानकारी दी। बैठक में खाद्य आपूर्ति नियंत्रक डिप्टी व कलेक्टर कुलदीप पराशर द्वारा उपार्जन प्रक्रिया में आने वाली तात्कालिक समस्याओं को लेकर समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली और पीओएस मशीन को लेकर शासन के नवीनतम निर्देश समिति प्रबंधकों को दिए।श्री पराशर ने वेयर हाउस के मैपिंग की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में उपार्जन की इस बार की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया जाना है।

### मुख्य अभियंता ने अभियंताओं से मांगा जवाब

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने 13 नवंबर को जबलपुर रीजन के मुख्य अभियंता केएल वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा था कि मैदानी बिजली अधिकारियों के द्वारा लाइन कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसे मुख्य अभियंता के द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं उन्होंने जबलपुर रीजन के अंतर्गत कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर शहर एवं ग्रामीण सहित रीजन के सभी अधीक्षण अभियंताओं से 24 बिंदुओं पर 15 दिनों के अंदर जवाब मांगा है।

# 2.82 लाख में बेच दिया बैंक में गिरवी फ्लैट

## तिलवारा थाने का मामला, पति-पत्नी पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में 34 वर्षीय राकेश प्रसाद जायसवाल निवासी गुप्ता नगर त्रिपुरा वार्ड तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी अनिल रावत से पूर्व से परिचय व पहचान है। अनिल रावत ने फ्लैट नंबर 7 द्वितीय मंजिल योजना क्रमांक 2 बी जेडीए कॉलोनी तिलवाड़ा में रहते थे जो अपना जेडीए कॉलोनी तिलवारा में द्वितीय मंजिल पर स्थित फ्लैट नंबर 7 जिसका कुल एरिया 269 वर्ग फीट है, जिसे बेचना चाहते थे। उसने उक्त फ्लैट को देखा और पसंद आया तो आगे की बात की। अनिल रावत ने बताया कि उक्त फ्लैट पत्नी अर्चना रावत के नाम पर रजिस्टर्ड है जिसको 2 लाख 82 हजार रूपये में बेचना चाहता हूं। जिसपर उसने अनुंबध कर एडवांस 82 हजार नगद तथा शेष रकम 1 लाख 50 हजार रुपए को अर्चना रावत के अकाउंट में एनईएफटी के माध्यम से दे दिए। इस तरह अनुबंध की शर्तों के अनुसार शेष 11 माह के अंदर शेष राशि 50,000 देने पर उक्त फ्लैट की रजिस्ट्री उसके नाम से करना तय हुआ था।




**हीलाहवाला कर देते हैं झांसा:**-जब उसने शेष राशि 50 हजार देकर उक्त फ्लैट की रजिस्ट्री करने को कहा तब अनिल रावत एवं उनकी पत्नी अर्चना रावत के द्वारा हीला हवाली करते हुए समय लेते रहे किंतु रजिस्ट्री नहीं किये, कुछ समय बाद उसे जानकारी प्राप्त हुई कि अनिल रावत ने अपनी पत्नी अर्चना रावत के नाम पर रजिस्टर्ड उक्त फ्लैट को अनुबंध के पूर्व से ही एसबीआई बैंक में बंधक रख उक्त फ्लैट पर लोन ले रखा है एवं उक्त फ्लैट की रजिस्ट्री बैंक में जमा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# वर्षों से कैंसर मरीजों की सेवारत डॉ. ज्योति मिश्रा आज दूरदर्शन पर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी मैं एक ऐसा नाम भी है जो शांत भाव से 25 सालों से कैंसर मरीज की सेवा किए जा रही हैं और वह नाम है डॉ. ज्योति मिश्रा का।सन 1999 में अपने पड़ोस में रहने वाली एक महिला जो कैंसर से पीड़ित थी उन्हें देखकर उनके मन में यह भाव आया की क्यों ना इन मरीजों के लिए कुछ किया जाए और तभी उन्हें डॉक्टर बिग मोर की किताब जवारे का रस और उसके देर कालीन प्रभाव मिली। फिर क्या था एक जुनून और एक सेवा भाव इन सबको मिलकर बना लाइफ केयर प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और उसकी



संचालिका डॉ. ज्योति मिश्रा ने शुरू किया कैंसर मरीजों का निशुल्क उपचार। शुरू के दिनों में डॉ. मिश्रा कुछ थोड़े सी बांस की टोकरियों में जवारे उगती थीं और लोगों को इसके प्रभावों और इसकी इसके गुणों के बारे में समझती थी और उन्हें प्रेरित करती थी कि वह जवारे का रस निशुल्क उनसे प्राप्त करें और लाभ लें। कुछ साल बहुत ही संघर्ष के रहे संघर्ष इस मायने में नहीं कि किसी तरह की कोई फाइनेंशियल क्राइसिस हो पर लोगों को समझाना उन्हें इस पैथी की तरफ मोड़ना कठिन और दुष्कर कार्य था। पर जब दृढ़ निश्चय हो तो कोई कार्य असंभव नहीं होता धीरे-धीरे यह सिलसिला चला और आज हजारों कैंसर मरीज को जवारे का रस, गिलोय का रस, तुलसी, एलोवेरा निशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

# आज के युग की महती जरूरत है शांति

## संत अलायसियस महाविद्यालय में संकाय संवर्धन कार्यक्रम सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शांति के माध्यम से परिवारों, विभिन्न समाजों और राष्ट्रों को जोड़ा जा सकता है। प्राध्यापकगण इसके द्वारा अपने विद्यार्थियों के चरित्र गठन एवं सर्वांगीण विकास में सहायता प्रदान कर सकते हैं। उपर्युक्त उद्गार समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनीता क्रिस्टीन के द्वारा व्यक्त किए गए। संत अलायसियस स्वशासी महाविद्यालय द्वारा 19 नवंबर से 23 नवंबर तक क्रिएटिव एप्रोचेस टू पीस फॉर कैरेक्टर फॉरमेशन एंड होलीस्टिक डेवलपमेंट विषय पर 5 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्र म आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फाजे बेन एंटोन रोस के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्मारिका लॉरेन्स (विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र) को यूनाइटेड बोर्ड फॉर क्रिश्चियन हायर एजूकेशन इन एशिया, हांगकांग द्वारा



क्रिएटिव अप्रोचेस टू पीस फॉर होल पर्सन एजूकेशन विषय पर एक प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत यह संकाय संवर्धन कायक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संयोजिका डॉ. स्मारिका लॉरेंस द्वारा कार्यक्रम



का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत युवा उत्सव 2024 के विजेता प्रतिभागियों समूह गायन पाश्चात्य एवं समूह गायन भारतीय द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

**प्रतिभागियों को श्रेष्ठ मंच मिला है:**-प्राचार्य डॉ. फाजे बेन एंटोन रोस ने अपने संदेश में कहा शांति आज के युग की सर्वाधिक महती आवश्यकता है। शांति आधारित यह कार्यक्रम निश्चय ही प्रतिभागियों को न केवल स्वयं अपितु दूसरों को शांति का पाठ पढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. फा. डेविस जॉर्ज ने अपने संदेश में कहा कि यूनाइटेड बोर्ड द्वारा प्राप्त यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए सीखने का एक श्रेष्ठ और सुंदर मंच रहा है, जो उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. मेहर स्पर्जन, उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. रूना पाल, डॉ. आशु जैन का उपस्थित रहे। मंच संचालन वेनिस डेविड एवं सुश्री आरिश अंसारी के द्वारा किया गया।

# बिना मान्यता कागजों में चल रहा है विद्यालय बांटे जा रहे हैं स्थानांतरण प्रमाण पत्र

## पुलिस ने 13 लोगों पर नामजद दर्ज किया एफआईआर

उमरिया






जिला मुख्यालय अंतर्गत संचालित बगैर मान्यता के स्कूल पर कोतवाली पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही करते हुए स्कूल के कर्मचारियों सहित 13 लोगो पर 420 सहित कई धाराओ पर मामला कायम किया है।

उमरिया में जिला प्रशासन की नाक के नीचे शिक्षा विभाग के नियमों को ताक में रखकर एक कागजो मे संचालित एक फर्जी स्कूल का भंडाफोड़ हुआ है और उस विद्यालय के कर्मचारीयों सहित 13 लोगो पर उमरिया कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 420 सहित कई धाराओ मे मामला कायम किया है। दरअसल शहडोल जिले के अमलई निवासी नशीम रजा खान के द्वारा इस पूरे मामले की शिकायत उमरिया पुलिस के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे की थी। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कराई गई जाँच में ये तथ्य सामने आए हैं कि जिला मुख्यालय उमरिया के कैम्प में ब्राइट स्टार स्कूल की मान्यता वर्ष 2017 में समाप्त हो जाने के बाद भी फर्जी तरीके से स्कूल संचालित कर कूट रचित तरीके से मार्कशीट दस्तावेज व टीसी का क्रय विक्रय वर्ष 2021 तक किया गया है। उक्त मामले में अनविभागीय अधिकारी पुलिस नागेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच में ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के खिलाफ जांच सही पाई गई है। जांच सही पाए जाने के बाद उमरिया कोतवाली पुलिस ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे पदस्थ बाबू सहित उन 12 लोगो पर 420 सहित कई धाराओ मे मामला कायम किया है जिन्होंने फर्जी तरीके कागजो मे विद्यालय संचालित कर यह फर्जी वाड़ा किया है।

एफआईआर में बताया गया है कि फरियादी नसीम रजा खान पिता श्रीनिजाम खान उम्र 43 साल निवासी नगरपरिषद बकहो थाना अमलई जिला शहडोल के हमराह वसीम खान एवं राकेश विश्वकर्मा के साथ थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित टाईपशुदा आवेदन पत्र स्वंय की हस्ताक्षरित थाना प्रभारी कोतवाली उमरिया को संबोधित प्रस्तुत किया गया जिसकी नकल अक्षरशः इस प्रकार है। हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देशानुसार मैं नसीम रजा खान उम्म्र 43 साल निवासी नगरपरिषद बकहो वार्ड नं. 03 जिला शहडोल म. प्र. जबलपुर के निर्देशानुसार आज प्र. हाईकोर्ट दिनांक 18.11.2024 को उपस्थित होकर एफ आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिया गया है। केश नं. डब्ल्यू पी-34464-2024 अतः आदेश का पालन करते हुए मैं आपके समक्ष उपस्थित होकर हस्ताक्षरित रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं। ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल उमरिया कैम्प वार्ड नं. 11 इमामबाडा के पीछे फर्जी तरीके से एक ही परिवार के पूरे सदस्यों जिसमें साहीन मनसूरी, खालीक मनसूरी (बैदी), शमीम मनसूरी, नाहीद मनसूरी, परवीन मनसूरी, तसलीम मनसूरी, नसरीन मनसूरी, जुबैर अहमद, निजाम (सहारा टेन्ट) एवं अन्य सहयोगियों के द्वारा फर्जी समिति का गठन करते हुए नियम विरूद्ध मान्यता 17.07.2014 से 17.07.2017 तक शिक्षा विभाग कि साठगाठ करके स्कूल का संचालित करें। वही नियम विरूद्ध मान्यता को समाप्त हो जाने के बाद कूटरचना करते हुए। सहयोगियों के द्वारा। मार्कशीट निरंतर जारी फर्जी टी.सी. षडयंत्रपूर्वक पूरे परिवार एवं अन्य सभी कर अवैध व्यापार करते रहे वहीं शिक्षा जैसी संस्था तथा शासन द्वारा प्रदान आर.टी. ई. राशी का भी कूटरचित दस्तावेजों को लगा के आपस मे ही सभी लोग रुपयों का उपयोग, उपभोग करते चले आये है जिसमे शिक्षा विभाग लेखपाल के. के. तिवारी एवं अन्य शिक्षा विभाग के सहयोगी अधिकारी, आर.टी.ई. विभाग के अधिकारियों एवं परियोजना समन्वयक के अधिकारियों कि मिली भगत से इनके साथ महरोई निवासी रहीश मंसूरी ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल संचालक के द्वारा ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के फर्जी दस्तावेजों टी. सी. मार्कशीट आदि को अपने स्कूल के मान्यता वाले टी.सी. संचालक साहीन मनसूरी को देकर बदला जाता रहा है। इन सभी के द्वारा इतने बड़े विकराल रुपी अपराध शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता रहा है जिसमे कड़ी कानूनी कार्यवाही कर एफ0आई0आर0 दर्ज करें। दिनांक 18.11.2024 हस्ताक्षर अपठनीय दिनांक 18.11.2024 शिकायतकर्ता नसीम रजा खान नगर परिषद बकहो वार्ड नं. 03 जिला शहडोल म.प्र. मो. नं. 9131636711 उक्त विद्यालय के द्वारा कक्षा उन्नति प्रदान कि गई शूची की सत्यापित प्रति। क्र., स्कालर पजी क्र., छात्रध्छात्रा का नाम, पिता का नाम, प्रदान की गई कक्षोन्नति वर्ष एवं कक्षा अंकित है।स्कालर पंजी के परीक्षण मे उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों की कक्षा उन्नति मान्यता समाप्त होने के उपरान्त दर्ज पाई गई जो नियम विरूद्ध है। प्रतिवेदन उपरोक्तानुसार सादर प्रेषित है। हस्ताक्षर अपठनीय जिला शिक्षा अधिकारी जिला उमरिया म. प्र. हस्ताक्षर सहायक लोक सूचना अधिकारी कार्यालय कमिश्नर शहडोल संभाग शहडोल म. प्र. उपरोक्त प्राप्स आवेदन पर से अपराध धारा 420, 467,468,470,471,120बी भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## पठारीकला में आयोजित हुई सामाजिक संपरीक्षा

उमरिया

गत दिवस जिले के करकेली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पठारीकला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून अंतर्गत चार हकदारियों की सामाजिक संपरीक्षा का आयोजन किया गया । सामाजिक संपरीक्षा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एकीकृत बाल विकास परियोजना, मध्यान भोजन एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना को शामिल किया गया। सामाजिक संपरीक्षा का आयोजन सामाजिक संस्था विकास संवाद समिति के मार्गदर्शन में सामाजिक संपरीक्षा टीम द्वारा किया गया । सामाजिक संपरीक्षा सभा मे सरपंच ग्राम पंचायत पठारीकला गोविंद सिंह, सचिव रामू सोनी,महिला बाल विकास से सरिता सिंह सहित चारो योजनाओं से जुड़े स्थानीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं उक्त योजनाओं से जुड़े लाभार्थी शामिल हुए । इस सभा के मुख्य अतिथि रविंद्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उमरिया रहे । सामाजिक संपरीक्षा सभा का संचालन नगीना सिंह ने किया । सामाजिक संपरिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए विकास संवाद के जिला समन्वयक भूपेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि संस्था द्वारा आकाश कोर्ट के 25 गांव में पोषण एवं खाद्य सुरक्षा को लेकर काम कर रहा है । राष्ट्रीय खाद सुरक्षा कानून 2013 के अंतर्गत चारों योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि इसके निगरानी में स्थानीय लोग जुड़े और सामुदायिक निगरानी का एक मॉडल विकसित हो सके । इसी उद्देश्य विकास संवाद द्वारा प्रतिवर्ष 2 गांव में सामाजिक संपरीक्षा आयोजित की जाती है। इस सामाजिक संपरीक्षा में चारों योजनाओं से जुड़े हितग्राही वैधानिक समितियों के सदस्य एवं सक्रिय युवाओं को मिलाकर के सामाजिक संपरिक्षा समिति गठित की जाती है,जो समिति सभी हितग्राहियों का सर्वे कर सामाजिक संपरिक्षा सभा में अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है । निकल कर आने वाले समस्याओं पर हितग्राही एवं संबंधित जिम्मेवार कर्मचारी अपनी अपनी बात रखते हैं, तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारी इस पर अपनी टिप्पणी देते हैं ।

## लोक निर्माण विभाग द्वारा 2024-25 में करोड़ों की लागत से बनाए गए गुणवत्तायुक्त भवन

उमरिया



जिले में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग व्दारा वर्ष 2024-25 में करोंड़ो रूपये की लागत से सर्व सुविधायुक्त गुणवत्तायुक्त भवनों का निर्माण किया गया है। वर्ष 2024 में राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी भवन पाली का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 115.50 लाख रूपये है । कार्य पूर्णता दिनांक 30 जून 2024 है। भवन में एसडीएम कोर्ट, एसडीएम चेंबर, सर्व सुविधा युक्त कम्प्यूटर रूम, सिटीजन सर्विस, बैठक रूम, रूम, रिकार्ड रूम, महिला एवं पुरूषों के लिए अलग अलग टायलेट की व्यवस्था है। लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत करकेली विकासखण्ड में नवीन हाई स्कूल भवन तामान्नारा में बनाया गया है जिसकी लागत 238.82 लाख है। कार्य पूर्णता दिनांक 30 जून है। स्कूल भवन में चार क्लास रूम, कम्प्यूटर रूम, आर्टस एंड क्राप्ट रूम, साइंस लैब, लाईब्रेरी, स्टोर रूम, प्रिंसिपल रूम, गर्ल्स, टायलेट, ब्यायज टायलेट तथा हाल का निर्माण किया गया है।

इसी तरह विधि विधायी विभाग अंतर्गत मानपुर विकासखण्ड में एडीआर मीडिएशन सेंटर का निर्माण कार्य किया गया है जिसकी लागत 62.04 लाख रूपये है। कार्य पूर्णता दिनांक 30 जून 2024 है। एडीआर, मीडिएशन सेंटर में दो आफिस रूम, आफिस हाल, वेटिंग एरिया, एडवाईजर रूम, टायलेट महिला एवं पुरूष के लिए बनाए गए है। आदिवासी विभाग अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरदादर मे 6 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया है जिसकी लागत 280.26 लाख रूपये है। कार्य पूर्णता दिनांक 30 सितंबर 2024 है। जिसमें केमेस्ट्री लैब, लाईब्रेरी, बायो लैब, फिजिक्स, कम्प्यूटर रूम, क्लास रूम, स्मोर्ट क्लारस, टालेट की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार कन्या उमावि पाली में 10 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया गया है जिसकी लागत 375.91 लाख रूपये है। कार्य पूर्णता दिनांक 30 सितंबर 2024 है, जिसमें केमेस्ट्री लैब, लाईब्रेरी, बायो लैब, फिजिक्स, कम्प्यूटर रूम, क्लास रूम, स्मार्ट क्लास, टायलेट की सुविधा उपलब्ध है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिचकिड़ी में 10 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य किया गया है जिसकी लागत 376.72 लाख रूपये है। कार्य पूर्णता दिनांक 30 सितंबर है जिसमें केमेस्ट्री. लैब, लाईब्रेरी, बायो लैब, फिजिक्स, कम्प्यूटर रूम, क्लास रूम, स्मार्ट क्लास, टायलेट की सुविधा उपलब्ध है।

## अलग अलग स्थानों से अवैध मदिरा जब्त

**उमरिया।** पाली थाना अंतर्गत तथा चंदिया थाना अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध मदिरा जप्त की है। जानकारी अनुसार पाली थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 डोंगरिया टोला में कार्यवाही करते हुये आरोपिया राजकुमारी कोल पति संतोष कोल उम्र35 साल पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से कच्ची महुआ शराब 6 लीटर बिक्री हेतु रखी पाए जाने पर जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये है। इसी तरह चंदिया थाना अंतर्गत से वार्ड क्रमांक 4 चंदिया में पुलिस ने आरोपी रामकली कोल पति घसीटा कोल उम्र 40 साल पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से कच्ची महुआ शराब 6 लीटर बिक्री हेतु रखी पाए जाने पर जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये है। इसी तरह चंदिया में वार्ड क्रमांक 4 में आरोपी मायाबाई कोल पति प्रेमलाल कोल उम्र 35 साल पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 7 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखी पाए जाने पर जप्त की है। जिसकी कीमत 700 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।



## नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका के प्रकरणों में छूट के संबंध में दिशा-निर्देश

उमरिया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्षन में एवं सचिव, जिला न्यायाधीष श्रीमान जितेन्द्र कुमार बाजौलिया की अध्यक्षता में प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अमित शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी उमरिया एवं किषन सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया के साथ 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेषनल लोक अदालत के संबंध में न्यायालय में लंबित प्रिलिटिगेषन के प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण किये जाने हेतु विचार-विमर्ष किया गया। नगरीय निकाय के प्रकरणों में संपत्ति कर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार, जलकर के सरचार्ज में निर्धारित शर्तो के साथ छूट दी जायेगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष उमरिया ने नागरिकों से लोक अदालत में विभिन्न करों के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ लेने का आग्रह किया है। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राषि 50 हजार तक बकाया होगी, उसमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिषत, जिनमें कर तथा अधिभार की राषि 50 हजार से अधिक तथा एक लाख रूपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिषत तक और संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभर की राषि एक लाख रूपये से अधिक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिषत तक की छूट दी जायेगी। जल उपभोक्ता प्रभार, जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राषि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 75 प्रतिषत तक और जल उपभोक्ता, प्रभार, जलकर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राषि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिषत की छूट मिलेगी।

## जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा ने जिला जेल उमरिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

उमरिया



जेल अधीक्षक, डी.के. सारस ने बताया कि शुक्रवार 22 नवम्बर को श्री एस. के. उपाध्याय, जेल अधीक्षक ऽ केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री डी. के. सारस एवं स्टाफउपस्थित रहा। बंदी बैरकों में जाकर बंदियों से चर्चा एवं पूछताछ की गयी । किसी बंदी ने कोई शिकायत नहीं बताई। सभी बंदियों ने जेल की व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। बंदियों में भी अनुशासन अच्छा पाया। परिसर में साफ सफाई व्यवस्था उत्तम पायी। जेल में उपलब्ध कार्यालय अभिलेखों का अवलोकन किया। सभी अभिलेख अद्यतन पाए। पाक शाला में बन रहे सायंकाल के भोजन को चेक किया। भोजन मीनू के अनुसार एवं गुणवत्तापूर्ण पाया। सभी तरह की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। जेल निरीक्षण के अवसर पर सभी ड्यूटीरत प्र.मु. प्रहरी तथा जेल के अधिकारी..कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत आवेदन 30 नवंबर तक आमंत्रित

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद उमरिया किशन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सामूहिक सम्मेलन 11 दिसंबर को आयोजित किया गया है, जिसके लिए आवेदन पत्र 30 नवंबर तक नगर पालिका उमरिया में जमा किए जा सकते है। उन्होने बताया कि आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, समग्र आई डी, मोबाइल नंबर, पति की मृत्यु की दशा मे पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की दशा मे कानूनी रूप से तलाक होने का न्यायालय का आदेश एवं यदि भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक है तो श्रमिक कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



उमरिया

मानपुर थाना अंतर्गत जनपद मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर भमरहा तिराहा में ऑटो-बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में दो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हुए है। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्ताल रेफर किया गया । जानकारी अनुसार हादसे में घायल संतोष पिता नंदी चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी रायपुर करकेली एवं पप्पू चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी मानपुर दोनों ही गम्भीर है। बताया यह भी जाता है कि हालत ज्यादा गम्भीर होने की वजह से इन दोनों घायलों को जबलपुर रेफेर करने चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा है,परन्तु फ्लिहाल पीड़ित परिजन इलाज के लिए जबलपुर ले जाने को लेकर कोई फैसला नही ले सके है।

## पाली में मृत व्यक्ति को मिला प्रधानमंत्री आवास....!

### गलत जियोटैग कर अपात्र हितग्राहियों को दिया गया पीएम आवास

### 13 पर एफआईआर दर्ज

उमरिया



जिले के पाली जनपद पंचायत में कमीशन बाजी के चक्कर मे गलत जियोटैग कर, अपात्र हितग्राहियों को लाभ तो दिलाया गया वहीं मृत लोगों के नाम पर भी प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत करवा कर रकम निकाल कर खा लिया गया..! जब लोगों को पता चला तो उनने शिकायत किया और अंत में पाली थाने में जनपद पंचायत पाली का बाबू, 1 पंचायत समन्वय अधिकारी, 7 ग्राम पंचायत सचिव एवं 4 रोजगार सहायकों पर एफआईआर दर्ज हुई। इस मामले में पाली टीआई मदन लाल मरावी ने बताया कि जनपद पंचायत पाली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कन्हाई कुंवर ने पाली थाने में 13 लोगों के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता एवं शासकीय राशि के गबन का अपराध दर्ज करवाया है। उनकी रिपोर्ट पर पाली थाने में अपराध क्रमांक 600ध्24 धारा 420 आईपीसी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। इस मामले में प्रथम दृष्टया 13 आरोपी हैं, जिसमे जनपद पंचायत का बाबू मोहम्मद नुबानी, पंचायत समन्वयक अधिकारी (प्रभारी सहायक लेखा अधिकारी) पतरूराम भगत, एवं चमन सिंह पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत बरहाई, वर्तमान ग्राम पंचायत भौतरा, फूल सिंह पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत बरहाई, वर्तमान ग्राम पंचायत महरोई, भुवनेश्वर सिंह ग्राम रोजगार सहायक बरहाई (तत्कालीन) सेवा से पृथक, राजेश कुमार यादव पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत चंदनिया, वर्तमान ग्राम पंचायत कुशमहाखुर्द, राजाराम चंदेल पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत गिंजरी, वर्तमान ग्राम पंचायत झांपी जनपद पंचायत करकेली. महाबीर सिंह पंचायत सचिव, (तत्कालीन) ग्राम पंचायत कठई, वर्तमान ग्राम पंचायत खिचकिड़ी, रामचरित सिंह ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कुरकुचा, रामप्रसाद पनिका, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत ममान, वर्तमान ग्राम पंचायत बरदढ़ार शैलेन्द्र तिवारी पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत ममान, वर्तमान ग्राम पंचायत धोरई, रविन्द्र सिंह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मुदरिया, मो हुसैन खान, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत मेंढ़की द्वारा हितग्राहियों के आवासों का गलत जियोटैग करने का दोषी पाये गये। इनके विरूद्ध शासकीय योजनाओं की राशि का दुरूपयोग करने, अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने, मरे हुये हितग्राहियों के नाम से राशि का आहरण फर्जी तरीके से किया गया।





# नरवाई जलाना वातावरण, मृदा और स्वास्थ्य के लिए होता है हानिकारक

## कलेक्टर ने सुपरसीडर प्रदर्शन का किया अवलोकन, दिए निर्देश

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

नरवाई पराली जलाना एक बड़ी समस्या है, इससे वातावरण में प्रदूषण फैलता है एवं मृदा के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाने पर रोकथाम किया जाना अति आवश्यक है। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है और मृदा का कार्बनिक प्रदार्थ कम होने के साथ-साथ मृदा के लाभकारी सूक्ष्म जीव भी नष्ट होते हैं। सुपरसीडर का करें उपयोग फसल अवशेष प्रबंधन अंतर्गत जिले में सुपरसीडर से पहली बार बोनी हो रही है।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सुपरसीडर से बोनी करने हेतु किसानों को जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने स्वयं सुपरसीडर के प्रदर्शन का अवलोकन किया और किसानों को नरवाई न जलाकर सुपरसीडर के उपयोग हेतु कृषकों को प्रेरित किया। सुपर सीडर के उपयोग से धान कटाई उपरांत नई फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए अलग से कल्टीवेटर, रोटावेटर और सीड ड्रिल की आवश्यकता नहीं पड़ती है। एक ही यंत्र से तीनों काम एक साथ एक ही समय में हो जाता है। समय की बचत के साथ साथ लागत भी बहुत कम हो जाती है।

सुपरसीडर खरीदी में 1.05 लाख की सब्सिडी भी है। हार्वेस्टर से धान कटाई उपरांत सुपर सीडर से सीधे रबी फसलों की बोनी करने पर किसानों को 10 से 15 दिन की बचत होती है और लागत में भी कमी होती है। उपसंचालक कृषि मधु अली ने बताया कि ग्राम औघटखपरी में नरवाई जलाने की समस्या को दूर करने के लिए कृषि विभाग और अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुपरसीडर से बोनी करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। सुपरसीडर का प्रदर्शन कर किसानों को जागरूक किया गया। नरवाई में आग न जलाई जाए इसलिए सुपरसीडर की बोनी करने वाले कृषकों को कृषि विभाग 1600 प्रति एकड़ का अनुदान देगी। नरवाई जलाने वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के जारी आदेश के अनुसार 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

जिले में रबी फसल के अन्तर्गत बोई जाने वाली फसलों की कटाई के पश्चात किसानों के द्वारा नरवाई (फसलों के अवशेषों) जला दी जाती है जिसके कारण भूमि में उपलब्ध जैव विविधिता समाप्त हो जाती है। भूमि की ऊपरी परत में पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो आग लगने के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। साथ ही नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। भारत सरकार द्वारा खेतों में फसल अवशेष नरवाई जलाने की घटनाओं की मॉनिटरिंग सेटेलाईट के माध्यम से की जा रही है। प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाएं मुख्यत: गेहूँ की फसल कटाई के बाद होती है जो लगातार बढ़ती जा रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के क्रम में फसलों की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने से प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण विभाग के नोटिफिकेशन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं जिसके अन्तर्गत नरवाई जलाने की घटनाओं पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है जिसमें 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने घुघरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों के मैदानी अमले द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत घुघरी गायत्री कुमार सारथी, सहायक यंत्री रामेश्वरी धुर्वे, उपयंत्री अहिरवार सहित संबंधित उपस्थित थे। ग्राम सहजर में मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने रामकली एवं रामनाथ के खेत तालाब के कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण भी दें। प्रभारी कलेक्टर ने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि खेत-तालाब की मेढ़ पर अरहर सहित अन्य फसलों की पैदावार लें।

## नाबालिग को किया परिजनों के सुपुर्द

**मण्डला/निवास।** 14 अक्टूबर को प्रार्थी कोमल सिंह अहिरवार पिता झाडू सिंह अहिरवार आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम मुकासकला का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक बेटी कुमारी बबली (परिवर्तित नाम )जिसकी आयु 17 साल 6 माह को 7 अक्टूबर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भागकर ले गया है प्रार्थी के बताएं अनुसार उसकी रिपोर्ट पर थाना निवास पर अपराध क्रमांक 197/2024 धारा 137 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना नाबालिक लड़की बबली परिवर्तित नाम को नर्मदापुरम से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपहृता एवं संदेही की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 2500 रुपए का नगद इनाम की घोषणा की गई थी। कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी वर्षा पटेल, सहायक उप निरीक्षक भुवन अटकरे, प्रधान आरक्षक जय पांडे, आरक्षक सिद्धार्थ, महिला आरक्षक रीना नागले एवं साइबर सेल आर सूर्यचंद बघेल रूपेंद की भूमिका रही।

## 25 से होगा एप पर रजिस्ट्रेशन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 विकसित भारत चैलेंज के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र द्वारा सभी स्कूल कॉलेज के युवाओं में 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक यह माय भारत पोर्टल एप पर रजिस्ट्रेशन होगा जिसकी बेबसाइट ये विंडो ओपन रहेगी विंडो इसमें रजिस्ट्रेशन करने वाले युवाओं को भाग लेने के बाद जिनका सिलेक्शन होगा वह नई दिल्ली में भाग लेंगे इसमें प्रधानमंत्री के सामने अपने सवाल जवाब और संदेश प्रधानमंत्री के सामने रखने का मौका मिलेगा।



# दूसरी पत्नी को पुत्री बताकर कराई रजिस्ट्री

## पीड़ितों ने कलेक्टर से शिकायत

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

भूमि के क्रय विक्रय मामले में रजिस्ट्रार ऑफिस के अधिकारी सजग रहते हैं कि कोई फर्जीवाड़ा ना हो। वैंसे तो माना जाता है कि यहॉ गलतियॉ नहीं होती किन्तु एक मामला जिले के निवास रजिस्ट्रार ऑफिस का प्रकाश में आया है। यहॉ कालपी भैंसवाही की 90 वर्षीय बुध्दो बाई गौंड़ एवं इनकी दो पुत्री रनिया बाई व सुमंत्री बाई गौंड़ के द्वारा कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया गया कि दिनांक 14.09.2024 को मिहीलाल गौंड़ की मृत्यु हो गई है जिससे अब मृतक की भूमि खसरा नं.182 रकबा 0.2100, खसरा नं.155 रकबा 1.1800, खसरा नं.357 रकबा 0.0900, खसरा नं.447 रकबा 0.5000 हेक्टेयर के हकदार पत्नि बुध्दो बाई एवं इनकी दो पुत्री हैं। बताया गया कि सहकारी बैंक में मृतक का 63 हजार रूपये कर्ज था जिसे अदा करने की बात नगरार पौंडी बीजाडांडी निवासी रिटायर्ड टीचर मयूर सिंह गोठरिया द्वारा कही गई थी। इसके एवज में मृतक के दामाद मंगल सिंह, मयूर सिंह गोठरिया के घर काम करता था। इसी दौरान दिनांक 24.10.2024 को रिटायर्ड टीचर ने फौती कटवाने एवं कर्ज अदा करने के नाम पर उपरोक्त लोगों को निवास बुलाया और उक्त खसरे की भूमि को 03 लाख 25 हजार रूपये में अपने पुत्र कुलदीप गोठरिया आयु 34 वर्ष एवं अपनी दूसरी पत्नि सविता गोठरिया आयु 29 वर्ष के नाम विक्रयनामा की रजिस्ट्री करा ली गई है। रजिस्ट्री पत्र के अनुसार पत्नि सविता 29 वर्षीय को पुत्री बताकर रजिस्ट्री करायी गई है। तीनों विक्रेता एवं एक गवाह मंगलसिंह निरक्षर एवं अनपढ़ हैं। अब ये अपने आप को ढगा हुआ महसूस करते हुए अनेक जिम्मेदारों से शिकायत कर रहे हैं। मामले का खुलासा तहसील न्यायालय निवास में उक्त भूमि के प्रमाणीकरण के दौरान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार क्रेता एवं विक्रेता दोनों पक्ष आदिवासी समाज के हैं और क्रेता पक्ष ने इसाई धर्म अपना लिया है। शिकायत पत्र में उक्त रजिस्ट्री को निरस्त करने एवं दोषियों के विरूध्द कार्यवाही करने की मॉग की गई है। अब देखने वाली बात होगी कि इन निरक्षर महिलाओं को कौन और कैंसे न्याय दिलाता है फिलहाल तो रजिस्ट्री हो चुकी है आरोप कितना सहीं व गलत है ये तो जॉच के बाद ही पता चलेगा अब पीड़ित लोगों को ग्राम के मुकद्दम सुरेश मरावी साथ दे रहे हैं।

# अंजनिया वन-धन केंद्र पहुँचे एमडी

## शहद का स्वाद चख रहे सैलानी



**मण्डला/अंजनिया (स्वतंत्रमत)।** आदिवासी बाहुल्य जिलों में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्रों की स्थापना की गई है जिसके तहत जिले के जिला वनोपज यूनियन सहकारी संघ पूर्व मण्डला के अंतर्गत अंजनिया, बिछिया, मेढ़ा, मवई, घुघरी, सलवाह, सिंगारपुर, मोहगांव, वन धन विकास केंद्रों की स्थापना वर्ष 2021 में की गई है । इन केंद्रों से जुड़े समूहों के सदस्यों के द्वारा वनों से आर्गेनिक उत्पाद संग्रहण कर केंद्रों में प्रोसेस किये जाकर पेकिंग कर विक्रय किया जाता है। परिक्षेत्र जगमंडल के अंतर्गत वन धन विकास केंद्र अंजनिया का 22 नवंबर को विभाष ठाकुर प्रबंध संचालक मप्र राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल ने शहद प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किए। वन धन केंद्र के सदस्यों के द्वारा शहद प्रोसेस करते हुए दिखाया गया तथा वन धन केंद्र प्रभारी बालसिंह ठाकुर ने वन धन केंद्र के सदस्यों के द्वारा बनाये जाने वाले उत्पाद अचार हरि मिर्च, लाल मिर्च, आंवला, आम, लहशुन, मिक्स नीबू के अचार बनाकर वन धन के माध्यम से विक्रय करने के बारे में बताया वनीय शहद सदस्यों के द्वारा संग्रहण कर वन-धन केंद्र अंजनिया में विक्रय किया जाता है जिसे कान्हा नेशनल पार्क के खटिया गेट में सोविनियर शॉप में विक्रय किया जाता है साथ ही प्रशासन द्वारा विभिन्न आयोजनों में भी स्टाल लगाकर विक्रय किया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला भोपाल में भी अंजनिया का शहद विक्रय होता है अंजनिया के वन धन केंद्र के उत्पादों की सराहना की निरीक्षण के दौरान कमल अरोरा मुख्य वन संरक्षक जबलपुर, ऋषिभा नेताम वनमंडल अधिकारी पूर्व मण्डला, माधव राव उइके उपवन मंडल अधिकारी जगमंडल, अविनाश जैन प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी जगमंडल, डॉक्टर एम वाय खोखर प्रभारी वनोषधि प्रसंस्करण केंद्र, ब्रजभान सिंह कुल्हिया परिक्षेत्र सहायक अंजनिया, बालसिंह ठाकुर प्रभारी वनधन केंद्र अंजनिया, देवकुमार मसराम सदस्य, हेमलाल यादव सदस्य,अमरसिंह सदस्य, छेदीलाल सदस्य उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** वैश्य महासम्मेलन संगठन की संभागीय बैठक उत्सव रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जहां मंडला व बालाघाट के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। सर्वप्रथम मां लक्ष्मी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए तिलक वंदन कर दीप प्रज्वालित किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत और उसके पश्चात उपस्थित सभी कोर ग्रुप सदस्य, पदाधिकारियों का तिलक वंदन एवं मोतीमाला पहनाकर स्वागत किया गया। 22 नवंबर की बैठक जिला मुख्यालय के होटल उत्सव में संपन्न हुई बैठक प्रदेश महामंत्री संदेश जैन एवं सत्यनारायण अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक के एजेंडा में 16 प्रमुख बिंदुओं पर संदेश जैन ने सबके समक्ष बात रखी उन्होंने कहा वर्ष के 12 के प्रभारी और संभागीय जिला तहसील बैठक आयोजित किया जाना का समय निर्धारित है हम सबको प्रदेश कार्यालय द्वारा तय निर्देशानुसार ही सब गतिविधियों को संचालित करना। हर जिले में आवश्यकता



पड़ने पर एक कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की जा सकती है मंडला और बालाघाट में भी किया जाना चाहिए इससे जिम्मेदारी का निर्वहन और बेहतर तरीके से आसान हो जाता है। प्रदेश अध्यक्ष महिला इकाई ज्योति जैन ने अपने उद्बोधन में कहा हर संगठन में मातृशक्तियों का बड़ा महत्व होता है मंडला में मातृशक्तियों के द्वारा आयोजित की गई सभी आयोजन हेतु पूरी टीम को बधाई देना चाहती हूं महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल ने बढ़िया नेतृत्व किया किंतु, अब संख्याबल बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है 31 दिसम्बर के पूर्व सदस्यता से आजीवन सदस्यता शुल्क पुराना ही लगेगा वरना 31 दिसम्बर के बाद बढ़ा हुआ आजीवन शुल्क देना होगा। जिलाध्यक्ष नितिन राय और जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल नींदला में संचालित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आगामी माह के आयोजन पर चर्चा की। संभागीय बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तपेश असाटी एवं विशाल कोठारी, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल और बालाघाट जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, जिला बालाघाट प्रभारी सुभाष गुप्ता के समस्त सदस्य, पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए मंडला और बालाघाट जिला के संभागीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की अनुशंसा पर रंजीत कछवाहा को मंडला एवं बालाघाट जिला का संभागीय महामंत्री और अखिलेश सोनी मंडला तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर शील्ड, आजीवन सदस्यता कार्ड, माल्यार्पण, तिलक वंदन कर सम्मानित किया गया साथ ही मंडला संभाग के मुख्य प्रेरणा स्त्रोत समर्पित अशोक गोयल का सम्मान प्रदेश और दोनों जिला के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रदेश एवं संभागीय जिला पदाधिकारी जो शामिल हुए संदेश जैन, सत्यनारायण अग्रवाल, श्रीमति ज्योति जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तपेश आशाठी एवं विशाल कोठारी, संभागीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संभागीय महामंत्री रंजीत कछवाहा, मंडला जिलाध्यक्ष नितिन राय, पत्रकार आनंद सोनी, बालाघाट जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, बालाघाट जिला प्रभारी सुभाष गुप्ता, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोनी, आनंद सोनी, अशोक सोनी, इंद्रेश बब्बल खरया, विजय अग्रवाल, अशोक नाहटा, दिलीप जयसवाल, मनोज खंडेलवाल, विनोद गुप्ता, महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल, वर्षा चौरसिया,आयुषी चौरसिया, मोना जैन, संजू चौरसिया सदस्य उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकने चलाया अभियान

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

ग्राम पंचायत राता सेक्टर मोचा परियोजना बिछिया जिला मण्डला में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर सखी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता अभियान अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टॉप सेंटर मण्डला प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा आसपास से आये हुये लोगों को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत बाल विवाह से जुडी सामाजिक कुरीतियों और उनके उम्र के पहले विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में बिछिया पंचायत अध्यथक्ष शकुना उइके, राता पंचायत सरपंच निशा वारीवा, उपसरपंच झनक लाल साहू, सचिव सरजू सिंह धुर्वे, ग्राम रोजगार सहायक, कार्यकर्ता राता, कपोटबहरा, पौड़ी, खुकसर और किनारेटोला, पर्यवेक्षक मधुलिका उपाध्याय उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक भ्रमण के लिए अधिकारी नियुक्त

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन के संचालन के प्रेक्षण हेतु अरूण पाण्डे, भा.प्र.से. (सेवा निवृत्त) भोपाल (म.प्र.) को मण्डला जिले के लिये आयोग द्वारा प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रेक्षक द्वारा इस जिले में प्रथम चरण में 24 नवम्बर से 28 नवम्बर तक तथा द्वितीय चरण में 8 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर तक नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) के दौरान भम्रण किया जाना है।

# टायर चोरी करने वाले आरोपी का खुलासा

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** प्रार्थी अंकित पिता राजेश यादव निवासी बार्ड नं. 06 बम्हनी का थाना बम्हनी में रिपोर्ट लेख कराया था की अपनी कार क्रं एमपी 20/सीजी/2686 आई-20 को सुधार कार्य के लिए बम्हनी स्थित पदुम्न भांवरे की गैरेज में दिया था जिसका दिनांक 15.11.2024 को कार के सामने की बाये तरफ का एक टायर रिंग सहित जिसकी कीमत 10,000/- रूपये है कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बम्हनी में अज्ञात आरोपी के विरुध्द अपराध धारा 303(2)बीएनएस का कायम कर चोरी गये टायर व अज्ञात आरोपी की तलास पतासाजी हेतु वरिष्ट अधिकारीगणो के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरी. प्रदीप पांडेय थाना बम्हनी के द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने एव चोर की तलाश पता हेतु थाना टीम के साथ सघन गस्त व चैकिंग के दौरान को हर्ष पिता संतोष विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी चिरईडोगरी की कार में चोरी गये टायर मयरिंग के मिलने पर पुछताछ कर हर्ष विश्वकर्मा द्वारा चोरी की घटना स्वीकार करना बलाने पर आरोपी से वाहन एवं चोरी गया टायर मयरिंग के जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्हनी निरीक्षक प्रदीप पांडेय, उप.निरी.जंयत पिछौडे, प्र.आर.सचिन, आर. तेवेन्द्र, आर.कुनाल, आर.चालक नवीन, महित्रा आर.श्रृध्दा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वृति नगरी पिंडरई में पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## यात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ हुईं दिव्य शुरुआत





नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

वृति नगरी पिंडरई में पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव का दिव्य शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिवस यात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ इसकी सुरुआत हुई। भव्यति भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह प्र.1010 पंचम निर्यापक अमन मुनिजी समता सागर के सानिध्य में पंच कल्याष्टक तृतीय दिवापर होगा। पिंडरई नगरी में परम पूज्य भाचार्य मयखडणे विद्यासागर जी महाराज एवं नगचार्य भी समय बागसी महापन के पंगत आर्शीवाद से राज्य निर्माय?क अमा मुनि श्री समता सागर जी महाराज की एवं ऐलक श्री निश्चय सागर जी, ऐलकती निजानंद सागर जी के ससंघ एवं आर्थिका रत्न 105 श्री चिंतन मतिमाता जी के संसघ पेव कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सन के तृतीय दिवा पर 18 श्री समता सागर जी महाराज का भव्य पिढ्ढि का परिवर्तन समारोह भी आयोजित होगा।

पंच कल्याण के प्रथम दिवस पर यात्रा एवं ध्वजारोहन के साथ समान्त भी हुआ। द्वितीयदि गर्मी कल्याणक के पूर्व क्रिया से हुई एवं श्री नवीन जिनालय में याग मेडल विधान सम्पन्न हुआ। जिसका इस पंचकल्याणक में वाणी भूषण मे प्रध्मचारी श्री विनय भैया ने कार्यक्रम विधान सम्मान करवाया। जाहिर है कि जैन समुदाय के धर्म अनुरागियों के साथ सभी सम्प्रदाय के धर्म प्रेमी भी इस महोत्सव में शिरकत कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव में नैनपुर महाविद्यालय ने लहराया परचम

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला स्तर के युवा उत्सव में नैनपुर महाविद्यालय ने अपना परचम लहराया। युवा उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राचार्य डॉक्टर जी सी मेश्राम के निर्देशन में और डॉक्टर ज्योति सिंह प्रभारी युवा उत्सव एवं डॉक्टर संजीव कुमार सिंह ,डॉक्टर लक्ष्मी राजपूत, रिया अवधवल के संयोजन में नैनपुर कॉलेज के विद्यार्थियों ने एकल गायन शास्त्रीय एवं एकल गायन वादन में नीरज सर्वे ने प्रथम एकल गायन सुगम में प्रगति अवधवल ने प्रथम,एकल नृत्य में अंकित साहू ने प्रथम ,समूह नृत्य में



राहुल आमों रोशनी मरावी, कुंज बिहारी रूपा शिव वंशी,अनिशा यूके,लक्ष्मी उईके,उपेन्द्र उईके,,ने प्रथम स्थान , कार्टूनिंग ,एवं पोस्टर में सबनम वरकड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य क्ले मॉडलिंग में पूनम सूर्यवंशी ने प्रथम भाषण एवं वाद विवाद में प्रवीण ठाकुर ने तृतीय और देवेंद्र परते ने भी वाद विवाद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य स्पॉट पेंटिंग में आदित्य धुर्वे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब जिला मंडला का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों ने अपने कौशल से नैनपुर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** शाखा प्रबंधक म.प्र.आदिवासी वित एवं विकास निगम ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 40 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। सेवा/व्यवसाय हेतु एक लाख से 25 लाख रू दिया जाने का प्रावधान है। बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदक का आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे।

# फैशन के नए रंग-ढंग में सुंदर लगेंगी दुल्हन



**फेस्टिवल सीजन खत्म होते ही लोग अब वेडिंग सीजन की तैयारियों में भी जुट गए हैं। खासतौर पर होने वाली ब्राइड्स के लिए शॉपिंग और प्लानिंग के लिए यह वक्त सबसे अच्छा है क्योंकि अभी वेडिंग सीजन आने में लगभग महीना भर बचा है। जाहिर है, जब बात ब्राइड की आती है तो फैशन के पिटारे में ढेरों सामग्रियों होती हैं। हर साल फैशन इंडस्ट्री वेडिंग सीजन के लिए विशेष ट्रेंड्स होते हैं और ब्राइड्स के लिए विकल्पों की कमी कभी भी नहीं होती है। फैशन वीक के दौरान भी ब्राइडल फैशन में कई नए रंग और ढंग देखने को मिले। कहीं पर रंगों के साथ प्रयोग किया गया तो कहीं पर एंब्रॉयडरी में नयापन नजर आया। आज हम आपको इस लेख में ब्राइडल फैशन में आए नए ट्रेंड्स और आने वाले नए विकल्पों से साझा कराएंगे।**

## ब्राइडल आउटफिट्स के कलर

अगर दुल्हन के आउटफिट्स की बात की जाए तो अब केवल शादी के फंक्शन के लिए ही नहीं बल्कि अन्य समारोह के लिए भी दुल्हन को अलग-अलग आउटफिट्स चाहिए होते हैं। ऐसे में केवल नए स्टाइल और पैटर्न के अलावा अब ब्राइड्स आउटफिट्स के कलर पर भी बहुत ध्यान देती हैं।

ब्राइडल आउटफिट्स में पहले लाल, गुलाबी, नारंगी, पीले आदि रंग को ट्रेडिशनल माना जाता था। वहीं अब व्हाइट, आइवरी, बेज आदि रंग भी ब्राइड्स को काफी लुभा रहे हैं, लेकिन अब ग्रे, ग्रीन, स्काई ब्लू आदि रंग भी ब्राइडल आउटफिट्स में खूब जच रहे हैं। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी अपने 2023-2024 ब्राइडल कलेक्शन में ग्रे कलर का काफी ग्रेसफुली प्रयोग किया है। साथ ही गोल्डन कलर के एंब्रॉयडरी वाले लहंगे भी आने वाले वक्त में ट्रेंड में नजर आएंगे।

लाल रंग को भी ब्राइडल आउटफिट्स में काफी देखा जा रहा है और मॉर्डन एंब्रॉयडरी के साथ यह रंग काफी अच्छा तालमेल बैठा रहा है। अगर बॉलीवुड फिल्मों की बात की जाए तो हालही में आई रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया द्वारा पहले गए ऑरेंज लहंगे को भी युवतियों के मध्य काफी पसंद किया गया है। इस तरह के लहंगे में आपको बाजार में काफी वैरायटी देखने को मिल जाएगी। आप इसे ऑर्डर पर तैयार भी करा सकती हैं।

## ब्राइडल आउटफिट्स को सजा रही हैं ये एम्ब्रॉयडरीज

ब्राइडल आउटफिट्स पर अब ट्रेडिशनल सलमा-सितारों वाली एंब्रॉयडरी नहीं की जाती है। अब इसमें भी मॉडर्न टच दिया जा रहा है। इसके लिए मिरर और स्वरोस्की वर्क को इंडियन डिजइनर्स कुछ ज्यादा ही तवज्जो दे रहे हैं और भला दे भी क्यों नहीं, ब्राइडल आउटफिट्स को रॉयल लुक देने में इन दोनों का बड़ा हाथ है। फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला की जोड़ी भी इस पर काफी डीप वर्क कर रही है। उनके तैयार किए गए ब्राइडल आउटफिट्स में आपको मिरर एंब्रॉयडरी और स्वरोस्की वर्क बखूबी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही गोल्ड और सिल्वर थ्रेड वर्क भी इस वक्त काफी चलन में है। यह आउटफिट को हैवी लुक देता है मगर वास्तव में उनका वजन काफी कम होता है।

## ब्राइडल आउटफिट्स स्टाइलिंग ट्रेंड्स

ब्राइडल आउटफिट्स में नए स्टाइल की भी भरमार है। अब लहंगे के साथ केवल 2 दुपट्टे ही कैरी नहीं किए जाते हैं बल्कि श्रग और केप का ट्रेंड भी खूब देख जा रहा है। साथ ही लॉन्ग जैकेट भी आप कैरी कर सकती हैं या फिर क्रॉप जैकेट, ब्लेजर आदि को पहन कर अपने ब्राइडल लुक को मॉडर्न बना सकती हैं। इसके अलावा डीप नेकलाइन और फूल स्लीव्स भी इस वक्त काफी ट्रेंड में है। इसके अलावा ऑफ शोल्डर और कोल्ड शोल्डर स्लीव्स का ट्रेंड भी ब्राइडल आउटफिट्स में वापिस आ रहा है। अगर आप भी इस वेडिंग सीजन दुल्हन बनने वाली हैं, तो आपको भी एक बार लेख में बताए गए ट्रेंड्स पर गौर फरमाना चाहिए।

## ब्राइडल लहंगे में वैरायटी

हर वर्ष की तरह आपको इस वर्ष भी ब्राइडल लहंगे में ढेरों वैरायटी देखने को मिलेंगी। जिसमें सोन चिड़िया, नीलकमल, हथफूल और जाली एम्ब्रॉयडरी आपको देखने को मिलेगी। यह ट्रेडिशनल एंब्रॉयडरी हैं, जो लहंगे पर अक्सर आप देखती हैं, मगर मसाबा ने इन्हें मॉडर्न टच दिया है। इस तरह के नए डिजाइन और वैरायटी में मोटिफ वाले लहंगे भी आपको आने वाले वेडिंग सीजन में खूब देखने को मिल सकते हैं।

उम्मीद है कि आपको हमारा यह आर्टिकल पसंद आया होगा। इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए आर्टिकल के ऊपर आ रहे कमेंट सेक्शन में हमें कमेंट कर जरूर बताएं कि आपको और किस तरह के फैशन विषयों में रुचि है। हमसे जुड़े रहें पढ़ते रहें हरजिंदगी।



# सर्दियों में इन हेल्दी ड्रिंक्स से करें दिन की शुरुआत

सर्दियों में अगर आप भी अपने शरीर को गर्म रखने के साथ तेजी से मोटापा कम करना चाहते हैं, तो ऐसे में सुबह इन देसी ड्रिंक्स को पीने से आपको बहुत फायदा मिल सकता है। ये आपके मेटाबॉलिज्म को कई गुणा बढ़ा देंगी और वेट लॉस में मदद करेंगी।

**ड्रिंक पीने से शरीर में गर्माहट**–सर्दियों में सुबह-सुबह कुछ शरीर को गर्म रखने वाली ड्रिंक पीने से शरीर में गर्माहट आती है, जिससे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बना रहता है और हम ठंड से बचे रहते हैं। इसके साथ ही, ये गर्म ड्रिंक्स इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद करते हैं, जिससे सर्दी-खांसी जैसे इन्फेक्शन से भी बचाव होता है।

**सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए ड्रिंक्स**– अदरक और हल्दी की चाय– ये चाय एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है। इसके साथ ही, अदरक और हल्दी शरीर को अंदर से गर्म रखते हैं और इम्युनिटी को बूस्ट करते हैं, जिससे सर्दी और खांसी से बचाव होता है।

**मसाला चाय**– दालचीनी, लौंग, इलायची और अदरक से बनी ये चाय न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि शरीर को अंदर से गर्म रखने और एनर्जी देने का काम करती है।

**लेमन हनी वॉटर**– गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने से बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। ये पाचन को सुधारता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।

**काढ़ा**– तुलसी, काली मिर्च, अदरक, और शहद से बना काढ़ा इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। ये गले की खराश और हल्की सर्दी में तुरंत राहत देता है।

**गर्म बादाम दूध**– बादाम दूध प्रोटीन और कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत है। इसे हल्दी और केसर के साथ गर्म करके पीने से शरीर को गर्माहट मिलती है और हड्डियां मजबूत होती हैं।

**मूंगफली का सूप**– यह सूप प्रोटीन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो सर्दियों में शरीर को गर्म और एनर्जेटिक बनाए रखता है। यह हड्डियों और मांसपेशियों के लिए भी फायदेमंद है।

**ग्रीन टी**– एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी पाचन तंत्र को सुधारती है और ठंड के असर से राहत देती है। इसका हल्का गर्म पानी शरीर को हाइड्रेट भी रखता है।

**गुड़-जीरे का पानी**– गुड़ और जीरा मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करते हैं और बॉडी को गर्म रखते हैं। ये आयरन और मिनरल्स का अच्छा स्रोत है, जो ठंड में शरीर की स्ट्रेंथ को बनाए रखते हैं।

**मसाला कॉफी**– कॉफी में दालचीनी, अदरक पाउडर या थोड़ा सा डार्क चॉकलेट मिलाकर पीने से शरीर को गर्माहट और एनर्जी मिलती है। यह मूड को भी बेहतर करता है और ठंड में एक आरामदायक अहसास देता है।

# पेट की जिद्दी चर्बी का असली दुश्मन है सेब का सिरका

काफी इंतजार के बाद ठंड का मौसम आखिरकार आ ही गया है। सर्दियां आते ही खाने-पीने के शौकीनों के लिए मजेदार सीजन शुरू हो जाता है। लेकिन इसी मौसम में ज्यादा भूख लगने और लाइफस्टाइल के धीमे पड़ जाने से वजन बढ़ने का खतरा भी सबसे ज्यादा होता है। अगर आप अपना वजन कंट्रोल में रखना चाहते हैं, तो सेब का सिरका आपके लिए वरदान साबित हो सकता है। यह फैट बर्न करने, पाचन को सुधारने और ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने में मदद करता है। सर्दियों में वजन



बढ़ने की समस्या आम है, लेकिन एप्पल साइडर विनेगर को डाइट में सही तरीके से शामिल करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है। यह न केवल मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है, बल्कि पाचन तंत्र और ब्लड शुगर को भी कंट्रोल में रखता है, खासतौर पर हाई कार्बोहाइड्रेट वाले भोजन के साथ इसका सेवन ब्लड शुगर को स्थिर रखने में सहायक होता है। इसे हमेशा पानी में मिलाकर ही सेवन करें, ताकि दांतों की इनेमल को नुकसान न पहुंचे।

## सुबह खाली पेट लें एप्पल साइडर विनेगर

सर्दियों की सुबह अक्सर हैवी ब्रेकफास्ट से शुरू होती है। लेकिन अगर दिन की शुरुआत 1 गिलास गुनगुने पानी में 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर की जाए, तो यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। यह भूख को नियंत्रित कर दिनभर ओवरईटिंग से बचाता है।

## सलाद का स्वाद बढ़ाएं

सर्दियों में तरह-तरह के सलाद का आनंद लिया जाता है। एप्पल साइडर विनेगर एक बेहतरीन सलाद ड्रेसिंग के रूप में काम कर सकता है। इसे अपने सलाद में डालें और हेल्दी और टेस्टी डिश तैयार करें। यह फैट बर्न करने में मदद करेगा और पाचन को भी बेहतर बनाएगा।

## फैट-कटिंग ड्रिंक बनाएं

एक गिलास सेल्ट्ज़र वॉटर या गुनगुने पानी में 1-2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। स्वाद के लिए इसमें नींबू का रस या शहद मिला सकते हैं। यह ड्रिंक ताजगी देता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाता है।

## हाई-कार्ब मील्स के साथ लें

सर्दियों में अक्सर परांठे, मक्के की रोटी और चावल जैसे हाई-कार्ब फूड्स खाए जाते हैं। इनसे वजन बढ़ने का खतरा रहता है। ऐसे में खाने के साथ 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर लेने से कार्बोहाइड्रेट्स का अवशोषण धीमा होता है और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

## नाइट डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में करें इस्तेमाल

सोने से पहले एक गिलास गुनगुने पानी में 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं और इसे पिएं। यह शरीर को डिटॉक्स करने के साथ मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है और फैट बर्निंग प्रक्रिया को तेज करता है। एप्पल साइडर विनेगर का सेवन 1-2 चम्मच से अधिक न करें। इसे हमेशा पानी में मिलाकर ही पिएं। यदि आपको एसिडिटी या कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।

# प्लास्टर वाली टांग

डॉ. मुकेश असीमित

आप चाहते हैं कि आप हमेशा दुनिया की नजरों में बने रहें, सबकी निगाहें आप पर टिकी रहें। जिस गली से गुजरें, लोग आपको देखकर रुक जाएँ, हाल-चाल पूछें, आपको याद करें। बस, आप आ जाइए हमारे पास, लगवा लीजिए एक प्लास्टर... सच में, हर जगह आपकी पूछ होगी। जो आपको जानते हैं, जो नहीं जानते, सब आपको रास्ते में रोक सकते हैं। अगर आपके हाथ में प्लास्टर लगा हुआ है, तो आप इस शहर के लिए एक चलता-फिरता अजूबा बन सकते हैं। लोग आपको ऐसे देखने लगेंगे जैसे चिड़ियाघर से कोई प्राणी सड़क पर आ गया हो। और अगर आपकी टांग में प्लास्टर लगा हुआ है और आप घर में कैद हैं, तो लोग आपके घर तक भी आ सकते हैं। पुराने दोस्त, रिश्तेदार, मोहल्ले वाले, जो कभी आपका हाल तक नहीं पूछते, वे भी बिना रोक-टोक आपके दरवाजे पर आ जाएँगे। कसम से, रातों-रात आपको लगेगा कि पूरी दुनिया आपकी टांग की चिंता में कितनी बेचैन हो गई है। आपने भले ही कभी किसी के काम में टांग न फंसाई हो, पर जब आपकी टांग टूटेगी, तो लोग आपकी टांग का हाल जानने दौड़े चले आएँगे। इतनी हसरत से आपकी टांग को देखेंगे जैसे उन्हें लग रहा हो कि यह अवसर उनको क्यों नहीं मिला, काश उनके भी प्लास्टर लगा होता... आज उनके घर पर भी पूछने वालों का जमावड़ा लगा होता।

शर्मा जी के कान दरवाजे पर लगी कॉल बेल पर हैं। जैसे ही कॉल बेल बजती है, शर्मा जी अपनी टांग को तकिये पर रख देते हैं। सामने वाले को, जिस पर शोक प्रकट करना है, वह सामने रहेगी तो आने वाले को धक्का सा नहीं लगेगा की यार प्लास्टर वाली टांग कहाँ है,' कहीं हम ठगा तो नहीं गए ,खबर तो पक्की है न ? कहीं हमारे समाचार लेने से पहले ही प्लास्टर कट गया हो..दस वहम जी..। मुख पर दु:ख और वेदना के भाव ले आते हैं, चेहरा थोड़ा लटका लेते हैं। इधर, श्रीमती जी किचन में चाय का पानी चढ़ा देती हैं, बेटा बाहर दूध की थैली और चाय की पत्ती लेने को भागता है।

प्लास्टर वाली टांग तकिये पर रखी है। लोग आ रहे हैं... मातमपुरसी का पूरा माहौल है। आहें भरी जा रही हैं, टांग को पकड़-पकड़ कर हिलाकर देखा जा रहा है, जिंदा है न? शर्मा जी को थोड़ी उँगली चलाने को कहा जाता है। शर्मा जी उँगली चलाते हैं, हाँ... ठीक है, मन को तसल्ली। टांग जिंदा है। डॉक्टर ने भी कहा है, हर एक घंटे में उँगली चलाते रहें, तसल्ली रहेगी कि टांग जिंदा है। क्या शर्मा जी, क्या मिश्रा जी, क्या गुप्ता जी-जिनकी टांग टूटी है और प्लास्टर लगा है, सबकी एक ही राम कहानी है। अब आप तैयार हो जाइए, इस पूरी कहानी के भूत, भविष्य और वर्तमान को सुनाने के लिए। कोई भी बात छूटनी नहीं चाहिए। सबसे पहले तो यह बताएं कि चोट कैसे लगी, कितना दर्द हुआ, आवाज आई थी क्या टांग टूटने की? जब टांग टूटी, कैसा महसूस हुआ-अ'छा या बुरा? अब कैसा महसूस हो रहा है? फिर समाचार लेने वाला कोशिश करेगा आपको सांत्वना देने की, अरे भाई साहब ,आपकी क्या टांग टूटी है पिद्दी सी... ! ये भी कोई टांग टूटना होता है? टांग तो हमारे साले साहब की टूटी थी... भाई साहब, कैसी टांग टूटी थी उनकी, सच में!

शर्मा जी सोचेंगे कि कितनों को सुना चुके हैं, अब क्या सुनाएँ बार-बार वही कहानी। यह भी कोई बात हुई... जो साहब समाचार लेने आए हैं, उन्हें तो सुनाना ही पड़ेगा, वरना वे ही आपको सुना देंगे, बताइए, हम समाचार लेने आए और इन्हें इतनी भी तमीज़ नहीं कि हमें बता दें कि हुआ कैसे? घटनास्थल का आँखों-देखा हाल तो आपको ही बताना पड़ेगा। या तो एक कैसेट रिकॉर्ड कर लीजिए और प्ले कर दीजिए या अपनी कहानी किसी नौकर को रटा दीजिए और उसे इस काम पर लगा दीजिए।


समाचार लेने वाला व्यक्ति अपनी सांत्वना देने से पहले पूरी घटना की गंभीरता के अनुसार अपनी सांत्वना की पोटली खोलेगा। फिर आपको कुछ सबूत भी पेश करने पड़ेंगे कि वास्तव में टांग टूटी है या यूँ ही मजाक कर रहे हैं, क्या पता आपका ..नकली प्लास्टर लगाकर बैठे हों । अब सबूत में आप डॉक्टर की पर्ची, एक्स-रे फिल्म, प्लास्टर का बिल, या फिर टूटने के समय की कोई वीडियो रिकॉर्डिंग, या टूटने की आवाज की ऑडियो रिकॉर्डिंग, या कोई चश्मदीद गवाह प्रस्तुत कर सकते हैं। अब यह साबित तो आपको ही करना पड़ेगा न, आखिर टांग भी तो आपकी ही टूटी है।

कई समाचार लेने वाले निराश भी होंगे... अरे क्या शर्मा साहब, हम समाचार लेने आये हैं यह सोचकर की कोई ढंग की टांग टूटी होगी...ये क्या मामूली सा फ्रैक्चर.. बताओ काम धाम छोड़कर एक तो इनके समाचार लेने आओ, और एक ये हैं महाशय हैं की ,ढंग से टांग भी नहीं तुड़्वाते

शर्मा जी ग्लानी से मरे जा रहे हैं..'अगली बार शिकायत का मौका नहीं देंगे ऐसा प्रण लिए हैं'

शर्मा साहब, आप तो इतने संभलकर चलते हैं, गाड़ी भी धीरे चलाते हैं, कई बार देखा हमने। ऐसे लोग तो शर्मा जी से जलन रखते हैं कि शर्मा साहब इतना धीरे क्यों चलते हैं, कभी टांग-वांग क्यों नहीं तुड़्वाते ताकि हमें भी समाचार लेने का मौका मिले। बहुत दिनों से सोच रहे थे कि शर्मा जी से मिलने का मौका कब मिलेगा, असल में उन्हें अपने बेटे की नई जॉइनिंग के बारे में सलाह लेनी थी। और देखो, आज मौका मिल गया। एक पंथ दो काज ।

शर्मा जी शुरू करते हैं, लेकिन समाचार लेने वालों का ध्यान नाश्ते में परोसे गए समोसों पर चला जाता है। सोचते हैं, सुनाएँ या नहीं? लेकिन मन को तसल्ली देते हैं, अरे समोसे तो मुँह से खा रहे हैं न, कान थोड़े ही व्यस्त हैं, सुन तो रहे हैं न। लो, उन्होंने समोसा आधा खत्म करके प्लेट में रख दिया, अब पूछ भी रहे हैं, तो शर्मा जी, कैसे हुआ एक्सीडेंट?




शर्मा जी कहने वाले होते हैं, बहुत दिनों से टांग में खुजली चल रही थी, एक्सीडेंट से मिलने की खुजली ।रोजाना रास्ते में एक्सीडेंट मिलता ..पूछता 'शर्मा जी अब तो हो जाने दो न..देखो आपकी टांग भी मिलना चाह रहे है मुझ से.. 'फिर एक दिन, तरस खाकर मैंने कह दिया – हो जाओ भाई । बस हो गया।

जब वे आएंगे और प्लास्टर को देखेंगे तो कहेंगे, अरे शर्मा जी, कितने दिन का कहा है डॉक्टर ने?

आप कहेंगे, जी, 20 दिन का। तुरंत कोई बोलेगा, नहीं-नहीं, कम से कम 6 हफ्ते रखवाइए शर्मा जी। डॉक्टर को कहिए, 20 दिन के बाद और 20 दिन बढ़ा दे। अब टांग बार-बार तो टूटती नहीं, आराम दीजिए टांग को। कुछ लोग सलाह देंगे, यार, आपको डॉ. रस्तोगी को दिखाना चाहिए था, वो सही में टांग जोड़ते हैं। हमारे साले साहब की टांग जोड़ दी थी और जुड़ने के बाद लगा ही नहीं कि पहले टूटी थी। स्साला एक्सीडेंट भी कन्फुज ..यार ये टांग अभी तक टूटी क्यों नहीं..नया माल लग रहा है बिलकुल..फ्रेश ।

शर्मा जी सोचेंगे, अगली बार जब टूटेगी तो डॉ. रस्तोगी को भी अजमा लेंगे। फिर कोई पूछेगा, वैसे हुआ क्या था? आप कहेंगे, जी, टांग टूट गई है।

किसने बताया, डॉक्टर ने।

अरे किस डॉक्टर को दिखाया?

डॉ. गर्ग साहब को।

ये वो लोग है जो बाल की खाल निकलने को आतुर..इन्हें लगता है ये सब सहानुभूति बटोरने के बहाने हैं,हम समाचार लेने वालों को नाहक परेशान किया जा रहा है..अब कुछ लोग अप्रत्यक्ष रूप से आपके मोटिवे को जानने के लिए अपनी कहानियाँ सुनाने लगेंगे, वो अपने वर्मा जी हैं न, चुनाव में ड्यूटी लगी थी, छुट्टी नहीं मिल रही थी, तो डॉ. गर्ग ने एक पर्ची बना दी,एक नकली प्लास्टर लगवा दिया और छुट्टी मिल गई।

शर्मा जी क्या करें, कहेंगे, अरे, मेरी तो सच में टूटी है। आप प्रमाण चाहते हैं? ये लीजिए एक्स-रे। और एक्स-रे उल्टा पकड़कर देखने वाले कहेंगे, अरे डॉक्टर ने फ्रैक्चर कहाँ से निकाल दिया? हमें तो कहीं कोई फ्रैक्चर नजर नहीं आ रहा। तब शर्मा जी अपनी आखिरी गवाही के लिए अपनी पत्नी को बुलाएँगे, जरा बताओ न, कैसे हुआ? पत्नी कहेंगी, भाई साहब! स्कूटी पर जा रहे थे, गड्ढे तो आपको पता ही हैं सड़कों पर। दोनों गिरे और टांग नीचे आ गई स्कूटी के।

फिर प्लास्टर के रंग-रूप और शेप का मुआयना करेंगे। सलाह देंगे, फाइबर लगवाते, महंगा है पर अ'छा दिखता है। कुछ लोग अपने पेन-पेंसिल से आपके प्लास्टर पर शुभकामनाएँ लिखकर या अपने ऑटोग्राफ देकर भी जाएंगे, जैसे यह अतिथि बुक हो और वो अजायबघर में आये हैं,आपकी प्लास्टर वाली टांग को देखने। कुछ सलाहकार देसी इलाज़ भी सुझाएँगे। कोई गाय का मूत्र, कोई बकरी का दूध, तो कोई सूअर का घी, और कहेंगे कि लगाओ, फायदा होगा। शर्मा जी को ऐसा लगने लगेगा कि टांग पर जितना प्लास्टर का चूना नहीं लगा, उससे 'यादा सलाह का चूना चढ़ रहा है।

रिश्तेदार सब्जी-फल भी लेकर आएंगे, भाई साहब, क्या हो गया महंगाई को ..सेब देखो तो 200 रुपए किलो हैं और वो भी सड़े हुए, मजबूरी में केले लेकर आ गए।

शर्मा जी उनके केले की थैली के बोझ टेतले दबे जा रहे हैं..अरे इसकी क्या जरूरत थी भाईसाहब... इस भार को थोडा हल्का करने के लिए शर्मा जी कहेंगे , सुनो, चाय बना दो न। रिश्तेदार...हें हें ..अरे भावी जी को क्यों परेशान करते हैं..चलो बना ही रहे हैं तो फीकी ही बनाना, तुम्हें पता है डायबिटीज हो गई है,अरे हाँ आपको सुगर तो नहीं है?

शर्मा जी कहेंगे, चेक नहीं कराई। ?

इस पर एक और सुझाव मिलेगा, अब तो शुगर चेक करवानी पड़ेगी। कई के पैर सड़ गए हैं प्लास्टर के बाद। फिर उनके पास किस्सों की भरमार है ,प्लास्टर की बीभत्स रस से भरी हुई स्टोरी के..किसी का प्लास्टर टाइट होने से,किसी के सुगर होने से न जाने कितनी टाँगे सडकर कट चुकी हैं ।

शर्मा जी प्लास्टर प्रकरण की इन डरावनी कहानियों को सुनकर थरथर काँप रहे हैं

कुछ लोग तो यही चाहेंगे कि जल्दी ठीक न हों। भाई साहब, प्लास्टर खुलने के बाद भी हल्के काम करना, और दूसरी टांग का भी ख्याल रखना। ये एक बार टूटे तो दूसरी को जलन होने लगती है। कुछ लोग बार-बार आएंगे, क्योंकि आप मजबूर हैं, टूटी टांग के साथ पड़े हैं। अब आप बहाना भी नहीं कर सकते कि घर पर नहीं हैं, आखिर टांग टूटी है, कोई मजाक थोड़े ही।

# 84 की उम्र और 64 साल की राजनीति की 'आखिरी बाजी' में अपमानजनक मात कैसे खा गए शरद पवार

नई दिल्ली

हाल ही में महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के आखिरी दौर के वक्त राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि मुझसे पंगा लेना भारी पड़ सकता है। जिन लोगों ने मेरा साथ विश्वासघात किया है उन्हें सबक सिखाना जरूरी है। आज जब महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे सामने आए तो शरद पवार की पार्टी को मुंह की खानी पड़ी है। शरद पवार की पार्टी को महज 12 सीटों पर जीत मिलती दिख रही है। इस बुरी हार के बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या 84 साल के शरद पवार अब राजनीति से संन्यास लेंगे? क्या यह उनका आखिरी चुनाव होकर रह जाएगा? सियासत की आखिरी बाजी में शरद पवार कैसे मात खा गए? इसे समझते हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले ह्ष्टक्क के संस्थापक शरद पवार ने चुनावी राजनीति से संन्यास के संकेत दिए थे। पवार ने कहा है कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि पार्टी संगठन का काम देखते रहेंगे। यानी ह्ष्टक्क (स्क्) चीफ के पद पर काम करते रहेंगे। 84 साल के शरद पवार ने बारामती में मंगलवार को कहा, %कहीं तो रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब चुनाव नहीं लड़ना है। अब नए लोगों को आगे आना चाहिए। मैंने अभी तक 14 बार चुनाव लड़ा है। अब मुझे सत्ता नहीं चाहिए। मैं समाज के लिए काम करना चाहता हूं। विचार करूंगा कि राज्यसभा जाना है या नहीं।% अब महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद उनकी पार्टी को महज 12 सीटों पर ही जीत मिलती दिख रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यह चुनाव उनके लिए आखिरी होगा।



**केंद्र से लेकर महाराष्ट्र की राजनीति तक छाए रहे शरद पवार-** शरद पवार का पूरा नाम शरदचंद्र गोविंदराव पवार है। वह 4 बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह पीवी नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में रक्षा मंत्री के रूप में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में रहे हैं। नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में वह कृषि मंत्री भी रहे हैं।

**जब भाई के कहने के बाद भी कांग्रेस के लिए लड़े-** 1960 में शरद पवार ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। 1960 में कांग्रेसी नेता केशवराव जेधे का निधन हुआ और बारामती लोकसभा सीट खाली हो गई। उपचुनाव में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया ने शरद के बड़े भाई बसंतराव पवार को टिकट दिया, जबकि कांग्रेस ने गुलाबराव जेधे को उम्मीदवार बनाया। उस वक्त वाईबी चव्हाण महाराष्ट्र के ष्टरू थे। उन्होंने बारामती सीट को अपनी साख का मुद्दा बना लिया था।

**शरद पवार पहली बार बारामती से विधायक बने-** शरद पवार अपनी किताब अपनी शर्तों पर' में लिखते हैं कि मेरा भाई कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार था। हर कोई सोच रहा था कि मैं क्या करूंगा? बड़ी मुश्किल स्थिति थी। भाई बसंतराव ने मेरी परेशानी समझ ली। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि तुम कांग्रेस की विचारधारा के लिए समर्पित हो। मेरे खिलाफ प्रचार करने में संकोच मत करो। इसके बाद मैंने कांग्रेस के चुनाव प्रचार में जान लगा दी और गुलाबराव जेधे की जीत हुई। महज 27 साल की उम्र में शरद पवार 1967 में बारामती विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। पिछले 5 दशकों में शरद पवार 14 चुनाव जीत चुके हैं।

**शरद पवार ने अपनी पार्टी का विभाजन झेला-** 10 जून, 202× को शरद पवार ने बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया। शरद के इस फैसले से अजित पवार नाराज हो गए। ठीक 2 महीने बाद 2 जुलाई 202× को अजित पवार ने 8 विधायकों के साथ की अपनी ह्ष्टक्क पार्टी से बगावत कर दी। शिंदे सरकार में डिप्टी ष्टरू बनने वाले अजित पवार ने ह्ष्टक्क पर अपना दावा ठोक दिया है। 29 साल पहले बनी ह्ष्टक्क पार्टी टूट के कगार पर पहुंच गई है। अजित पवार ने 40 से 'यादा विधायकों के समर्थन होने का दावा किया। चुनाव आयोग ने 6 फरवरी 2024 को कहा कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है।

**अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न हार गए शरद पवार-** 6 महीने तक चली 10 सुनवाई के बाद पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न घड़ी अजित गुट को दे दिया गया। इसके बाद आयोग ने शरद पवार के गुट के लिए ह्ष्टक्क शरद चंद्र पवार नाम दिया। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह तुरही है। इस तरह ह्ष्टक्क पार्टी टूटकर दो हिस्सों में बंटी तो दोनों पार्टी की कमान पवार परिवार के ही हाथ में रही।

**शरद पवार महाविकास अघाड़ी के साथ तो अजित महायुति के साथ-** महाराष्ट्र की सियासत में चाचा और भतीजे की जोड़ी में कुछ इस कदर दरार पैदा हुआ कि अजित पवार बीजेपी और शिवसेना शिंदे गुट की महायुति गठबंधन में शामिल हो गए। दूसरी ओर शरद पवार महाविकास अघाड़ी के साथ खड़े हैं जिसमें कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना है। चुनावी मैदान में चाचा और भतीजे दोनों एक दूसरे को कमतर दिखाने में लगे हुए थे। चाचा और भतीजे की सियासी जंग में भतीजे ने बाजी मार ली।

**लाडली बहना योजना की वजह से भी पवार को हार-** मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार की लाडली बहन योजना के बाद महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने भी इस साल जून महीनेमें मुख्यमंत्री-मेरी लाडली बहन योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जा रहे हैं।बीजेपी की प्रचंड जीत में इस फैक्टर का भी बड़ा योगदान था। इसने शरद पवार के गुट के मुद्दे को चलने नहीं दिया।


**एनसीपी-कांग्रेस का बेरोजगारी का मुद्दा भी बेकार साबित हुआ-** महाराष्ट्र चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेर रही है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी को उम्मीद थी कि उन्हें चुनाव में लोगों का साथ मिलेगा। मगर, नतीजे इसके उलट रहे। महाराष्ट्र में न तो सोयाबीन की एमएसपी की गारंटी का मुद्दा भी नहीं चला।

**बीजेपी का तोड़ नहीं निकाल पाए शरद पवार-** शरद पवार बीजेपी की ध्रुवीकरण की राजनीति का तोड़ नहीं निकाल पाए। वह पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की ध्रुवीकरण की राजनीति के जाल में उलझकर रह गए। इस बार वह जनता के नब्ज को समझने में नाकाम भी रहे, क्योंकि वह बेरोजगारी और महंगाई की ही बात करते रहे। इसके अलावा, लोगों को पवार की राजनीति में दम भी नहीं दिखा, क्योंकि उनके भतीजे अजित पवार ने ही बगावत करके विरोधी खेमे के साथ गठबंधन कर लिया था।

# हिंद महासागर में पाताल के रास्ते का खुला रहस्य

लंदन

हमारी धरती अपने अंदर तमाम रहस्यों को समेटे हुए हैं। समंदर के रहस्य तो ऐसे हैं जिन्होंने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। ऐसा ही एक रहस्य भारत के पास स्थित हिंद महासागर के अंदर मौजूद है, जहां पानी के बीच एक विशाल गड्ढा नजर आता है। यह एक विशाल महासागरीय क्षेत्र है, जहां समंदर में कहीं और तुलना में समुद्र का स्तर 348 फीट (106 मीटर) कम है। 1948 में खोजे गए इस रहस्यमय गड्ढे को वैज्ञानिकों ने ग्रेविटी होल नाम दिया था। इसकी उत्पत्ति हाल ही तक रहस्य बनी रही थी, लेकिन अब इससे पर्दा हट गया है।



समंदर में पानी के बीच यह विशालकाय गड्ढा प्रकृति की अनोखी रचना है, जो 31 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह समुद्री क्षेत्र भारत के दक्षिण-पश्चिम में 1200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। समंदर के बीच मौजूद इस रहस्यमय गड्ढे को पाताल के दरवाजा भी कहा जाता रहा है। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि इस क्षेत्र में गुरुत्वाकर्षण खिंचाव इतना कमजोर है कि पानी का स्तर बाकी के हिस्से की तुलना में नीचे चला गया है। खोज के बाद से ही वैज्ञानिक इसकी उत्पत्ति को समझने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन इसका उत्तर 2023 में मिला। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस क्षेत्र का निर्माण 14 करोड़ साल पहले हुआ था। शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के मेंटल और टेक्टोनिक प्लेटों की गति को समझने के लिए 19 कम्प्यूटर मॉडल का उपयोग किया।

स्टडी में पाया गया है कि इसके निर्माण के पीछे टेथीज सागर है जो अब खत्म हो गया है। इसमें कहा गया है कि हिंद महासागर के रहस्यमय ग्रेविटी होल का निर्माण टेथीज सागर की मौत के बाद बना। टेथीज सागर पृथ्वी की पपड़ी के हिस्से पर था, लेकिन 18 करोड़ साल पहले गोंडवाना के टूटने के दौरान यह यूरेशियन प्लेट के नीचे दब गया। इस तरह क्रस्ट के टुकड़े मेंटल के नीचे डूब गए। गोंडवाना एक प्राचीन महाद्वीप था, जो 18 करोड़ साल पहले टूट गया था। वर्तमान अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, भारतीय उपमहाद्वीप और अरब प्रायद्वीप इसका ही हिस्सा थे। स्टडी के अनुसार, भारत भी अफ्रीका का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन करोड़ों साल पहले यह यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट की ओर खिसकने लगा। इस प्रक्रिया में टेथीज सागर का सी बेड (समुद्री तल) मेंटल के नीचे आने लगा था। इस तरह टेथीज सागर के ऊपर हिंद महासागर का निर्माण हुआ। टेथीज सागर का तल हिंद महासागर के नीचे दबा हुआ है और इसका मैग्मा पिघल रहा है। यह कम घनत्व वाला ऊपर की ओर उठा, जिससे क्षेत्र का कुल द्रव्यमान कम हो गया और गुरुत्वाकर्षण खिंचाव कमजोर हो गया। इसकी वजह से पानी का स्तर यहां दुनिया के मुकाबले नीचे चला गया।

## गुटेरेस ने की पाकिस्तान में हुए हमले की निंदा

संयुक्त राष्ट्र, 23 नवंबर (वार्ता) संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए घातक हमले की कड़ी निंदा की है।

गौरतलब है कि बंदूकधारियों द्वारा गुरुवार को तीन यात्री वाहनों को निशाना बनाकर किए गए हमले में कथित तौर पर कम से कम 42 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हुए हैं।

श्री गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संरा महासचिव ने कहा है कि नागरिकों के खिलाफ हमले अस्वीकार्य हैं।

श्री गुटेरेस ने पीड़ितों के परिवारों और पाकिस्तान सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से इस हमले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराये जाने का आवाहन किया है।

# इजरायल यूरोपीय देश को देगी हर्मेस 900 किलर ड्रोन

तेलअवीव

गाजा और लेबनान युद्ध के बीच इजरायल को बड़ी सफलता मिली है। इजरायल की डिफेंस कंपनी इल्बिट सिस्टम लिमिटिड ने ऐलान किया है कि उसे एक अनाम यूरोपीय देश से 33 करोड़ 50 लाख डॉलर का ऑर्डर मिला है। इजरायल की यह दिग्गज हथियार निर्माता कंपनी अत्याधुनिक रॉकेट लॉन्चर पल्स और हर्मेस 900 किलर ड्रोन सप्लाई करने जा रही है। यह वही हर्मेस 900 ड्रोन है जिसका इस्तेमाल इजरायली सेना गाजा से लेकर लेबनान तक तबाही मचाने में कर रही है। इस ड्रोन और रॉकेट की मदद से यह यूरोपीय देश अपनी रक्षा क्षमता को कई गुना बढ़ा सकेगा। वहीं इस करोड़ों डॉलर की डील से भारत की हथियार निर्माता कंपनी अडानी डिफेंस को भी बड़ा फायदा होने जा रहा है।

इजरायल का पल्स भारत के पिनाका की तरह से ही एक बेहद कम कीमत वाला सिस्टम है जो रॉकेट से लेकर सटीक हमला करने वाली मिसाइलों को दाग सकता है। वहीं हर्मेस 900 की बात करें तो यह इल्बिट कंपनी का सबसे बड़ा ड्रोन विमान है। यह किलर ड्रोन मध्यम ऊंचाई और लंबे समय तक हवा में उड़ान भरने के लिहाज से बेहद फायदेमंद है। यह ड्रोन विमान जमीन से लेकर समुद्र तक जासूसी, निगरानी और लक्ष्य को तबाह करने की क्षमता से लैस है। इस ड्रोन विमान को साल 2011 में दुनिया के सामने इजरायली कंपनी ने पेश किया था।

भारत समेत दुनिया के करीब 20 देश हर्मेस 900 ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। इल्बिट के सीईओ बेझालेल मचलिस ने एक बयान में कहा कि इन हथियारों की डील से हमें यूरोपीय ग्राहक को सपोर्ट करके गर्व महसूस हो रहा है जो काफी प्रभावी हैं और कहीं भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर्मेस 900 ड्रोन कई तरह के मिशन जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने जोर देकर कहा है कि वह इस विश्वसनीय ड्रोन की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इजरायल और यूरोपीय देश के बीच इस हर्मेस 900 ड्रोन डील से भारत को बड़ा फायदा होने जा रहा है जो अब हथियार निर्माण के बड़े हब के रूप में उभर रहा है। इससे भारत की दिग्गज कंपनी अडानी डिफेंस की बल्ले-बल्ले होने जा रही है। आईडीआरडब्ल्यू की रिपोर्ट के मुताबिक हर्मेस 900 ड्रोन को भारत में हैदराबाद स्थित अडानी डिफेंस की कंपनी में बनाया जाएगा और यही से इसका निर्यात यूरोपीय देश को किया जाएगा। इस ताजा डील से वैश्विक हथियार बाजार में भारत की भूमिका काफी बढ़ने जा रही है।

अडानी डिफेंस ने इल्बिट के साथ मिलकर इस ड्रोन को भारत में बना रही है। इस ड्रोन को भारतीय सेनाओं को सौंपा गया है और गाजा युद्ध के बीच इजरायल ने भी भारत से यह ड्रोन लिया है। यही नहीं हर्मेस 900 ड्रोन के कई कलपुर्जों को भारत में मौजूद अन्य कंपनियों से भी खरीदा जाएगा जिससे उन्हें भी फायदा होने जा रहा है।

## महिला के फेफड़े में फंसा नाक में पहनने वाले आभूषण का पेंच निकाला गया

कोच्चि, (वार्ता)

केरल में कोच्चि के मुंडमवेली की एक 44 वर्षीय महिला के फेफड़ों में फंसा नाक में पहनने वाले आभूषण का पेंच चिकित्सकों ने निकाल दिया है। महिला बुखार और खांसी से लगातार पीड़ित थी, जिसके बाद उसने कोच्चि के एक निजी अस्पताल में दिखाया। अस्पताल में जांच के बाद उसकी छाती के एक्स-रे के दौरान पता चला कि महिला के फेफड़ों पेंच फंसा हुआ है। छाती के एक्स-रे से पता चला कि चार साल पहले टूटा हुआ पेंच उसके दाहिने निचले फेफड़े के बेसल खंड में फंस गया था।



जांच के बाद में महिला को विशेष देखभाल के लिये अमृता अस्पताल में रेफर किया गया। हॉस्पिटल में रेस्पिरेटरी मेडिसिन की प्रमुख के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम ने सर्जरी की आवश्यकता को टालते हुयें फाइब्रोटिक ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग करके पेंच को सफलतापूर्वक हटा दिया। दो दिन की निगरानी के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

# बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर हैं हिंसा और भ्रष्टाचार

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में कार्तिक पूजा के दौरान एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस मामले में पुलिस ने रविवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने इसे संवेदनशील बताया और कहा कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि अगर इलाके में उनकी जरूरत पड़ी तो वे वहां का दौरा भी करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने हिंसा और भ्रष्टाचार को राज्य की राजनीति के लिए कैंसर बताया।



मुर्शिदाबाद हिंसा पर बात करते हुए राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, यह मुद्दा बहुत संवेदनशील है। मैं स्थिति पर नजर रख रहा हूं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के जरिए मुझे जानकारी मिल रही है। मैं स्वयं आकलन कर रहा हूं। अगर मेरी वहां जरूरत है तो मैं वहां का दौरा करूंगा। इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए।राज्यपाल ने आगे कहा, बंगाल एक महान भूमि है। बंगाल के लोग बहुत संस्कारी है, लेकिन राजनीति खराब है। जैसा कि कहा जाता है, राजनीति इस देश में आखिरी चारा है। अब मुझे इसका मतलब समझ आ रहा है, लेकिन इसे बदलना होगा। बंगाल के लोग इस तरह की चीजों को राजनीति में नहीं रहने देंगे। हिंसा और भ्रष्टाचार बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर है। इन दो चीजों को अब राजनीतिक कार्रवाई के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। मैं किसी विशेष राजनीतिक दल को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा हूं। यह हमारे सामने एक सच है कि हिंसा और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

बेलडांगा में कार्तिक पूजा पांडाल के पास बने अस्थायी गेट पर एक डिजिटल बोर्ड पर कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद एक गुट ने विरोध जताया। इसके बाद दूसरे गुट के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए और दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। झड़प में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। पुलिस की गाड़ी पर भी हमला हुआ, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

## दूल्हे और पिता को लड़की वालों ने बनाया बंधक, तीन दिन के बाद पुलिस ने कराया मुक्त

मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में शादी करने के लिए बारात लेकर पहुंचे दूल्हा और उसके पिता को लड़की पक्ष ने बंधक बना लिया।और इस दौरान में तीन दोनों तक बंधक बने दोनों को पुलिस ने न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि शादी भी करवाई है। जिसकी चर्चा पूरे गांव में खूब है मामला जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र का है।

परिजनों का कहना है कि शादी में होने वाली रिवाज के दौरान लड़का पक्ष के द्वारा लाए गए गहने कम दिखे, जिससे लड़की पक्ष नाराज हो गये। गहना कम होने के मुद्दे पर दोनों तरफ से बहस होने लगी। धीरे धीरे ब्बात बढ़ने लगी और फिर लड़की पक्ष वाले न सिर्फ दूल्हा को बल्कि उसके पिता को भी बेटे के ससुराल में ही बना लिया। दोनों बाप-बेटे तीन दिनों तक बंधक बने रहे। जब लड़का और उसके पिता शादी के बाद घर नहीं लौटे तब लड़का पक्ष के लोग इस मामले की जानकारी बरियारपुर थाना की पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस शादी स्थल पर पहुंची और मामले का निबटारा किया। पुलिस ने दोनों की शादी मंदिर में करवाई। फिलहाल इस शादी की खूब चर्चा हो रही है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**



## विजय 69 ने मेरी क्रिकेट के लिए संघर्ष की यादें ताजा कर दीं : सुरेश रैना

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि फिल्म 'विजय 69 ने उनकी क्रिकेट के लिए संघर्ष की यादें ताजा कर दीं हैं। सुरेश रैना ने हाल ही में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'विजय 69' देखने के बाद अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। रैना ने फिल्म को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह उन्हें अपने संघर्ष और अपने सपने को पूरा करने की याद दिलाती है। सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा,विजय 69 देखी, जो अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह सच में एक बेहतरीन फिल्म है। फिल्म के संदेश और भावनाओं ने मुझे झकझोर दिया। इसने मुझे मेरे उन दिनों की याद दिला दी जब मैंने भारत के लिए खेलने का सपना नहीं छोड़ा, भले ही कितनी ही मुश्किलें मेरे सामने थीं।ञ्चअनुपमखेरजी, यह आपकी अब तक की सबसे शानदार परफॉर्मेंस है। मैं शायद ही कभी फिल्मों को देखकर भावुक होता हूं, लेकिन इस फिल्म ने मेरे दिल को छू लिया। इसने मुझे सिखाया कि हर इंसान के अंदर एक 'विजय मैथ्यू' होता है। मुझे उम्मीद है कि हर भारतीय इस फिल्म को जरूर देखे।रैना ने लिखा,मैं सभी से कहना चाहता हूं कि कभी भी अपने सपने को मत छोड़ें। आप उसे दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से जरूर हासिल कर सकते हैं। अनुपम जी, विजय 69 के जरिए हमें प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। यह फिल्म हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा है।

## अमित गोलानी की 'लॉग आउट' में नज़र आएंगे बाबिल खान



बाबिल खान, निर्देशक अमित गोलानी की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म लॉग आउट नजर आने वाले हैं। अर्जेंटीना में प्रतिष्ठित मार डेल प्लाटा अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म फ़ेस्टिवल में फ़िल्म लॉग आउट का वर्ल्ड प्रीमियर होने वाला है। इस फिल्म में बाबिल खान डिजिटल प्रसिद्धि की जटिलताओं को नेविगेट करने वाले एक आधुनिक समय के प्रभावशाली व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। जैसे-जैसे उनका किरदार आभासी दुनिया में सफलता की ओर बढ़ता है, वह जल्द ही इसके गहरे परिणामों में फंस जाते हैं। फिल्म का निर्देशन अमित गोलानी ने किया है।बाबिल खान ने एक प्रेस नोट में साझा किया, मैं यह देखकर रोमांचित हूँ कि लोगों ने आखिरकार लॉग आउट देखा। मैंने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा दोनों डाल दी है, और मैं दुनिया को इसे दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।

## 34 वर्ष के हुये कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन 34 वर्ष के हो गये। कार्तिक आर्यन का जन्म 22 नवम्बर 1990 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उनके माता-पिता दोनों चिकित्सक हैं। कार्तिक आर्यन ने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर के सेंट पॉल स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से जैव प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की, हालांकि वह हमेशा से ही फिल्म जगत में अपना करियर बनाना चाहते थे। कॉलेज के दिनों में कार्तिक अपनी कक्षाओं को छोड़ देते थे और ऑडिशन में भाग लेने के लिए दो-दो घंटे तक सफर करते थे। कार्तिक आर्यन ने कॉलेज में पढ़ाई के दौरान मॉडलिंग करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म साइन करने के बाद ही अपने माता-पिता को अपनी अभिनेता बनने की इच्छा के बारे में बताया था। कॉलेज में अपने तृतीय वर्ष के दौरान, कार्तिक आर्यन ने लव रंजन निर्देशित वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म प्यार का पंचनामा से अपने अभिनय जीवन की शुरुआत की।

## पिछले कुछ वर्षों में सिनेमा में महिलाओं के लिए अधिक अवसर : नित्या मेनन

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री नित्या मेनन ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में फिल्म उद्योग जगत में अभिनेत्रियों के प्रति अधिक स्वीकार्यता बढ़ी है और सिनेमा में महिलाओं के लिए अधिक अवसर हुए हैं एवं सम्मान भी बढ़ा है। अभिनेत्री नित्या मेनन ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के 55वें संस्करण में गुरूवार को अभिनय कला के बारे में अपनी गहन अंतर्दृष्टि साझा की। नित्या ने गोवा के पणजी में आयोजित इफ्फी की कला अकादमी में 'चरित्र एवं अभिनेता- सूक्ष्मता की शक्ति' विषय पर एक संवाद सत्र को संबोधित किया। थिरुचित्राम्बलम और ओके कनमनी जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाने वाली तथा राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता नित्या मेनन ने सूक्ष्मता की शक्ति, भावनात्मक प्रामाणिकता के महत्व एवं जटिलता एवं वास्तविक दुनिया के चरित्रों को प्रदर्शित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की। नित्या मेनन ने फिल्मों के चयन की अपनी प्रक्रिया और अतीत में 'हल्के' किरदार निभाने के लिए आलोचना का सामना करने जैसे मुद्दों को सामने रखते हुए चर्चा शुरुआत की। उनके लिए अभिनय भावनात्मक जुड़ाव के बारे में है, जरूरी नहीं कि यह व्यक्तिगत अनुभव के बारे में हो। नित्या ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां का किरदार निभाने के लिए सजीव अनुभव की बजाय सहानुभूति और भावनात्मक गुणांक (ईक्यू) की आवश्यकता होती है। नित्या मेनन ने कहा कि कठोरता और आत्मविश्वास की कमी एक अभिनेता के प्रदर्शन में बाधा डालते हैं। उन्होंने कहा कि लचीलापन और साथ में लोगों तथा अनुभवों के प्रति खुलापन होना बहुत जरूरी है। इसके अलावा आत्मविश्वास का होना भी बड़ा आवश्यक है। नित्या ने शांत वातावरण के महत्व पर भी जोर दिया, जिससे अभिनेता या अभिनेत्री को व्यस्त कार्यक्रम के दबाव के बिना अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में मदद मिल सके। वह अपने हृदय-केंद्रित दृष्टिकोण और भावनात्मक खुलेपन को विभिन्न संस्कृतियों एवं क्षेत्रों के दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने की अपनी क्षमता का श्रेय देती हैं।



# करेली के खेल मैदानों की अनदेखी एक बर्बाद, दूसरा दुर्दशा का शिकार






करेली।

करेली नगर जो कभी खेल प्रतिभाओं को निखारने का केंद्र था, आज अपने खेल मैदानों की दुर्दशा से जूझ रहा है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते नगर के दो प्रमुख खेल मैदान हाई स्कूल मैदान और स्टेडियम खेल मैदान या तो बर्बाद हो चुके हैं या अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

### हाईस्कूल मैदान बना इतिहास

करेली का हाई स्कूल मैदान, जहां कभी बड़े खेल आयोजन और प्रतियोगिताएं होती थीं, अब पूरी तरह बर्बाद हो चुका है, पहले एनटीपीसी से मिली लाखों की राशि का उपयोग भवन निर्माण के लिए किया गया, जिससे मैदान का बड़ा हिस्सा खत्म हो गया, बाद में सीएम राईस स्कूल की स्थापना से अब यह मैदान खिलाड़ियों के लिए अनुपयोगी हो गया है।

### स्टेडियम दुर्दशा का शिकार

हाई स्कूल मैदान के खत्म होने के बाद, नगर में अब केवल स्टेडियम खेल मैदान बचा है, जो खेल और युवा कल्याण विभाग के अधीन है। लेकिन यह भी बुरी स्थिति में है, यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है, खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी, स्टोरेज और बैठने की सुविधाएं तक नहीं हैं। बारिश के दौरान मैदान में गड्ढे हो जाते हैं, जिन्हें खिलाड़ी अपने संसाधनों से भरते हैं। रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है और मैदान की नियमित साफ-सफाई नहीं होती।

### छात्रों और खिलाड़ियों की परेशानी

नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोई स्थान न होने के कारण, छात्र और खिलाड़ी इसी दुर्दशाग्रस्त स्टेडियम में अभ्यास करने को मजबूर हैं। वे मैदान की मरम्मत खुद करते हैं और सुविधाओं की कमी के बीच अपने लक्ष्य की ओर प्रयासरत रहते हैं।

### खेल मैदान के प्रति उदासीनता

करेली के इन दोनों खेल मैदानों की दुर्दशा का मुख्य कारण है जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का खेल मैदानों के प्रति उदासीन रवैया नजर आता है। खिलाड़ियों और युवाओं की जरूरतों को नजरअंदाज कर भवन निर्माण को प्राथमिकता दी गई। खेल मैदानों की देखरेख और पुनर्विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई।

### एक बचे मैदान को सहेजा जाए

स्टेडियम को खेल एवं युवा कल्याण विभाग से वापिस लाकर नगर पालिका के अधीन किया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर मैदान की जरूरत के अनुसार काम हो सके। फिलहाल यहां पानी, स्टोरेज और बैठने की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की जाए।

### प्रतिभाओं को तराशने पहल जरूरी

करेली नगर के खिलाड़ियों और युवाओं के लिए एक और नया और आधुनिक खेल मैदान तैयार किया जाए। करेली के खेल मैदानों की यह दुर्दशा नगर की खेल प्रतिभाओं के लिए बाधा है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो नगर के युवा और खिलाड़ी दोनों निराशा के गर्त में चले जाएंगे। अब जरूरत है कि खेल मैदानों के संरक्षण और विकास को प्राथमिकता दी जाए, ताकि करेली की खेल परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सके।

# जिले में धान उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित

**धान की खरीदी का कार्य 2 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक होगा**


**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य पंजीकृत किसानों से 2 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किये जाने के निर्देश दिये हैं।जारी शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में धान उपार्जन कार्य के लिए वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार तहसील नरसिंहपुर के लिए चौकसे वेयर हाउस सिंहपुर हेतु सेवा सहकारी संस्था सिंहपुर, मां नर्मदा वेयर हाउस मलाहपिपरिया हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव एवं अंश वेयर हाउस तिंदनी हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया को तहसील करेली के लिए 3 ए3 सी करेली बस्ती वेयर हाउस करेली हेतु वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करेली, सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस कठौतिया हेतु वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डांगीढाना एवं कोसी वेयर हाउस बरमान हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली को, तहसील तेंदूखेड़ा के लिए श्री मां वेयर हाउस लोलरी हेतु सेवा सहकारी संस्था सुआतला एवं डीएमओ वेयर हाउस तेंदूखेड़ा हेतु वृहता सेवा सहकारी संस्था तेंदूखेड़ा और तहसील गाडरवारा के लिए शासकीय कैम्पस गाडरवारा हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, ऋषभ वेयर हाउस गाडरवारा हेतु वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा, सिद्धि वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था पचामा, जनकपुर वेयर हाउस सहावन हेतु सेवा सहकारी संस्था बाबईकला, आनंद वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था खैरुआ, राधारमण वेयर हाउस कौंड़िया हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, रेवाश्री वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था बाबईकला केन्द्र क्रमांक- 2, बड़कुर वेयर हाउस सिंहपुरछोटा एक हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, चारगांव, बड़कुर वेयर हाउस सिंहपुरछोटा दो हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, चारगांव केन्द्र क्रमांक- 2, श्री माया वेयर हाउस सालीचौका हेतु विपणन सहकारी समिति चीचली, जैन वेयर हाउस अजंसरा हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, दीप वेयर हाउस कनवास हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर, विनायक वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था चीचली, तिरूपति वेयर हाउस खमरिया हेतु सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, मां नर्मदा वेयर हाउस भौरझिर हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, श्रीसांई आशीष वेयर हाउस चीचली रोड हेतु सेवा सहकारी समिति छैनाकछार, गुरूकृपा वेयर हाउस बटेसरा हेतु वहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, प्रतीक वेयर हाउस पिठेहरा हेतु सेवा सहकारी समिति इमझिरी एवं स्वामी वेयर हाउस कामती हेतु सेवा सहकारी संस्था महगवांखुर्द को खरीदी स्थल बनाया गया है। इसी तरह तहसील सांईखेड़ा के लिए आर लक्ष्मण वेयर हाउस गरधा हेतु सेवा सहकारी समिति पीपरपानी, दिव्या वेयर हाउस खैरी, ककराघाट रोड हेतु सेवा सहकारी संस्था कोड़िया, आयरा वेयर हाउस सांईखेड़ा रोड हेतु सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, मां रेवा वेयर हाउस देवरी हेतु सेवा सहकारी संस्था सासबहू एवं सुविधा वेयर हाउस तूमड़ा आदि को खरीदी स्थल बनाया गया है।

# जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन

नरसिंहपुर।

खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) उपार्जन के लिए धान उपर्जान से संबंधित समस्त विवादों का अंतिम निराकरण, उपार्जन व्यवस्थाओं की समीक्षा, पंजीयन केन्द्रों के पर्यवेक्षण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार उपार्जन समिति की अध्यक्ष कलेक्टर और जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला लीडबैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याणा, उपायुक्त सहकारी संस्थायें, जिला सूचना अधिकारी- एनआईसी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक, मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक, अधीक्षक भू- अभिलेख व सचिव कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर को सदस्य बनाया गया है।

# छेड़छाड़ करने पर आरोपी को कारावास



**नरसिंहपुर।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश ,पाक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी जाकिर खान उम्र 41 वर्ष को धारा11/12 पॉक्सो एक्ट में 6 माह का सश्रम कारावास पांच सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 29/08/2024 को अभियोक्त्री ने थाना कोतवाली उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह कपुरी संजय वार्ड नरसिंहपुर में रहकर शासकीय माध्यमिक स्कूल तलापार नरसिंहपुर में कक्षा 8वीं में रोज पढ़ने अकेले पैदल स्कूल जाती है। आज दिनांक 29/08/2024 के शाम करीब 4रू30 बजे वह पैदल स्कूल से आ रही थी और जब मोहल्ले के मंझले दादा के घर के पास पहुंची तभी उसके ही मोहल्ले का जाकिर खान आया और उसे गंदी नजर से देखकर बोला कि क्या मैं तुम्हें पसंद नहीं हूँ तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो तब उसने जाकिर से कहा कि वह पापा को बतायेगी तो जाकिर ने उसे कहा कि बता दो कोई उसका कुछ नहीं कर लेगा और उसे अश्लील गालियां देने लगाए उक्त घटना उसने घर आकर मम्मी पापा को बताई और उनके साथ रिपोर्ट करने आई है। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना कोतवाली नरसिंहपुर में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान में लेकर अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गयेए मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री रामकुमार पटेल द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी जाकिर खान उम्र 41 वर्ष को धारा11/12 पॉक्सो एक्ट में 6 माह का सश्रम कारावासए पांच सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।



# मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) उपार्जन के लिए एक और उपार्जन केन्द्र निर्धारित

**नरसिंहपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) की खरीदी का कार्य 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक पंजीकृत किसानों से किये जाने के लिए जारी निर्देश के तारतम्य में मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) का पंजीयन जिले में कम होने के कारण कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) का एक उपार्जन केन्द्र निर्धारित किया है। जारी आदेश के अनुसार सीडब्ल्यूसी कठोतिया नरसिंहपुर हेतु वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डांगीढाना को उपार्जन केन्द्र निर्धारित किया है।

# उपार्जन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

नरसिंहपुर।

खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) की खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों से उपार्जन का कार्य ई-उपार्जन पोर्टल पर दो दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किया जाना है।

उपार्जन अवधि के दौरान उपार्जन प्रक्रिया में संस्थाओं एवं कृषकों को आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जारी आदेश के अनुसार यह नियंत्रण कक्ष जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कार्यालय नरसिंहपुर में, जिसका मोबाइल नम्बर 9340226174 और महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित कार्यालय में, जिसका मोबाइल नम्बर 8989077892 है। जिले के कृषक एवं उपार्जन संस्थायें उपार्जन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपरोक्त दूरभाष पर प्रातः 10.30 बजे से सायं 6 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं और समस्या का त्वरित निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नियंत्रण कक्ष में एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायेंगे, जो एक रजिस्टर संधारित कर उसमें प्रतिनिधि सम्पर्क करने वाले कृषक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर, समस्या का विवरण और निराकरण दर्ज करेगा। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।



# शिक्षक पर हुए हमले के विरोध में शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र के चावरपाठा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पदम (केसली ) की शासकीय प्राथमिक शाला मे पदस्थ शिक्षक सतीश रिछारिया पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से किये गए जानलेवा हमले से शिक्षकों मे रोष व्याप्त हे। बीते शनिवार को शिक्षकों ने स्थानीय तहसील कार्यालय पहुँचकर जिले के कलेक्टर एवं एसपी के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ,मप्र शिक्षक संघ,शिक्षक संदर्भ समूह, पुरानी पेंशन बहाली संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, पीएमयुएम सहित अनेक संघो से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे ।

# 70 हजार रूपये कीमती 6 ग्राम स्मैक 518 ग्राम गाँजा सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)** ।'ऑपरेशन प्रहार' के तहत थाना गाडरवारा पुलिस की विभिन्न टीमों के द्वारा दिनांक 22 एवं 23 नवंबर को दो आरोपीगण से पृथक-पृथक अवैध मादक पदार्थ 06 ग्राम स्मैक,518 ग्राम गाँजा बरामद करने एवं स्मैक पीते 02 अन्य स्मैकचियों को गिरफ्त में लिया गया ।

1. दिनांक 22/11/2024 को दोपहर करीबन 12ः30 बजे को गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा गोल्डन सिटी कॉलोनी गाडरवारा से संदेह के आधार पर आरोपी रितिक पिता भूरा उर्फ पप्पू कुचबंदिया उम्र 20 वर्ष निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 518 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा जिसकी कीमती करीबन 8 हजार रूपये है,समक्ष गवाहान जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्र.1281/24 धारा 8,20(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

2. दिनांक 22/11/2024 को रात करीबन 9 बजे गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा करेली तरफ से आ रहे संदेही को अस्थाई पुलिस कंट्रोल रूम के सामने ग्राम कौड़िया में संदेह के आधार पर आरोपी रामगोपाल पिता रामसिंह लोधी उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम रातीकरार कला थाना करेली जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये है,समक्ष गवाहान जप्त किया गया । आरोपी को मौके पर ही विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उसके के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्र.1285/24 धारा 8,21(ङ) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड पर प्रस्तुत किया गया ।

इसी तारतम्य में दिनांक 22/11/2024 एवं 23/11/2024 को थाना गाडरवारा की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा नगर के अलग-अलग स्थानों से अवैध मादक पदार्थ का स्मैक का सेवन करने वाले 02 स्मैकचियों को पकड़ा गया । जिनके नाम क्रमशः-

1. मुकेश उर्फ चील पिता रमेश सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर

2. रामजी पिता लेखराम लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चिनकी उमरिया थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर

पुलिस की टीमों द्वारा स्मैक पीते दोनों स्मैकचियों से समक्ष गवाहान विधिवत तलाशी लेने पर उनके कब्जे से स्मैक पीने का सामान जैसे उपयोग की हुई सिल्वर पन्नी,माचिस व जली हुई तीलियाँ जप्त की गई।

उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8,27 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 1283/24 एवं 1287/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विशेष भूमिका:- उक्त कार्यवाही में एस.डी.ओ.पी. गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक प्रियंका केवट के नेतृत्व में उप निरीक्षक अमित गोटिया, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, राकेश दीक्षित, मोहन पवार, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल,वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, कमलेश,आरक्षक बालकिशन, सुजीत बागरी, दीपक राजपूत, शिवम पटेल, प्रदीप गुप्ता, रामसिंह, महिला आरक्षक नेहा पटैल की सराहनीय भूमिका रही।

# विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय आनंद अल्पविराम परिचय कार्यशाला का होगा आयोजन

नरसिंहपुर।

जिले में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनकी दैनंदिनी कार्यो में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने की दृष्टि के लिए एक दिवसीय अल्पविराम प्रत्येक विकासखंड स्तर पर अलग- अलग दिनांकों में कार्यशाला का आयोजन प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। यह कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत, कृषि, वन विभाग, पुलिस विभाग आदि के कुल 60 अधिकारी-कर्मचारी के लिए होगी। एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला विकासखंड चांवरपाठा में 27 नवम्बर को, विकासखंड चीचली में 28 नवम्बर को, विकासखंड सांईखेड़ा में 29 नवम्बर को, विकासखंड गोटेगांव में 4 दिसम्बर को, विकासखंड करेली में 5 दिसम्बर को एवं विकासखंड नरसिंहपुर में 6 दिसम्बर को संबंधित जनपद सभागार में आयोजित होगी। प्रत्येक विकासखंडों में आयोजित होने वाली कार्यशाला में 10 पंचायत सचिव, 10 रोजगार सहायक, 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 10 आशा कार्यकर्ता, 10 जनशिक्षक, 5 नगरीय निकाय, जनपद, वन विभाग, 3 पुलिस विभाग एवं 2 कृषि विभाग सहित कुल 60 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर ने कार्यशाला के संबंध में सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों व जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा है। उन्होंने कार्यशाला में प्रोजेक्टर, पर्दा, साउंड सिस्टम एवं प्रतिभागियों के लिए चाय, स्वल्पाहार, भोजन एवं प्रशिक्षण सामग्री पेन, नोटबुक, फाईल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस संबंध में विस्तृत रूपरेखा के लिए जिले के मास्टर ट्रेनर श्रीमती मुक्ति राय के मोबाइल नंबर 9424994987 से संपर्क किया जा सकता है।



# सड़क के दोनों ओर लग रहे पेवर ब्लॉक

**करेली।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत नगर विकास की अनवरत श्रृंखला में नगर पालिका परिषद करेली के द्वारा रामवार्ड से बस्ती चौराहा दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ है। जिसकी लंबाई दोनों और लगभग 1500 मीटर होगी। नगर पालिका द्वारा लगातार नगर की विकास के कार्य किये जा रहे हैं। पेवर ब्लॉक लगने के बाद शहर की सुंदरता बढ़ेगी और दुकानों के सामने व्यवस्थित फुटपाथ होगा। उक्त निर्माण कार्य के प्रारंभ से ही निरीक्षण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, लोक निर्माण सभापति अनिल दुवे, रामवार्ड पार्षद पुरुषोत्तम चौरसिया, हेमंत मेहरा, उपयंत्री काजल साहू, उपयंत्री पुष्पेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# युवा उत्सव का अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय आयोजन सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयए नरसिंहपुर में युवा उत्सव 2024/25 अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय अंतर्गत सांस्कृतिक विधायें, मंचीय कलायें का आयोजन आईक्यूएसी के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राध्यापक सुधा विकरोल के निर्देशन में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.रामकुमार चौकसे,प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम विशिष्ट अतिथि श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य शास.महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह ने की। डॉ.रामकुमार चौकसे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस मंच से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है । उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में अवश्य शामिल होना चाहिए । संस्था के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए युवा उत्सव मंच भी आवश्यक है जहां विद्यार्थी अपने अनुरूप प्रदर्शन कर सफलता हासिल करता है । विद्यार्थियों को इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए । श्रीमती कृष्णा शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सहभागी करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें प्रेषित कीं। सांस्कृतिक विधाओं के अंतर्गत प्रस्तुत की गयी एकल नृत्य शास्त्रीय में शास.श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालयए नरसिंहपुर प्रथम एम.आई.एम.टी महाविद्यालय नरसिंहपुर ने द्वितीय समूह नृत्यलोक नृत्य विधा में स्वामी विवेकानंद शास.स्नात.महावि.नरसिंहपुर ने प्रथम महाराणा प्रताप शास.स्नातण्महावि.गाडरवारा ने द्वितीय तथा शास.श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।मिमिक्री विधा में में स्वामी विवेकानंद शास.स्नात.महावि.नरसिंहपुर ने प्रथमस्थान प्राप्त किया। मूकाभिनय यमाइम विधा में स्वामी विवेकानंद शास.स्नातण्महावि.नरसिंहपुर नेप्रथम महाराणा प्रताप शास.स्नात.महावि.गाडरवारा ने द्वितीय तथा एम.आई.एम.टी. महाविद्यालय नरसिंहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हास्य नाटिका यस्किट विधा में स्वामी विवेकानंद शास. स्नात. महावि. नरसिंहपुर ने प्रथमए एम. आई. एम. टी. महाविद्यालय नरसिंहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकांकी यड्रामा विधा में एम.आई.एम.टी. महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम स्वामी विवेकानंद शास. स्नात. महावि. नरसिंहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । उक्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे । उक्त कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में जबलपुर से आमंत्रित डॉ.शैलेन्द्र पाण्डे,रेनू कोरी, वंशिका पाण्डे रहे। इस अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिताओं में 04 संस्थाओं ने प्रतिभागिता की। संबंधित संस्थाओं के दल प्रभारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



# एनटीपीसी गाडरवारा ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** दिनांक 23 नवंबर 2024 को एनटीपीसी गाडरवारा के सौजन्य से परियोजना प्रभावित गांव चोरबरहेटा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में नैगम सामाजिक दायित्व तथा जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ शिविर में चोरबरहेटा गांव के लगभग 100 से अधिक महिलाएं, पुरुष, बच्चे तथा बुजुर्ग लोगों ने अपनी स्वास्थ सम्बंधित जांच कराई। शिविर में जीवन ज्योति अस्पताल के डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर दवा भी निःशुल्क दी गई।






# बच्चों के मन में उत्साह एवं चेहरे पर मुस्कान देखना ही हमारा ध्येय

## विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में श्री चंदेरिया के उद्बोधन

कटनी, (स्वतंत्रमत)

छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना उत्पन्न करने की दृष्टि से शिक्षा शोध समिति कटनी द्वारा स्थानीय दिगंबर जैन शाला प्रांगण में दिनांक 23 एवं 24 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय अन्तर्शालेय विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन, विज्ञान प्रदर्शनी में गत वर्ष के विजेता छात्र अभिषेक कोरी, छात्रा कु.आरना बजाज, पूजा कोल, पंखुड़ी खटीक के मुख्य अतिथि एवं सरस्वती विद्यालय के व्यवस्थापक चंद्रप्रकाश बरसैंया, दिगम्बर जैन विद्यालय के अध्यक्ष आशीष जैन, अनामिका एकेडमी की निदेशक अनामिका मिश्रा, रन फॉर कटनी के संयोजक एवं वरिष्ठ पार्षद मौसूफ़अहमद के विशिष्ट आतिथ्य तथा



सैकड़ों प्रतिभागी छात्र छात्राओं, उनके शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में शिक्षा शोध समिति अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया द्वारा कहा गया कि उनकी समिति विगत 34 वर्षों से नगर के छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार के लिए यह आयोजन करती आ रही है । इस कार्यक्रम का स्वरूप कुछ ऐसा होता है कि समापन पर प्रत्येक बच्चा मन में उत्साह एवं चेहरे पर मुस्कान लिए अपने घर लौटता है, यही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में नगर के विभिन्न 38 विद्यालयों के 250 से अधिक प्रतिभागी बच्चे विविध समाजोपयोगी विषय पर मॉडल एवं चार्ट बनाकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चित ही इन बच्चों का विज्ञान कौशल हम सभी को रोमांचित एवं आनंदित करता है। समिति के कार्यों से प्रभावित होकर रन फॉर कटनी के संयोजक मौसूफ़अहमद 'बिट्टू' द्वारा मंच से ही आगामी अवसर पर शिक्षा शोध समिति परिवार को रन फॉर कटनी अचीवमेंट अवॉर्ड देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया सहित अर्चना चंदेरिया, कार्यक्रम संयोजिका नमिता विश्वकर्मा, सचिव वंदना गेलानी, शालिनी सोनी, संतोष जैन, आकांक्षा बरसैंया, विभा कंदेले, बरखा बजाज, अशोक भगोरिया, विनय कंदेले, महावीर प्रसाद तोमर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, नितिन विश्वकर्मा, अमित बजाज, रमेश गुप्ता आदि द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालन मुदिता कंदेले एवं आभार प्रदर्शन वंदना गेलानी द्वारा किया गया। कल सायं 4 बजे कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण एवं समापन संपन्न होगा।



# ज़िले के लिए नीम कोटेड यूरिया खाद की एक रैक आई

## झुकेही रैक पाइंट पहुंची कटनी जिले के लिए 1121 मीट्रिक टन यूरिया

## किसानों को ज़रूरत के मुताबिक पर्याप्त मिलेगी खाद

**कटनी, (स्वतंत्रमत)।** जिले में वर्तमान में जारी खेती –किसानी कार्य के मद्देनजर किसानों की मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की शनिवार को एक रैक झुकेही रैक पाइंट पर आ गई है। इस रैक के आने से जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो जायेगी । इससे किसानों को स्थानीय स्तर पर ही उनकी मांग के अनुरूप खाद मिल सकेगी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की वजह से कटनी जिले के लिए एक हजार 121 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की रैक आ गई है।नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक पाइंट पर शनिवार की शाम लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। कलेक्टर यादव ने किसानों के हितों और उनसे सीधे सरोकार रखने वाले खाद एवं बीज की उपलब्धता जैसे विषयों के प्रति पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने कृषि, सहकारिता,मप्र विपणन संघ एवं एम पी एग्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है। ज़िला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लाक केन्द्र के लिए 520 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लाक केन्द्र के लिए 421 मीट्रिक टन और सी एम एस मार्केटिंग सोसायटी कृषि उपज मंडी कटनी को 60मीट्रिक टन और उमरियापान ढीमरखेड़ा को भी 60 मीट्रिक टन एवं एम पी एग्रो कटनी को 60मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे रबी फसल की बोनी के मद्देनजर विक्रय केन्द्रों में प्रतिदिन खाद की उपलब्धता, उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित निगरानी और दुकान के बाहर सूचना पटल पर उपलब्ध खाद की मात्रा और दर सूची लगवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पूर्व में जारी निर्देश के तहत प्रत्येक खाद विक्रय केन्द्र की निगरानी के लिए कर्मचारी की तैनाती भी सुनिश्चित करें ।

***खाद बिक्री केंद्रों में लगवायें दर सूची का बोर्ड***- कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद ,बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद ,बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।




## एनपीके का उपयोग से फसलों में एक साथ तीन तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की पूर्ति

**कटनी, (स्वतंत्रमत)।** जिले में रबी फसलों का कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते बेसल डोज के रूप में कृषकों को डीएपी एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक की आवश्यकता होती है। वर्तमान में शासन द्वारा उर्वरक की आपूर्ति की जा रही है। रबी फसलों के लिए कृषक डीएपी उर्वरक का अधिक उपयोग करते है। कृषि विकास विभाग ने बताया कि किसान रबी फसलों के लिए बेसल डोज के रूप में एनपीके उर्वरक जैसे- 12.32.16 एवं 20.20.0.13 आदि डीएपी के स्थान पर एक अच्छा विकल्प है। एनपीके का उपयोग करने से फसलों में एक साथ तीन तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की पूर्ति सुनिश्चित करता है, जबकि डीएपी उर्वरक से मात्र दो तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस की ही पूर्ति होती है। इस प्रकार डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग कृषकों के लिए लाभकारी है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में परमाणु ज्योति फेस- 4 के तहत कैंप आयोजित

कटनी, (स्वतंत्रमत)

जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में आयोजित परमाणु ज्योति फेस- 4 कार्यकम मेंभामा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई से आए दो वैज्ञानिक डॉ. आर.सी. दास एवं डॉ. पूजा नेगी, ने नवोदय विद्यालय के सभी छात्र, छात्रओ के साथ परमाणु अनुसंधान एवं शोध के विषय में जानकारी साझा की। परमाणु उर्जा विभाग के अध्यक्ष मोहंती का वीडियो संदेश छात्र, छात्राओं को दिया जाकर कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र, छात्राओं के साथ परमाणु उर्जा जागरूकता एवं शोध के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। तदोपरांत विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का जवाब दिया गया। साथ ही परमाणु उर्जा के भविष्य एवं वैज्ञानिक शोधों की जानकारी साझा की गई। वैज्ञानिकों ने भारत में परमाणु उर्जा एवं परमाणु रियेटर्स के विकास की डायूमेंट्री फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई एवं उस फिल्म पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सही उार देने वाले विद्यार्थियों को पुरुष्कृत किया गया। इस प्रश्नोारी कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिये। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों के सदनों का भी भ्रमण किया तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को बड़े ही सहज ढंग से जवाब देते हुए वरिष्ठ छात्र,छात्राओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र अपने कैरियर के आयाम के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारे पर्यावरण को बचाने में किस प्रकार सहायक है इस बात से विद्यार्थियों को अवगत कराया, साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को जिमेदार बताया। उन्होंने भामा परमाणु अनुसंधान के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम को नवोदय विद्यालय समिति एवं परमाणु उर्जा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार सिंह, पीजीटी (हिन्दी) द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पी.के. ठाकुर एवं समस्त स्टॉफउपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को जिला न्यायालय सहित, तहसील सिविल न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया है कि नेशनल लोक अदालत में समस्त प्रकार के सिविल प्रकरण एवं समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण रखे जाएंगे तथा न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, धारा 138 एन.आई.एक्ट. धन वसूली, मोटर दुर्घटना, श्रम विवाद, पारिवारिक वैवाहिक मामले के साथ-साथ बैंक, नगर पालिका, विद्युत एवं बी.एस.एन.एल. के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौता के आधार पर किया जाएगा। संबंधित पक्षकार एवं आम जनमानस, जिनके मामले न्यायालय में लंबित है, या न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के पूर्व की स्थिति में है, वे 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी सामंजस्य, राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाकर शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

## भागवत कथा के श्रवण से जीवन को धन्य बना रहे श्रद्धालु

कटनी, (स्वतंत्रमत)

कथा व्यास श्री श्री 1008 श्री इंदिरा रमण रामानुजदास जी महाराज मठाधिपति जीयर स्वामी मठ जगन्नाथ पुरी के सानिध्य में पंडित रामलला शास्त्री व पंडित मुकेश शास्त्री के श्रीमुख से ग्राम परसवारा में विगत 17 नवंबर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमे श्रद्धालु कथा का श्रवण कर जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं।

शोभायात्रा के उपरांत परीक्षित, जन्म हिरण्याक्ष वध एवं द्वितीय दिवस देवहूति, कपिल संवाद, गुरु चरित्र प्रभु का वर्णन किया। महाराज श्री ने बताया कि नारद जी के कहने पर माता पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा की प्रभु आपके गले में जो मुंड वाला है, वह किसकी है, तब भोलेनाथ ने बताया कि वह मुंडमाला पार्वती जी की है। हर जन्म में पार्वती जी शिव की पत्नी के रूप में दिया करती, शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते थे। तृतीय दिवस की कथा में जलभरत चरित्र अजामिल उपायान प्रहलाद चरित्र आदि कथाओं का भाव पूर्ण वर्णन किया। चतुर्थ दिवस गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन वामन अवतार एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया।

इस अवसर पर भगवान की जीवंत झांकी के दर्शन कर उपस्थित श्रद्धालु जन भाव विभोर हो गए।भागवत पुराण के मूपाठ वक्ता रामलला शास्त्री, मुकेश शास्त्री एवं आचार्यों द्वारा भगवान का पूजन कराकर माखन मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया महिलाओं द्वारा मांगलिक गीत गाए गए। इस अवसर पर बद्री प्रसाद तिवारी, शकुंतला तिवारी, रामनिवास तिवारी, जय राम तिवारी, विमलेंदु पयासी, राजा बड़गैंया, प्रवेश मिश्रा, जागेश्वर मिश्रा, गौरी शंकर, हरीश दुबे, रामसुंदर बड़गैंया, आर एन गर्ग, संदीप मिश्रा सहित भक्त जन उपस्थित रहे।



## 67 हजार रुपये मूल्य से अधिक की मदिरा एवं सामग्री जब्त, 6 प्रकरण कायम

कटनी, (स्वतंत्रमत)

जिले में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में आबकारी विभाग के द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल ने बताया कि आबकारी अमले द्वारा आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। उन्होंने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी एवं आबकारी दल के नेतृत्व में विगत दिवस वृत विजयराघवगढ़ के ग्राम दड़ौडी, शांतिनगर, पथरहटा आदि क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रूप से मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वालों के यहां से 11.3 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। इस दौरान आबकारी अमले द्वारा 660 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद कर मौके पर नष्ट भी कराया गया तथा म.प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34((1) क एवं 34(एफ) के तहत 6 प्रकरण कायम किए गए।जप्त मदिरा व सामग्री का अनुमानित मूल्य 67 हजार 695 रुपये है। इस कार्रवाई के दौरान आबकारी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार शुक्ला, केशव उईके, मोना दुबे, एवं सी पी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को मांग अनुरूप खाद की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

## भण्डारण करने और अधिक कीमत में खाद बेचने वालों पर होगी वैधानिक कार्यवाही

कटनी, (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने रबी फसलों के रकबे में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कृषि एवं मार्कफेड के अधिकारियों के संयुक्त उर्वरक की उपलब्धता और भण्डारण के संबंध में मांग अनुरूप तत्काल खाद की पूर्ति करने तथा निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जिले के किसान भाईयों को खाद की कमी न हो, इसके लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर फीडबैक लें,निजी खाद विक्रेताओं तथा अवैध रूप से भण्डार करने, ब्लैक में बेचने और निर्धारित कीमत से अधिक दर पर बेचने वालों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

***उर्वरक विक्रय केन्द्र की जांच हेतु दल गठित***- कलेक्टर श्री यादव के निर्देशानुसार जिले में खाद की उपलब्धता





के बाद भी कृत्रिम संकट की स्थिति निर्मित करने वालों की जांच के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के विशेष दल का गठन किया गया है। कृषकों को उर्वरक की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करने हेतु गठित दल के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे औचक निरीक्षण के क्रम में शनिवार को एस डी एम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने नगद खाद विक्रय केन्द्र, शर्मा कृषि केन्द्र एवं बीज भण्डार बहोरीबंद का और निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता, भंडारण और सूचना पटल में स्टाक की मौजूदगी और दर सूची का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के यहां स्टाक की उपलब्धता, पीओएस मशीनों और उर्वरक विक्रय लाइसेंस, दस्तावेजों सहित दुकान के बाहर उर्वरकों की दर सूची की जांच की जाकर उर्वरकों की उपलब्धता, अवैध भंडारण व परिवहन करने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत ठोस वैधानिक कार्यवाही किये जानें की हिदायत दी गई।

***उर्वरक के मूल्य निर्धारित***- जिला प्रशासन द्वारा किसान भाइयों से अपील की गई है कि निर्धारित दरों पर ही खाद खरीदें। यूरिया 45 किलो की बोरी 266 रुपए 50 पैसे एवं 50 किलो की डीएपी 1350 रुपए, पोटाश 1700 रूपए ,एनपीके कॉम्प्लेक्स 1470 रूपए, एनपीके 1400 रूपए तथा सुपर फास्फेट 425 रूपए प्रति बोरी किसानों को विक्रय हेतु निर्धारित की गई है। इससे अधिक कीमत में संबंधित के द्वारा बेचे जाने की शिकायत दर्ज कराएं।

***9 हजार 857 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध***- किसान भाईयों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में यूरिया 4302-423 में टन, डी0ए0पी0 378-05 मे0टन, एन0पी0के0 495.25 मे0टन के अलावा एस.एस.पी उर्वरक 4681.525 मे0टन उपलब्ध है। शीध्र ही उर्वरक की और रैक भी जिले में लगनें की संभावना है। कृषकों को उनकी मांग और उपयोगिता के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराई जा रही है।

***उर्वरक खरीदी का बिल अवश्य प्राप्त करे***- कलेक्टर श्री यादव ने कहा है कि जिले के किसान अपने विकासखण्ड स्थित निजी उर्वरक विक्रेताओं से निर्धारित दर पर उर्वरक की खरीदी करें तथा खरीदी पश्चात उर्वरक खरीदी का बिल अवश्य प्राप्त करे, यदि कोई भी उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक का विक्रय करता है तथा स्टॉक होते हुए भी उर्वरक देने के लिए मना करता है तो इसकी सूचना गठित दल या अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा कंट्रोल रूम 07622 -220070 नंबर पर अवश्य देवे।

# जायसवाल-राहुल चमके, भारत की बढ़त 218 रन

**पर्थ (वार्ता)।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (90 नाबाद) और केएल राहुल (62 नाबाद) के बीच 172 रनो की नाबाद भागीदारी की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 172 रनों बना लिये और इसके साथ भारत के पास कुल बढ़त 218 रन हो चुकी है। जायसवाल ने अपने चिर परिचित अंदाज में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का साहस के साथ सामना किया। अब तक वह अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगा चुके है और एक यादगार शतक के करीब पहुंच गए हैं।



### राहुल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया

राहुल ने संयम का परिचय देते हुये बेहतरीन प्रदर्शन किया और ढीली गेंदों पर सटीकता से प्रहार करते हुए साझेदारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी फिर से शुरू की मगर भारत के पहली पारी के 150 रन के जवाब में उसके बल्लेबाज मात्र 104 रन पर ढेर हो गये जिसके चलते मेहमान टीम को 46 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त मिल गयी।

### बुमरा ने 30 रन देकर 5 विकेट लिए

तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि नवोदित हर्षित राणा ने 48 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। मेजबान टीम के आखिरी पांच विकेट सिर्फ 23 रन ही जोड़ सके।भारत के शुरूआती स्टैंड ने कई मील के पत्थर चिह्नित किये। यह 2010 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में किसी मेहमान टीम द्वारा पहली 150 से अधिक की शुरुआती साझेदारी थी और इस सदी में केवल चौथी बार जब कोई भारतीय जोड़ी दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देशों में 50 ओवर तक टिकी रही।

### राहुल अपनी भूमिका में आश्वस्त दिखे

जायसवाल और राहुल के लिये पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड ने हर कोण और गति से गेंदबाजी की हालांकि, दोनों ने धैर्य के साथ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए तूफान का सामना किया। जायसवाल को कभी-कभी हाथ की ऐंठन के इलाज की आवश्यकता होती थी, निर्जलीकरण से निपटने के लिए पानी पीना पड़ता था, लेकिन उनका दृढ़ संकल्प अडिग रहा। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पदोन्नत किए गए राहुल अपनी भूमिका में आश्वस्त दिखे।

### ऑस्ट्रेलिया सफलता हासिल करने में असफल रहा

अनुशासित गेंदबाजी प्रयासों के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया सफलता हासिल करने में असफल रहा। मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन के अलावा पैट कमिंस कभी-कभार तेज उछाल हासिल करने में कामयाब रहे, लेकिन भारत के बल्लेबाज निराश नहीं हुए। जायसवाल ने इस बीच एक कैलेंडर वर्ष में 33 छक्कों के ब्रेंडन मैकुलम के रिकॉर्ड की बराबरी की।

### संक्षिप्त स्कोर

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी: 51.2 ओवर में 104 रन पर ऑल आउट (मिशेल स्टार्क 26; जसप्रित बुमरा 5/30, हर्षित राणा 3/48)

भारत की पहली पारी: 58.3 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट (नीतीश रेड्डी 41, पंत 37, जोश हेज़लवुड 4/29, मिशेल स्टार्क 2/14)

भारत की दूसरी पारी: 57 ओवर में 172/0 (यशस्वी जायसवाल 90*, केएल राहुल 62*) दूसरे दिन का स्टंप: भारत 218 रनों से आगे

## तिलक वर्मा ने लगातार तीसरा टी20 शतक बनाकर रचा इतिहास

**राजकोट (वार्ता)।** तिलक वर्मा ने शनिवार को टी20 क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित किया जब वह इस प्रारूप में लगातार तीन शतक बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन गये। 22 वर्षीय खिलाड़ी का उल्लेखनीय प्रदर्शन मुश्ताक अली टी20 चैंपियनशिप में जारी रहा। उन्होंने मेघालय के खिलाफ मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के शुरुआती मैच में हैदराबाद के लिए 67 गेंदों में 151 रन बनाए। राजकोट में वर्मा की शानदार पारी दक्षिण अफ्रीका में दो शानदार शतकों के बाद आयी है। इस पारी के साथ, वह टी20 मैच में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए, जो घरेलू स्तर पर पहले बेजोड़ उपलब्धि थी।





## कपिल के बाद बुमराह बने विदेशी जमीन पर सबसे घातक भारतीय गेंदबाज

पर्थ (वार्ता)

पर्थ टेस्ट में आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को जमीन दिखाने वाले भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने भारतीय दिग्गज कपिल देव की बराबरी की है।

एशिया के बाहर खेलते हुए बुमराह ने नौवीं बार पारी में पांच विकेट लिए, जो भारतीय गेंदबाज़ का संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ है,इस मामले में उन्होंने कपिल देव की बराबरी की। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में दूसरी बार पारी में पांच विकेट लिए। उनके नाम इंग्लैंड और वेस्टइंडीज़ में भी पारी में दो बार पांच विकेट हैं, जबकि उन्होंने तीन बार साउथ अफ्रीका में पारी में पांच विकेट लिए।

बुमराह ने पर्थ टेस्ट में पांच मेजबान बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी जिसके चलते कंगारु टीम पहली पारी में अपने न्यूनतम स्कोर 104 रन पर सिमट गयी। इससे पहले कपिल देव ने पर्थ में 106 रन देकर आठ विकेट चटकाये थे। कपिल देव ने यह कारनामा 1985 में एडिलेड टेस्ट में किया था। हालांकि 2007 के मेलबर्न टेस्ट में अनिल कुंबले ने पांच विकेट चटकाये थे।

## जर्मनी को हराकर नीदरलैंड डेविस कप के फाइनल में



**एम्स्टर्डम,(वार्ता)** जर्मनी के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ नीदरलैंड पहली बार डेविस कप के फाइनल में पहुंच गया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को स्पैनियार्ड के करियर के अंतिम मैच में राफेल नडाल को हराने वाले बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प ने शुक्रवार को पहले एकल मैच में डैनियल अल्टमायर को हराकर डच टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

## भारत ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक में जीते 25 पदक

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने थायागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आरक्यूब मोनाड में संपन्न हुई पहली स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक हासिल किए हैं। भारतीय बॉलिंग दल ने 14 पदकों का योगदान दिया, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य शामिल हैं, जबकि बोचे टीम ने 11 पदकों में एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य अपने नाम किए।

### छत्तीसगढ़ को हराकर ओडिशा संतोष ट्रॉफी के फाइनल दौर में

**अमृतसर (वार्ता)** ओडिशा ने 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप एफ क्वालीफायर से संतोष ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ को शनिवार को 4-1 से हराकर फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। जीएनडीयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ओडिशा ने तीन टीमों के ग्रुप में दोनों मैच जीतकर छह अंक जुटाए। उन्होंने 10 गोल किये और दो गोल खाये।

### एचआईएल की कमाई से परिवार का भविष्य बनाना है: हार्टे

**नई दिल्ली (वार्ता)।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए खेलने के लिए तैयार आयरिश हॉकी के दिग्गज डेविड हार्टे ने कहा है कि लीग से अपनी कमाई का उपयोग वह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए करेंगे।हार्टे को एचआईएल नीलामी में 32 लाख रुपये में बेचा गया था। वह अपने परिवार के लिए एक नए घर और अपनी बेटियों की शिक्षा के लिए धन का उपयोग करने की उम्मीद कर रहे हैं।


## लखनऊ में शुरु हुआ विकसित भारत चैलेंज

**लखनऊ, (वार्ता)** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से 'विकसित भारत चैलेंज' के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव ने शनिवार को विकसित भारत चैलेंज का शुभारंभ किया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें 'विकसित भारत' के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके । इस आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी ।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले दिन वेस्टइंडीज की मजबूत शुरुआत

एंटीगुआ, (वार्ता)

सलामी बल्लेबाज मिकाइल लुइस (97) और एलिक अथानाज़ (90) के बीच चौथे विकेट के लिये 140 रनों की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को पांच विकेट पर 250 रन बना लिये। तीन विकेट मात्र 84 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम संकट में थी मगर लुईस और अथानाज़ की जोड़ी ने न सिर्फ उसे संकट से उबारा बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को एक बड़े स्कोर की ओर अग्रसर कर दिया। लुइस हालांकि अपने अपने पहले टेस्ट शतक से मात्र तीन पीछे रह गए। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों ने शुरू में सीम मूवमेंट को अच्छी तरह से संभाला, लेकिन टीम ने दिन की शुरुआत में ही दो विकेट जल्दी खो दिए। दिन के खेल खत्म होने के समय जस्टिन ग्रीव्स (11) और जोशुआ दा सिल्वा (14) बना कर क्रीज पर नाबाद हैं।





## पाम ऑयल और वनस्पति तेल उबला

**नयी दिल्ली (वार्ता)** स्थानीय स्तर पर मांग निकालने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल तक उबल गया जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल 367 और वनस्पति तेल की 439 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, चना और चना दाल,उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## जादूगरों केशो, पत्र लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहा है डाक विभाग

नयी दिल्लीश, (वार्ता)

भारतीय डाक विभाग यहां के भारत मंडपम में आयोजित 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार के दौरान आगंतुकों को जादूगरों के शो और पत्र लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहा है। विकसित भारत की थीम पर भारत मंडपम के हॉल नंबर में तीन में स्थापित भारतीय डाक पवेलियन में शनिवार को आगंतुकों की काफी भीड़ देखने को मिली। यहां पर एक जदूगर करतब दिखाने के बाद अनोखे अंदाज में लोगों को बदलती डाक व्यवस्था और इसकी योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहा था और आगंतुक भी ध्यान लगाकर उसकी बातों को सुन रहे थे।इस दौरान भारतीय डाक में सहायक अधीक्षक शाजिद विकास ने बताया, भारतीय डाक व्यवस्था में बड़े पैमान पर बदलाव हुए हैं। यह अब पूरी तरह से डिजिटल रूप ले चुका है।

हमारी कोशिश यह है कि बदलती डाक व्यवस्था और इसकी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मुहैया कराई जाए। इसके लिए हमने यहां पर सात डेस्क- आधार डेस्क, बहुउद्देशीय डेस्क, बचत बैंक, बाल आधार, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) डेस्क और फिलाटेली (टिकट इकट्ठा करने का काम) डेस्क स्थापित किये हैं, जहां पर आगंतुकों को बदली डाक व्यवस्था और इसकी योजनाओं के बारे में आगंतुकों को जानकारी दी जा रही है। अगर किसी व्यक्ति को डाक व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या हैं, तो हमलोग उसका भी निदान कर रहे हैं। श्री विशाल ने कहा, ज्यादा से ज्यादा आगंतुक डाक पवेलियन में आयें और इसके बारे में जानकारी हासिल करें, इसके लिए हम समय-समय पर जादूगर के शो और पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करेगा।

## रोमांचक मुकाबले में राजस्थान से एक रन से हारा उत्तर प्रदेश

पुणे (वार्ता)

प्रिया वर्मा की घातक गेंदबाजी के बावजूद उत्तर प्रदेश की अंडर 15 बालिका टीम राजस्थान से एक बेहद रोमांचक मुकाबले में मात्र एक रन से हार गयी। एमसीए ग्राउंड पर शनिवार को खेले गये मैच में राजस्थान ने पहले खेलते हुये 151 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में यूपी की लड़कियां 150 रनो पर ढेर हो गयीं। यूपी के लिए पहले विकेट पर आफरीन शमीम और आन्या उपाध्याय के बीच 74 रनों की साझेदारी हुई थी। लेकिन उसके बाद यूपी की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई।

## भारत को जिम्मेदार पूंजीवादी देश के रूप में ब्रांड करने की जरूरत: सीतारमण



**बेंगलुरु (वार्ता)** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूएस एफडीए की तरह वैश्विक मानकों वाला भारत एफडीए बनाए जाने की वकालत करते हुए आज कहा कि पूंजीवाद की अपनी सीमाएं हैं और भारत को एक जिम्मेदार पूंजीवादी देश के रूप में ब्रांड करना चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने यहां 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव में कहा हमें समझना चाहिए कि पूंजीवाद की अपनी सीमाएं हैं और हमें भारत को एक जिम्मेदार पूंजीवादी देश के रूप में ब्रांड करना चाहिए। उन्होंने कहा हमने सर्कुलर इकोनॉमी और री-यूज के सिद्धांत का पालन नहीं किया, क्योंकि हम एक गरीब राष्ट्र थे। हमने इसे अपनी जिम्मेदारी के रूप में सोचा कि हम अपनी जरूरत के अनुसार इसका इस्तेमाल करें न कि अपने लालच के अनुसार। वित्त मंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की ताकत प्राचीन काल से ही बरकरार है। एक शीर्ष वैज्ञानिक, इरविन श्रोडिंगर ने कहा है कि मेरे अधिकांश विचार और सिद्धांत वेदांत से काफी प्रभावित थ। बाहर के लोग भारत के उस ब्रांड को पहचानने के लिए तैयार हैं, जिसने विज्ञान में अपना दबदबा बनाया। हमें इसे जारी रखने की जरूरत है और ब्रांड भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के लिए बोलना चाहिए।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नयी दिल्ली (वार्ता)** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 1.54 प्रतिशत उबलकर बढ़कर 71.18 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.28 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### सोना-चांदी में तेजी

**इंदौर (वार्ता)** स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये तथा चांदी 450 रुपये का तेजी लिए रही। आज चांदी सिक्का मजबूत रहा। विदेशी बाजार में सोना 2714 डालर व चांदी 3132 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 80300 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 92800 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।

## वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने टीईपीए के क्रियान्वयन के लिए किया नॉर्वे का दौरा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, ईएफटीए देशों में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के लिए बड़े बाज़ार को खोलने तथा 100 अरब डॉलर के निवेश के शीघ्र क्रियान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नॉर्वे का दौरा किया। श्री बर्थवाल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, भारतीय पेशेवरों के लिए गतिशीलता, वर्तमान संस्थागत तंत्र को फिर से सक्रिय करने और टीईपीए अनुसमर्थन के लिए अगले कदमों पर चर्चा के लिए नॉर्वे के व्यापार, उद्योग और मत्स्य मंत्रालय के राज्य सचिव टॉमस नॉरवोल से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने व्यापार और उद्योग मंत्री सेसिली मायर्सेथ और स्वास्थ्य तथा देखभाल सेवा मंत्री जॉन क्रिश्चियन वेस्ट्रे से भी मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने स्टॉर्टिंग-नॉर्वेजियन संसद का दौरा किया और ईएफटीए और ईईए संसदीय समितियों के प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्ष ट्राइन लिसे सुंडनेस और सांसद निकोलई एस्ट्रुप से मुलाकात की और टीईपीए के शीघ्र अनुसमर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। टीईपीए पर मार्च 2024 में हस्ताक्षर किए गए थे। इस यात्रा में नॉर्वेजियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (एनएचओ), इनोवेशन नॉर्वे, शिपबिल्डर्स एसोसिएशन, रेडर बिंग लॉ फर्म और विविध क्षेत्रों, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, शिपिंग उद्योग, उपभोक्ता सामान, ग्रीन हाइड्रोजन, कपड़ा, समुद्री भोजन, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और आपसी हित के अन्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कई बड़ी नॉर्वे की कंपनियों के प्रमुखों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सहित व्यावसायिक हितधारकों के साथ चर्चा भी शामिल थी। वाणिज्य सचिव श्री बर्थवाल ने नॉर्वे के उद्योग के लिए अभूतपूर्व अवसरों के बारे में बताया क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन से चार वर्षों में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उल्लेखनीय है कि टीईपीए एक आधुनिक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है, जिस पर भारत ने चार विकसित देशों यूरोप के एक महत्वपूर्ण आर्थिक समूह के साथ हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा और युवा तथा प्रतिभाशाली कार्यबल को अवसर प्रदान करेगा। ईएफटीए अपनी टैरिफ लाइनों का 92.2 प्रतिशत प्रदान कर रहा है, जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करता है। ईएफटीए की बाजार पहुंच पेशकश में गैर-कृषि उत्पादों का 100 प्रतिशत और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों (पीएपी) पर टैरिफ रियायत शामिल है। भारत अपनी टैरिफ लाइनों का 82.7 प्रतिशत प्रदान कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत कवर करता है। भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है और नॉर्वे से 114 में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। टीईपीए हमारी प्रमुख ताकत और रुचि के क्षेत्रों जैसे आईटी सेवाओं, अन्य शिक्षा सेवाओं, ऑडियो-विजुअल सेवाओं आदि में हमारी सेवा निर्यात को प्रोत्साहित करेगा। ईएफटीए से दी जाने वाली सेवाओं में सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी (मोड 1) के माध्यम से बेहतर पहुंच, वाणिज्यिक उपस्थिति (मोड 3) और प्रमुख कर्मियों के प्रवेश और अस्थायी प्रवास के लिए बेहतर प्रतिबद्धताएं और निश्चितता (मोड 4) शामिल हैं।



# जीवन में नकारात्मक नहीं सोचना : न्यायाधीश







## कॅरियर एवं व्यक्तित्व विकास पर मोटिवेशनल टॉक कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित यही समय है, सही समय है, कक्षा 9 से 12 तक कॅरियर एवं व्यक्तित्व विकास पर मोटिवेशनल टॉक कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद तिवारी, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवल कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को पानी से आधी भरी हुई बॉटल का उदाहरण देते हुए कहा यह सत्य है कि यह आधी भरी है और यह भी सत्य है कि आधी खाली है, हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम सकारात्मक सोच लेकर चल रहे हैं या नकारात्मक सोच लेकर। उन्होंने कहा मैं एक व्यक्तित्व हूं मेरे अंदर कुछ अच्छाइयां और कुछ बुराइयां है, यदि आप मेरी बुराईयों को देखेंगे तो आप बुरी चीजों को आत्मसात कर रहे हैं और यदि आप मेरी सकारात्मक चीजों को देखेंगे तो आपको लगेगा कि इनमें गुण ज्यादा है, मुझे भी ऐसे गुण तैयार करने चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा इन बातों को गांठ बांधिये, ये बातें हमारे जीवन के प्रबंधन में बहुत काम आती है। जीवन में हमेशा अच्छे लोगों की संगत करना हैए अपने आप की तुलना कभी किसी से नहीं करनी है, आप अपने आप में संपूर्ण है। जीवन में नकारात्मक नहीं सोचना है, सकारात्मक सोचते हुए आगे बढ़ना है। सरकारी नौकरी पाना ही जीवन का एकमात्र उद्देश्य नहीं हैए यदि आपकी व्यक्तिगत इच्छा है, तो उसके लिए प्रयास कीजियेए यदि आपने लक्ष्य बनाकर रखा है तो आप सफल भी होंगे। बच्चों को इस भ्रांति में नहीं पढ़ना चाहिए कि सरकारी नौकरी ही सफलता की कुंजी है।

जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान में काफी वृद्धि हुई है, प्रतिर्स्पधा बहुत ज्यादा हो गया है जो क्लास के एग्जाम होते हैं, वह महत्वपूर्ण है, उन्हें नजर अंदाज नहीं किया जा सकता लेकिन सब कुछ वही नहीं है, सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कड़ा प्रतिर्स्पधा फेस करना पड़ता है। इसकी एक्जाम प्रोसेस अलग है, उनकी रिक्वायरमेंट अलग है। उन्होंने कहा अपने व्यक्तित्व का विकास करें, प्राइवेट सेक्टर हो, सरकारी सेक्टर हो चाहे आप कोई बिजनेस करते हैं आपका व्यक्तित्व महत्वपूर्ण है कि आप अपनी बात कैसे रखते हैं, कितने प्रभावशाली तरीके से निर्णय लेते हैं, सफलता बहुत कुछ इन बातों पर निर्भर करती है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हमारी टैगलाइन है यही समय है, सही समय है, इसके बाद समय आने वाला नहीं है। यदि यह समय निकल जायेगा तो वापिस फिर कभी नहीं आयेगा। जो बच्चे कक्षा 09 वीं में है, भविष्य में क्या करना है अभी से इसका लक्ष्य निर्धारित कर लें। आप इससे जितना विलंब करते जायेंगे, उतना अपने करियर में पीछे होते जायेंगे, फिर चीजों को ठीक करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। कक्षा 9 वीं में तीर कमान पर लग जाना चाहिए, सभी बच्चे अलर्ट हो जाये कि भविष्य में क्या करना है। जब बच्चे कक्षा 11 वीं में आते हैं, तो उन्हें प्रॉब्लम होती है कि कौन सा विषय लें, आपके पास बहुत कम च्वाईस होती है, खास करके छोटे जिलों में। उन्होंने कहा बहुत कम स्थानों पर ऐसा बचा है कि जहां पर 11 वीं का विषय आपके लिए आगे की भूमिका तय करता है, बाकी सभी जगह पर जो परीक्षाएं आगे होती है उसका 11 वीं के विषय चयन से कोई लेना देना नहीं है, जैसे यदि आपको आईएएस की परीक्षा देना है तो उसके लिए आप कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कक्षा 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों के लिए यह समय बहुत महत्वपूर्ण है, अभी निर्णय कर लें की भविष्य में किस क्षेत्र में जाना हैंए प्रयास करें कि उस डायरेक्शन में अपने आप को ले जाएं, जिसमें जब आप काम करना शुरू करें तो इतने तल्लीन हो जाए की आपको पता ही ना चले कि कितना समय हुआ है, कौन सा दिन है। मोबाइल और अन्य चीजों पर एक लगाम होनी चाहिए, अपना समय प्रोडक्टिव चीजों में लगे। उन्होंने कहा आप सभी पढ़ाई के उस स्तर पर है यहां पर ध्यान देने की जरूरत है, यदि आप लापरवाही करते हैं तो आने वाला बहुत समय आपका खराब हो जाएगा। यदि आप किसी एक क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे हैं, आप बायोटेक्नोलॉजी में या मेडिकल में जा रहे हैं या किसी और क्षेत्र में जा रहे हैंए उसमें आपको अपनी स्किल पर काम करना पड़ेगा, यदि आप स्पोर्टस में, म्यूजिक में, एक्टिंग में या किसी और फील्ड में जायेंगे तो उसमें भी आपको स्किल पर काम करना पड़ेगा, तभी आप इन क्षेत्रों मे सफल हो सकते है।

जेपीबी स्कूल की कक्षा 12 वीं की छात्रा श्रेया अहिरवाल ने बताया आज मानस भवन में कलेक्टर सर, न्यायाधीश सर और एसपी सर के द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमें मोटिवेशन की बातें बताई गई, प्रश्नों के उत्तर दिए गए। ऐसा प्रोग्राम दमोह में पहली बार हुआ है इसके लिए कलेक्टर सर का धन्यवाद करते हैं, ऐसे प्रोग्राम आगे भी होते रहे। जेपीबी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा प्रिया राजपूत ने कहा आज मानस भवन में जो कार्यक्रम आयोजित किया गया हैए उसमें बहुत सी मोटिवेशनल बातें बताई गईए जिससे हम सभी विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिला है। कलेक्टर सर ने हमारे प्रश्नों के बहुत अच्छे तरीके से उत्तर भी दिए है।शासकीय सरदार पटेल उमा विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कंचन नामदेव ने कहा मानस भवन में कलेक्टर सर ने हमें बताया कि शिक्षा के तौर पर कैसा कैलेंडर बनाना चाहिए, कैसे पढ़ाई करनी चाहिए, इसके साथ ही और भी जानकारियां दी। सरदार पटेल शासकीय उमा विद्यालय की कक्षा 12 वीं की छात्रा पूजा सेन ने कहा आज कलेक्टर सर, न्यायाधीश सर और एसपी सर ने हम सभी को बहुत अच्छा मोटिवेट किया। हमारे प्रश्नो के उत्तर भी उन्होंने दिए और भविष्य के संबंध में सब कुछ अच्छे से बताया। सरदार पटेल शासकीय उमा विद्यालय स्कूल की कक्षा 11 वीं की छात्रा हेमलता विश्वकर्मा ने बताया आज कलेक्टर सर और न्यायाधीश सर ने हमें 12जी के बाद आगे चलकर क्या करना चाहिए इसके संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



## मध्यप्रदेश के विभिन्न उत्पादों के प्रति उत्साह

**भोपाल।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली आम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मेले में लोगों को भारत और दुनिया भर के उत्पादों की प्रदर्शनी देखने को मिल रही है। पूर्व मंत्री इमरती देवी ने भी शनिवार को मध्यप्रदेश मण्डप का अवलोकन किया तथा एमएसएमई इकाईयों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पियों से मिलकर उनके उत्पादों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। देश के सबसे लोकप्रिय व्यापारिक आयोजनों में से एक भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कम्पनियों, प्रदर्शकों और पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। नए अविष्कारों, शिल्प और वस्तुओं के बारे में जानने के लिए लोग काफी उत्सुक है। मेले की इस वर्ष की थीम विकसित भारतञ्च 2047 है। मेले में विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों एवं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा भागीदारी की जा रही है। मध्यप्रदेश मण्डप में एमएसएमई इकाईयों, स्व-सहायता समूहों, स्टार्ट-अप एवं शिल्पियों द्वारा सक्रिय भागीदारी कर लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया जा रहा है। मध्यप्रदेश मण्डप में होलोग्राफिक इमेजेस से मध्यप्रदेश राज्य में एक जनवरी-2025 से प्रारम्भ होने वाले विकास के 4 मिशन को दर्शाया गया है, जिसे आम लोगों के साथ कारपोरेट जगत के लोगों द्वारा भी पंसद किया जा रहा है। मध्यप्रदेश मंडप में भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा भी उन्नत तकनीकी के उपयोग के सम्बंध में पूछताछ की गयी।

## झलकारी बाई दूध डेरी के शुभारंभ पर हुआ दुर्गा चालीसा पाठ



**हटा।** हटा के लोगों को एक और दूध डेरी का लाभ मिला है। शुक्रवार को 5 घंटे के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ धार्मिक आयोजन के बाद झलकारी बाई दूध डेरी जनता को समर्पित की गई। बटियागढ़ ब्लॉक के पैरवारा ग्राम की ब्योवृद्ध गौ सेविका प्रेम बाई के कर कमलों द्वारा दमोह नाका हटा में दूध डेरी का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। दूध डेरी के संचालक ध्रुव सिंह लोधी ने बताया कि हटा की इस आधुनिकतम डेरी में शुद्ध दूध के साथ दूध के अन्य उत्पाद पनीर, घी आदि भी उचित दामों में उपलब्ध रहेगी। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने दुर्गा चालीसा पाठ में शामिल होकर धर्मलाभ उठाया। महाआरती में हिस्सा लिया और फिर प्रसादी ग्रहण की।

## अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**दमोह।** जिला आबकारी अधिकारी दमोह के मार्गदर्शन में वृत्त अ प्रभारी अनुरोध सेन के द्वारा गत दिवस दमोह शहर के पास मारुतालए पॉलीटेक्निक कालेज के पास कुचबंदिया मोहल्ला में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 2050 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत् जप्त कर नष्ट किया। कुल 5 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। अवैध मदिरा की कुल कीमत लगभग 23 हजार रुपए है। साथ ही गश्त के दौरान दमोह जबलपुर बाईपास पर स्थित ढाबों की सघन तलाशी ली गई स इसी क्रम में आज कुचबंदिया मोहल्ले में दबिश देकर लगभग 25 लीटर कच्ची मदिरा एवं 2000 किलो महुआ लाहन जब्त कर 5 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदंबा पांडे, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह, महिला आबकारी आरक्षक गीतांजलि गुप्ता शामिल रहे।

## स्व. बिहारी लाल चतुर्वेदी की स्मृति में पलंग दान



**हटा।** नगर के प्रसिद्ध पशु चिकित्सक स्व. बिहारी लाल चतुर्वेदी के निधन पर उनके पुत्र राकेश, आलोक, एडवोकेट अमिताभ चतुर्वेदी एवं समस्त चतुर्वेदी परिवार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र हटा को एक वेंटिलेटर पलंग दान किया जिसे स्वास्थ केंद्र में बी एम ओ श्री उमाशंकर पटेल ने चिकित्सालय कर्मियों के साथ स्वीकार करते हुए चतुर्वेदी परिजनों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे सराहनीय कार्य निरूपित किया। इस दौरान डॉ विदेश शर्मा, डॉ आस्था दुबे के अलावा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला गौण खनिज प्रतिष्ठान मद से जिले के विद्यालयों में मरम्मत के कार्य पूर्ण कराये जायें : कलेक्टर

दमोह

जिला गौण खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में जिले के प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल/उमा विद्यालयों में मरम्मत के कार्य प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार समय सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान सुधीर कुमार कोचर द्वारा निर्देश जारी किए गये हैं। निर्देशों का संबंधित निर्माण एजेंसी कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेगी। कार्य की गुणवत्ता एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित शिकायत दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर की जा सकेगी। इस हेतु जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के सहायक यंत्री को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। गुणवत्ता संबंधी शिकायत की जॉच हेतु क्वालिटी मॉनीटर को भी सम्मिलित कर रिपोर्ट तैयार की जायेगी। शिकायत का निराकरण 3 दिवस में नोडल अधिकारी क्वालिटी मॉनीटर के साथ कराना सुनिश्चित करेगें। कलेक्टर ने कहा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति अनुसार शासकीय शाला भवन में मरम्मत/सुधार कार्य संबंधित जनपद पंचायत के सेक्टर उपयंत्री के मार्गदर्शन में स्वीकृत प्राक्कलन अनुसार निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को समय सीमा में कार्य पूर्ण करना होगा । मरम्मत कार्य का तकनीकी मूल्यांकन स्वीकृत प्राक्कलन अनुसार जनपद पंचायत के सेक्टर उपयंत्री एवं सत्यापन जनपद पंचायत के सहायक यंत्री द्वारा किया जायेगा। समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने पर लगने वाली अधिक राशि निर्माण एजेंसी स्वयं वहन करेगी । मेजर मरम्मत निर्माण कार्य स्वीकृत तकनीकी प्राक्कलन अनुसार ही किया जायेगा एवं निर्माण में किसी भी प्रकार का परिवर्तन सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही कराया जायेगा ।कलेक्टर कोचर ने निर्देशित किया है कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता के लिये संबंधित निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव एवं संबंधित उपयंत्री एवं सहायक यंत्री उत्तरदायी होगें। मरम्मत कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होने के उपरांत आगामी 3 वर्ष तक मरम्मत कार्य सुदृढ रहेगा इसके लिये निर्माण एजेंसी जबावदार रहेगी और यदि भवन मरम्मत में 3 वर्ष की अवधि में कोई क्षति पहुंचती है तो उसका सुधार कार्य निर्माण एजेंसी को स्वयं कराना होगाए जिसके लिये प्रथक से कोई राशि प्रदाय नहीं की जायेगी एवं संबंधित निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव तथा उपयंत्री/सहायक यंत्री के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। मरम्मत कार्य में सीमेंट क्राकीट/आरआरसी का कार्य उपयंत्री/सहायक यंत्री की उपस्थिति में ही गुणवत्ता युक्त किया जायेगा। भंडार क्रय नियमों का पालन करते हुए गुणवत्ता युक्त सामग्री का कय किया जायें। मरम्मत कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री गुणवत्ता का परीक्षण ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की प्रयोग शाला से कराना अनिवार्य होगा एवं उसकी रिपोर्ट निर्माण एजेंसी को अपने पास रखनी होगी एवं एक प्रति जिला गौण खनिज शाखा जिला पंचायत दमोह को देना होगी एवं इसका प्रमाणीकरण संबंधित उपयंत्री द्वारा किया जायेगा।

## सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 29 को

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 29 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा ने समस्त संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने के लिये आग्रह किया है।

## जल जीवन मिशन द्वारा समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**जबेरा।** जल जीवन मिशन द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन जबेरा जनपद सभागार में किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाले जबेरा जनपद के चिह्नित 154 में से 115 ग्रामों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है। जिन ग्रामों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है उन ग्रामों से जलकर एकत्रीकरण के लिए राज्य शासन के आदेशानुसार कार्य किया जाना है। इसी तारतम्य में उन सभी ग्रामों के सचिवों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें जलकर राशि एकत्रीकरण के लिए जनपद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जनपद सीईओ डॉ. पटैल ने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी को समय सीमा में पूर्ण कर लगन के साथ किया जाए।साथ ही जलकर की राशि एवं पुनर्गठित समितियों के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। समिति गठन के बाद अवगत कराने के लिए कहा गया है। ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को जलकर एवं अंशदान की राशि संबंधित मुद्दों पर निर्देश दिए गए। बैठक में जल निगम से प्रबंधक डॉ. मनोज राज, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह परस्ते, रानू नामदेव सहित सभी ग्राम पंचायतों सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल : कुशवाह

### उद्यानकी मंत्री कुशवाह नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले में हुए शामिल



**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शनिवार को नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली इकाइयों को केंद्र के साथ राज्य सरकार भी विशेष अनुदान मुहैया कराती है। मंत्री श्री कुशवाह ने कृषि मेले में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और मेले के आयोजन को कृषकों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि एग्रोविजन मेले में स्टार्टअप्स एवं नवीन तकनीकियों, उन्नत खाद्य एवं बीज, कृषि उपकरणों के प्रदर्शन के साथ किसान भाईयों और उद्यमियों को नवीन इकाइयों की स्थापना के लिये शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि इस तरह के मेले देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित किया जाना चाहिए।

**मध्यप्रदेश में उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं:**-मंत्री श्री कुशवाह ने राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुई विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर, उन्हें मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया। श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं हैं। वर्ष 2023-24 में 4.30 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों की बोनी की गई, इसमें 96 लाख 11 हजार मीट्रिक टन से अधिक उद्यानिकी फसलों का उत्पादन हुआ है, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश में संतरा, टमाटर, धनिया, लहसुन और मसाला फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। राज्य सरकार खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहित कर रही है, मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 5 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है इस कारण भारत सरकार द्वारा प्रदेश में इस योजना की अवधि एक वर्ष और बढ़ा दी गई है अब यह योजना प्रदेश में मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। योजना में खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली निजी इकाइयों को 35त्न या अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाता है इस अवसर पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण अनुपम राजन, आयुक्त हथकरघा एवं प्रबंध संचालक संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम मदन बिभीषण नागरगोजे सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रियंका गांधी की एतिहासिक जीत पर जताई खुशी

**दमोह।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की केरल के वायनाड से एतिहासिक जीत पर कांग्रेसजनो ने जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें जीत की बधाई प्रेषित की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि महाराष्ट्र में सरकारी मशीनों का दुरूपयोग एवं महिलाओ को तरह तरह के लालच देकर सरकार बनाली वहीं झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ऐसा कुछ नहीं कर पाई झारखंड सरकार के सराहनीय कार्यो को देखते हुए वहां पुनः कांग्रेस गठबंधन सरकार बन गई। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि विजयपुर उपचुनाव भाजपा द्वारा लुटने का पूरा पूरा प्रयास किया गया किंतु प्रदेश के वन मंत्री एवं दमोह प्रभारी मंत्री को वहां की जनता ने घुल चटा दी। वहीं बुधनी जो पूर्व सीएम का गढ़ था और वह लाखों वोटों से जीते थे हम मामूली अंतर से हारे कहना न होगा कि वहां भी हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा मतलब चुनावी परिणाम संतोष जनक है।

## मध्यप्रदेश में बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिये दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना सशक्त करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। योजना से प्रदेश में करीब एक लाख 50 हजार बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार योजना में 15 हजार 245 शासकीय विद्यालयों की 80 हजार 466 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया। इसी के साथ प्रदेश में संचालित 207 कस्तूरबा गांधी विद्यालय और 324 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास में अध्ययनरत 70 हजार 450 बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 की बालिकाओं के विद्यालयों के लिये प्रशिक्षण राशि भी जारी की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने दृष्टि बाधित बच्चों की सुविधा को देखते हुए उनके पाठ्यक्रम की समस्त पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध करवाई हैं। ब्रेल लिपि पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण शासकीय ब्रेल प्रेस भोपाल से कराया गया है। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से कराया गया। पिछले वर्ष 30 जिलों के विकासखंडों पर आयोजित शिविर में 6 हजार 560 दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें उनकी आवश्यकता के उपकरण वितरित किये गये। इसी के साथ दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को भी गृह आधारित शिक्षा एवं बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर फेस-टू-फेस प्रशिक्षण जिला स्तर पर प्रदान किया गया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं प्रीति लता पटेल पिता श्री गुलाब चंद पटेल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी- 475 गढ़ा रोड अग्रवाल कॉलोनी, डॉक्टर रोमा चटरर्जी के सामने, कमला नेहरू वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. का आज दिनांक को निम्न लिखित कथन पूर्वक करती हूं कि मैं अपना नाम अपने समस्त दस्तावेजों में प्रीति लता पटेल कराना चाहती हूं एवं जहां प्रीतिलता पटेल लिखा है, उसके स्थान पर प्रीति लता पटेल कराना चाहती हूं तथा मेरा वास्तविक नाम प्रीति लता पटेल एवं पिता का नाम गुलाब चंद पटेल है और इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जावे, इस वास्ते मैं अपने नाम परिवर्तन की सूचना का प्रकाशन करा रही हूं।**

**प्रार्थी**
**प्रीति लता पटेल**
**मो. 8435853857**

# पीजी काउंसिलिंग के पहले राउंड के परिणाम घोषित करने पर रोक

## डीएमई और अन्य से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 28 को

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने एमडी-एमएस कोर्स में दाखिले के लिए नीट-पीजी काउंसिलिंग के पहले राउंड के रिजल्ट घोषित करने पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। दरअसल रीवा निवासी डॉ. अभिषेक शुक्ला व अन्य जिलों के डॉक्टरों की ओर से मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। शुक्रवार को इस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने डायरेक्टर मेडिकल कॉलेज को 24 नवंबर रात 12 बजे तक पहले राउंड की काउंसिलिंग जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मप्र हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन को यह भी कहा है कि जब तक पहले राउंड की काउंसिलिंग ना हो जाए तब तक उसका रिजल्ट घोषित नहीं किया जाएगा। हाई कोर्ट ने डीएमई एवं अन्य को नोटिस जारी करते हुए पूरे मामले में जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। अब मेडिकल पीजी काउंसिलिंग के मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी।



### इसलिए लगाई गई थी याचिका

मप्र हाईकोर्ट में डॉ. अभिषेक शुक्ला व अन्य जिलों के डॉक्टरों ने याचिका दायर करते हुए कहा कि पीजी कोर्स में दाखिले के लिए नीट ने मेरिट लिस्ट तैयार की थी, यह सूची नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाते हुए जारी की गई है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आदित्य संघी ने मप्र हाईकोर्ट को दलील दी कि राज्य शासन ने मेरिट लिस्ट तैयार करने में दूसरी बार नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को अपनाया, इस कारण नीट की मेरिट लिस्ट में अच्छी रैंकिंग होने के बावजूद भी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में याचिकाकर्ताओं का नाम नीचे हो गया है।

# अवमानना मामले में खत्म की कार्रवाई

## मप्र के वकीलों को राहत, हड़ताल से जुड़ा मामला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला अदालत में 25 पुराने प्रकरणों के निराकरण की अनिवार्यता के विरोध में मार्च 2023 में स्टेट बार काउंसिल ऑफ़ मप्र के आह्वान पर जबलपुर सहित समूचे प्रदेश के वकील हड़ताल पर चले गए थे। जिसके चलते काफी दिनों तक सुनवाई टली रही, इस मामले पर मप्र हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर कर सुनवाई शुरू की। प्रारंभिक सुनवाई के दौरान वकीलों को तुरंत काम पर वापस लौटने के निर्देश दिए गए, इसके साथ ही वकीलों पर अवमानना की कार्यवाही भी की गई। मामले पर मप्र हाई कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें स्टेट बार की ओर से हलफनामा पेश कर स्टेट बार के पदाधिकारी और सभी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी के खिलाफ शुरू की गई थी। अवमानना की कार्रवाई वापस लेने का मप्र हाई कोर्ट से अनुरोध भी किया गया। अधिवक्ता संघ की ओर से संजय वर्मा और अवमाननाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, उदयन तिवारी, राकेश द्विवेदी ने मामले पर मप्र हाईकोर्ट में पैरवी की।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के सभी वकीलों को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ चल रहे और अवमानना की कार्यवाही को समाप्त कर दिया हैं। स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राधे लाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने मार्च 2023 में हुई हड़ताल की जिम्मेदारी ली और मप्र हाई कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। मप्र हाई कोर्ट ने माफी स्वीकार करते हुए स्टेट बार काउंसिल अधिवक्ता संघ और वकीलों को अवमानना से बरी कर दिया हैं। यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था लेकिन स्टेट बार ने वहां से याचिका वापस ले ली थी।

# लॉ स्टूडेंट्स ने जानीं मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता की बारीकियां

## हितकारिणी लॉ कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जब किसी राजस्व प्राधिकारियों के आदेशों, निर्णय या कोई कार्यवाही से भू स्वामी कोठी क प्रकार से इंसाफ नहीं मिल पाता है तो ज्यादातर लोग भूमि संबंधित मामलों को सिविल न्यायालय में लेकर चले जाते हैं। लेकिन इन मामलों की अपील पुनः निरीक्षण, पुनः अवलोकन के लिए मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा तीन में राजस्व मंडल का गठन किया गया है। मंडल में एक अध्यक्ष एवं दो या दो से अधिक सदस्य होंगे। राजस्व मंडल को ही तथ्य का अंतिम न्यायालय माना है। उक्त बातें हितकारिणी विधि महाविद्यालय में मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 विषय पर आयोजित कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता द्वय सेवानिवृत राजस्व अधिकारी राकेश खंपरिया और उपायुक्त नगर निगम मनोज श्रीवास्तव ने कही। वक्ताद्वय ने भू राजस्व संहिता के विभिन्न धाराओं को विविध उदाहरणों के माध्यम से भावी विधि अधिकारियों को समझाया। स्टुडेंट्स ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान भी किया। इस दौरान विद्यापरिषद के सचिव एड जयेश राठौर, प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह, शैलजा गुप्ता, मोनिका सिंह, अभिषेक नेमा, यामिनी मिश्रा, जॉली जैन, स्वाति यादव, राजेश सेन, प्रशांत वर्मा, नवीन जैन सहित स्टुडेंट्स और स्टाफ उपस्थित रहा।



## विवेक बैनर्जी को पीएचडी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा विवेक बैनर्जी को पीएचडी प्रदान की गयी है। आपने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के अंतर्गत टेलीकॉम एवं स्पेक्ट्रम के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग विषय पर शोध कार्य एमपीयू के डायरेक्टर डॉ राजेश कुमार राय के निर्देशन में पूर्ण किया है। आप हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में अस्टिटेंट प्रोफेसर हैं।

# हितकारिणी डेंटल टीम ने मॉडल स्कूल में लगाया कैम्प, विद्यार्थियों के जांचे दांत




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने शुक्रवार को पंडित लज्जा शंकर झा गवर्नमेंट मॉडल हॉयर स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 420 से अधिक संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतो की उचित देखभाल, सही खान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को उनके भविष्य एवं करियर से संबंधित उचित मार्गदर्शन भी दिया गया जिससे उन्हें सही विषय के चुनाव में सहायता मिले। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ.रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर विद्यालय की प्राचार्य मुकेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.निहारिका बेंजामिन, डॉ.अविनाश बोस, डॉ.नेहा राय एवं इंटर्न नैन्सी, दिशा, आकांक्षा सहित अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

## रूपए न देने पर चम्मू ने मारा चाकू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढ़ा थाने में 18 वर्षीय सुमित यादव निवासी बरसाना मोहल्ला गुलाटी पेट्रोल पंप के पीछे गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। 22 नवंबर की शाम वह अपने काम से घर बरसाना मोहल्ला आ रहा था। शिवम बैरागी के घर के पास पहुंचा वहां पर ओमप्रकाश नागेश उर्फ चम्मू मिला जो उससे शराब पीने के लिए 200 रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गाली देने से मना किया तो ओमप्रकाश नागेश उर्फ चम्मू ने चाकू से हमला कर बायें पसली में चोट पहुंचा दी। वहीं शिवम बैरागी और बहन विजेता यादव बचाने आए तो ओमप्रकाश नागेश जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

# आरडीएसएस के कार्य वक्त पर पूर्ण हों

## अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मंडलोई ने की कंपनियों की समीक्षा




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष नीरज मंडलोई ने शुक्रवार को जबलपुर प्रवास के दौरान एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, पावर जनरेटिंग कंपनी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। श्री मंडलोई ने बैठक में विद्युत की मांग व आपूर्ति की स्थिति, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस-संशोधित वितरण क्षेत्र योजना) में क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों, ताप विद्युत उत्पादन और अति उच्चदाब सब स्टेशन व पारेषण लाइनों के लोड की जानकारी ले कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पूर्व क्षेत्र कंपनी की सीजीएम नीता राठौर, पावर मैनेजमेंट कंपनी के सीजीएम राजीव गुप्ता, पावर जनरेटिंग कंपनी के सीजीएम दीपक कश्यप सहित विद्युत कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

**बिजली की मांग व आपूर्ति की समीक्षा**- अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने बैठक में प्रदेश में विद्युत की मांग व आपूर्ति स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अगले पांच वर्षों में स्थापित होने वाले विद्युत परियोजनाओं और विद्युत उपलब्धता पर विश्लेषणात्मक प्रस्तुतिकरण देख कर इस विषय पर गहन चर्चा की। मंडलोई ने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत निर्धारित समय में स्मार्ट मीटरों व केपेसिटर बैंक की स्थापना और वितरण हानियों को कम करने का कार्य त्वरित गति से किया जाए।

# ट्रेन में यात्री को आया अटैक, टीटीई ने बचाई जान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चलती ट्रेन में एक यात्री को हार्ट अटैक आने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन में बैठे टिकिट चैकर ने पहुंचकर यात्री को सीपीआर देते हुए उसकी जान बचाई। दरअसल गाड़ी संख्या 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक यात्री को हार्ट अटैक आ गया। जिससे वह बेहोशी की अवस्था में चला गया। सूचना मिलने पर गाड़ी में टिकट जांच कर रहे मुख्य टिकट निरीक्षक राजीव कुमार एवं मनमोहन कुमार पहुंचे। जिन्होंने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया अपनाते हुए यात्री को होश में लाया। इसके बाद छपरा स्वास्थ्य यूनिट के डॉक्टर को तुरंत अटेन्ड करने की सूचना भी दी गई। अमृपाली एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर पहुंचते ही हेल्थ यूनिट छपरा के डॉक्टर ने अटेन्ड किया। उक्त दोनों उप चल टिकट निरीक्षकों को कर्मयोगी प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया का कार्यसाधक ज्ञान था इसलिए वे यात्री का जीवन बचा सके।

# सोशल मीडिया फ्रेंड ने किया दुष्कर्म

## शादी का भरोसा दिलाया, लव जेहाद टर्न, तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर की एक युवती से प्रयागराज में रहने वाले सोशल मीडिया फ्रेंड ने भोपाल के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने युवती को जल्द शादी करने का भरोसा दिलाया था। अब आरोपी ने शादी करने की बात से साफ इनकार कर दिया है। तब पीड़िता ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई । इस मामले में भोपाल के ऐशबाग थाने के एसआई गया प्रसाद ने बताया कि जबलपुर पुलिस की ओर से एक जीरो पर कायम की गई एफआईआर की डायरी आई थी। जिसके आधार पर अजीम सलीम नाम युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह जबलपुर जिले की रहने वाली है। इसी साल फरवरी के महीने में सोशल मीडिया के जरिए उसकी दोस्ती प्रयागराज निवासी अजीम सलीम नाम के युवक से हुई थी।



### घुमाने के बहाने ले गया था भोपाल

उनके बीच जब प्रेम-प्रसंग हो गया तो दोनों के घरों में भी शादी की बातचीत चलने लगी। इसी दौरान अजीम युवती से मिलने जबलपुर आया। उसे घुमाने के बहाने भोपाल ले आया। यहां पर पुष्पा नगर स्थित एक होटल में रुका। जल्द ही शादी कर लेने का वादा करते हुए उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। बाद में वह कई बार युवती से मिलने आया, अलग-अलग स्थानों पर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों जब उसने शादी करने से मना कर दिया तो युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंत्री लखन पटेल आज शहर में

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यव मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल का कल रात 8 बजे नागपुर से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। श्री पटेल यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद सोमवार सुबह 8 बजे दमोह जिले के नोहटा के लिए प्रस्थान् करेंगे। राज्यद मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री पटेल रविवार को ही दोपहर 1 बजे नोहटा से वापस जबलपुर आयेंगे तथा यहां दोहपर 2 बजे नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय का निरीक्षण कर बैठक लेंगे। श्री पटेल दोपहर 3 बजे पशु चिकित्सा विज्ञान विवि. के सभाकक्ष में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे तथा शाम 6 बजे मध्यप्रदेश राज्य व पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया के सुपुत्र के होटल शॉन एलिजे में आयोजित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात 8.30 बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

# निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

## अपर कलेक्टर मिशा सिंह ने समीक्षा में दिये सख्त निर्देश



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों की अपर कलेक्टर मिशा सिंह ने विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी से कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। बैठक में पीएचई, खाद, नगर निगम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, अन्य पिछड़ा वर्ग आदि विभागों की समीक्षा कर कहा कि जो शिकायत सही नहीं है या कोई आवेदक अपात्र है ऐसे प्रकरणों को स्पेशल क्लोज करने का प्रस्ताव दें। सड़क सुधार से संबंधित प्रकरणों पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें, ताकि आमजन को परेशानी न हो। 100 दिन से अधिक के प्रकरणों पर विशेष रूप से समीक्षा कर लंबित होने के कारण की जानकारी ली तथा उनके निदान के उपाय बताये। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति किसी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है और उनके नाम गलत तरीके से यदि हटाया गया है तो संबंधित पर कार्यवाही करें। यदि कार्यवाही नहीं करते हैं तो यह मान लिया जायेगा कि अधिकारी की इसमें मौन सहमति है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## वीयू: स्पॉट काउन्सिलिग 29 को

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के 4 वर्षीय स्नातक कोर्स हेतु नीट परीक्षा परिणाम के मेरिट के आधार पर शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश 29 नवंबर को सुबह 11 बजे से मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में स्पॉट काउंसलिंग (आफ लाइन) के माध्यम से होगा। इच्छुक अभ्यर्थी हेतु आफ लाइन काउंसलिंग प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# हनुवंतिया जैसा दिखेगा वॉटर स्पोर्ट्स का नजारा

## रोजगार की संभावनाएं, पर्यटन बोर्ड के अप्रूवल की देरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हनुमंतिया की तर्ज पर शहर के बरगी बांध के किनारे सात वर्ष बाद पर्यटक फिर से साहसिक खेलों का रोमांच का मजा उठा सकते हैं। इंतजार है तो बस मप्र पर्यटन बोर्ड की हरी झंडी का। दरअसल मप्र पर्यटन बोर्ड के पास प्रदेश स्तर से साहसिक खेलों के आयोजन के प्रस्ताव पहुंच रहे हैं जिसमें शहर का भी शामिल है। कहा जा रहा है कि यदि यहां पुनः साहसिक खेल आयोजित होते हैं तो बरगी सहित आस-पास के ग्रामीणों को 2 माह तक रोजगार भी मिल सकेगा। बरगी बांध के किनारे ग्राम खमरिया के समीप जबलपुर टूरिज्म प्रमोशन काउंसलिंग लिमिटेड द्वारा वर्ष 2010 से लेकर 2017 तक यानि हर वर्ष साहसिक खेलों का आयोजन कराया गया था। 7 साल पहले झील महोत्सव के नाम से वाटर स्पोर्ट्स और साहसिक खेलों की शुरुआत हुई थी। जिसमें जेट स्काई, वाटर स्पोर्टस सहित साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया था झील महोत्सव के दौरान गुजरात की एडवेंचर कंपनी को ठेका मिला था। न सिर्फ जबलपुर, महाकोशल अंचल बल्कि विदेश से भी सैलानी पहुंचे थे।



### बनाए जाते हैं अस्थाई टेंट, होटल

साहसिक खेलों के दौरान बरगी बांध के समीप खाली जगहों पर अस्थाई कपड़े के टेंट से तैयार किए जाते हैं। पूर्व में भी करीब दो दर्जन काटेज बनाए गए थे। यहां पर्यटक बांध के किनारे सर्द रात काटेज में गुजारा करते थे। जिसका अनुभव रोमांचित होता था। वहीं बनाना राइट,वाटर सर्फिंग भी करते थे। अधिकांश लोग तो सिर्फ इन खेलों को देखने पहुंचते हैं।




हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**